

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran



12 समाप्त हो जायेगा युद्ध, बेंजामिन नेतन्याहू ने किया बड़ा ऐलान

एक तुफान ने बुरी तरह हिला दी अमेरिका की इकॉनोमी 10

वर्ष : 12 | अंक : 186 | नई दिल्ली, शनिवार, 19 अक्टूबर, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

# जब कांग्रेस खतरे में आती है तो संविधान खतरे में होने का शोर मचाती है: पीएम मोदी

## चंडीगढ़ में एनडीए के मुख्यमंत्रियों की बैठक में पीएम ने कांग्रेस को घेरा

प्रातः किरण संवाददाता

नई दिल्ली,(ईएमएस)। कांग्रेस जनता को गुमराह करती है। उनकी सोच बांटो और राज करो की रही है। जब कांग्रेस खतरे में आती है तो वो संविधान खतरे में होने का शोर मचाती है। यह बात चंडीगढ़ में एनडीए के मुख्यमंत्रियों की बैठक में पीएम नरेंद्र मोदी ने कही। परिवारवाद के मुद्दे पर भी पीएम ने कांग्रेस को घेरा। उन्होंने कहा कि वहां एक घराना पार्टी तंत्र चलाना है।

पीएम मोदी ने मुख्यमंत्रियों से कहा कि हमने संविधान निमार्ताओं की सोच को आगे रखा। संविधान की रक्षा का संकल्प जनता तक पहुंचाएंगे। भारत का संविधान सुरक्षित है। संविधान के खतरे में होने की बात कहने वाले खुद खतरे में रहते हैं। कांग्रेस पर हमला बोलते हुए पीएम मोदी ने कहा कि इनकी आदत फूट डालो और राज करो की है। पीएम मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि आपातकाल लगाकर और राजीव गांधी शाहबानो मामले में संविधान को कुचलने का काम किया। पीएम मोदी ने धारा 370 समेत कई मुद्दों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि पब्लिक सब देख रही है। कांग्रेस के बहकावे में, उनके फूट डालो-राज करो वाली नीति पर ध्यान देने की जरूरत नहीं है। हरियाणा चुनाव



को लेकर मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने इस चुनाव में गुमराह करने की कोशिश की लेकिन बीजेपी का लोगों ने समर्थन किया। हरियाणा में बीजेपी की लगातार तीसरी बार शानदार जीत से पार्टी पूरे जोश में है। अब उनकी निगाहें महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव पर है। यही वजह है कि बीजेपी ने आगामी चुनावों के मद्देनजर कांग्रेस को घेरने के लिए खास रणनीति तैयार की है। बीजेपी नेतृत्व ने तय किया है कि वो आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ मनाएगी, कैसे कांग्रेस ने संविधान की धज्जियां उड़ाई उसे लोगों के बीच लेकर जाएंगे।

बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बताया कि चंडीगढ़ में एनडीए के मुख्यमंत्रियों और उप-मुख्यमंत्रियों की बैठक हुई। इस बैठक में पीएम मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि शासन के माध्यम से लोगों की समस्याओं का समाधान होना चाहिए। इस पर ध्यान केंद्रित कर हम इसको आगे बढ़ाएं।

# राहुल गांधी ने वाल्मिकी मंदिर में की पूजा अर्चना

## महाराष्ट्र और झारखंड चुनाव में दलितों को साधने पार्टियों ने बदली रणनीति

प्रातः किरण संवाददाता



नई दिल्ली। महर्षि वाल्मिकी जयंती पर कांग्रेस सांसद एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने दिल्ली स्थित वाल्मिकी मंदिर में पूजा-अर्चना की। इसे राजनीतिक नजरिये से देखने वाले कह रहे हैं कि राहुल ऐसा करके आदिवासी वोटरों को लुभाने का प्रयास कर रहे हैं।

महाराष्ट्र और झारखंड में चुनावी बिगुल बज चुका है। सभी राजनीतिक पार्टियां चुनाव प्रचार की तैयारी में जुट गई हैं। सभी पार्टियां दलित वोटों को साधना चाहती हैं। महर्षि वाल्मिकी जयंती पर सभी पार्टियां एक तरह से दलितों की सच्ची हितैषी होने का संदेश देने में लगी हैं। इसी बीच बीजेपी ने अपनी रणनीति के तहत हरियाणा में नायब सिंह सैनी का शपथ ग्रहण समारोह वाल्मिकी जयंती के दिन रखा है। शपथ से पहले सैनी ने पंचकूला में वाल्मिकी मंदिर में पहुंचकर पूजा अर्चना की। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद राहुल गांधी ने दिल्ली में वाल्मिकी मंदिर पहुंच कर पूजा-अर्चना की है। हरियाणा में दलित वोटरों के छिटकने से और हार से सबक लेते हुए कांग्रेस अब महाराष्ट्र और झारखंड में उन्हें लुभाने में जुट गई है। राहुल गांधी ने वाल्मिकी मंदिर में पूजा करके दलित वोटरों को संदेश देने की कोशिश की है। दोनों ही राज्यों में दलित वोट काफी अहमियत रखते हैं। ये अगर किसी पार्टी या गठबंधन के पक्ष में झुके तो हार-जीत तय करने में निर्णायक साबित हो सकते हैं।

महाराष्ट्र में दलित समुदाय की आबादी करीब 14 फीसेदी है। इनमें आधे से ज्यादा महार हैं और बाकी में मातंग, भांबी और दूसरी जातियां हैं। इसके अलावा 8 फीसदी से ज्यादा एसटी समुदाय है। इसी तरह झारखंड में भी दलित और आदिवासी वोट अहम हैं। झारखंड में अनुसूचित जाति की आबादी करीब 12 फीसदी है जबकि आदिवासी समुदाय की आबादी 26 फीसदी है।हरियाणा में कांग्रेस की हार की बड़ी वजह दलित वोटों का छिटकना था। चुनाव के बाद सीएसडीएस-लोकनीति की तरफ से किए गए एक सर्वे की माने तो कांग्रेस को हरियाणा में जाटव वोटों का साथ तो मिला लेकिन गैर-जाटव दलित उससे दूर हो गए।

# भारत का मानवाधिकार रिकार्ड बेजोड़ कई देशों से काफी आगे: धनखड़



प्रातः किरण संवाददाता

नयी दिल्ली । उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि भारत का मानवाधिकार रिकॉर्ड बेजोड़ है और विशेष रूप से अल्पसंख्यकों, हाशिए पर रहने वालों तथा समाज के कमजोर वर्गों के मानवाधिकारों के संरक्षण में वह अन्य देशों से काफी आगे है। श्री धनखड़ ने शुक्रवार को यहां राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के 31वें स्थापना दिवस पर वृद्ध व्यक्तियों के अधिकारों पर एक समारोह और राष्ट्रीय सम्मेलन को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए यह बात कही। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की स्थापना 12 अक्टूबर 1993 को की गई थी। उन्होंने कहा कि अलग-अलग घटनाएं भारत और उसके मानवाधिकार रिकॉर्ड को परिभाषित नहीं कर सकतीं। उन्होंने दूसरों पर सत्ता जमाने के लिए विदेश नीति के एक उपकरण के रूप में मानवाधिकारों में हेरफेर करने की कुछ संस्थाओं की प्रवृत्ति की आलोचना की। उपराष्ट्रपति ने दुनिया के अन्य हिस्सों में मानवाधिकारों के उल्लंघन पर वैश्विक चुप्पी पर चिंता व्यक्त करते हुए मानवाधिकारों के सभ्यतागत संरक्षक के रूप में भारत की असाधारण भूमिका पर प्रकाश डाला।

# सभी के लिए अवसर पैदा करने की भी चुनौती है: सीतारमण

प्रातः किरण संवाददाता

मैक्सिको सिटी । केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के लिए, चुनौतियाँ केवल विकास के आसपास ही नहीं हैं, बल्कि अंतर को पाटना और सभी के लिए अवसर पैदा करना भी है, और इसके लिए जिम्मेदार पूंजीवाद की जरूरत है।

श्रीमती सीतारमण ने आज ग्वाडलजारा के चैंबर ऑफ कॉमर्स में टेक लीडर्स राउंडटेबल की अध्यक्षता की, जिसमें ह्यभारत और मैक्सिको के बीच तकनीकी सहयोग को मजबूत करनाह्न पर चर्चा की गई।

उन्होंने समान स्थिति वाली अर्थव्यवस्थाओं के लिए अवसर और जिम्मेदारियों के बारे में बात की और बताया कि कैसे भारत मैक्सिको एक दूसरे के साथ लाभ उठा सकते हैं और सहयोग कर सकते हैं।



वित्त मंत्री ने कहा कि मैक्सिको निकटवर्ती क्षेत्र के माध्यम से फल-फूल रहा है, जिसके परिणामस्वरूप बहुराष्ट्रीय कंपनियों के बीच सहयोग हुआ है और प्रतिभाओं के आदान-प्रदान के साथ-साथ जोखिम न्यूनीकरण के लिए संयुक्त प्रयास संभव हुए हैं।वित्त मंत्री ने 2047 में विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में काम करते हुए भारत में हो रहे तेजी से बदलाव पर प्रकाश डाला।

भारत मैक्सिको के बीच विकास और सहयोग के नए क्षेत्रों का हवाला देते हुए श्रीमती सीतारमण ने उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना के संबंध में की गई प्रमुख बजट घोषणा का उल्लेख किया और स्वास्थ्य और स्वास्थ्य सेवा, कृषि और टिकाऊ शहरों में ए आई के क्षेत्रों में काम करने के लिए भारत में हाल ही में पहचाने गए और घोषित उत्कृष्टता केंद्र के बारे में जानकारी साझा की। वित्त मंत्री ने उल्लेख किया कि ये सभी ऐसे क्षेत्र हैं जो मैक्सिको के लिए भी प्रासंगिक हैं।

# जहरीली शराब से मरने वालों की संख्या 37 से हुई पार, 12 की हालत नाजुक

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। सारण और सिवान जिले में जहरीली शराब पीकर मरने वालों की संख्या 37 से अधिक हो गई है। इसके अलावा 12 लोगों की हालत नाजुक बताई जा रही है। सिवान जिले में सबसे अधिक मौत भगवानपुर प्रखंड के माघर गांव तथा उसके आसपास के गांवों में हुई है। ग्रामीणों का कहना था कि प्रशासन के लापरवाही के कारण माफिया शराब की बिक्री कर रहे है। जिससे आज इतने बड़े पैमाने पर लोगों की मौत हुई है।

माघर पंचायत के मुखिया मनमोहन मिश्रा ने बताया कि 16 अक्टूबर की सुबह उन्हें सूचना मिली कि गांव के मोहन महतो को आंखों से दिखाई नहीं दे रहा है।

सूचना मिलने पर वे मोहन महतो के घर पहुंचे और पूछे कि उसने शराब तो नहीं पी है। इस पर परिजनों ने बताया कि हां शराब पी है। इसके बाद उसे अस्पताल भिजवाया। थोड़ी देर के बाद एक और युवक की तबीयत बिगड़ने की सूचना मिली, उसे भी अस्पताल भिजवाया गया। इसके बाद लगातार लोग बीमार होते गए और अस्पताल जाने लगे। इसके बाद से गांव में हाहाकार मच गया। माघर पंचायत में जहरीली शराब पीने से मरने वालों में मुन्ना मियां, दारा मांझी, संतोष कुमार, मोहन साह, प्रभुनाथ राम, रामू , बुआई साह तथा विनय महतो शामिल हैं। वहीं अस्पताल में भर्ती लोगों में शैलेश शाह, दिनेश राम, मनोज महतो, जयशंकर शर्मा, सुनरदेव राय, भोला शर्म, मकबूल हाशमी, सुनील नट तथा शैलेश यादव शामिल हैं। सभी मृतक दैनिक मजदूरी करने वाले हैं।

# भारत ने पापुआ न्यू गिनी को 12 हेमो-डायलिसिस मशीनें दीं

प्रातः किरण संवाददाता

नयी दिल्ली ।भारत ने प्रशांत महासागर के द्वीप समूह में स्थित पापुआ न्यू गिनी को पोर्टेबल आरओ इकाइयों के साथ 12 हेमो-डायलिसिस मशीनें प्रदान की हैं।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर अपनी एक पोस्ट में लिखा है कि भारत प्रशांत द्वीपीय परिवार के साथ खड़ा है। तृतीय फिपिक शिखर सम्मेलन में की गई भारत की प्रतिबद्धता को पूरा करते हुए, पोर्टेबल आरओ इकाइयों के साथ 12 हेमो-डायलिसिस मशीनों की पहली खेप गुजरात के पिपावाव बंदरगाह से पापुआ न्यू गिनी की राजधानी पोर्ट मोरेस्बी के लिए रवाना हुई।श्री जायसवाल ने कहा कि भारत की यह सहायता पापुआ न्यू गिनी की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को मजबूत करने में मदद करेगी।

# भूस्खलन की भविष्यवाणी करेगा ये एप आईआईटी दिल्ली के प्रोफेसर ने किया तैयार

प्रातः किरण संवाददाता

नई दिल्ली। आईआईटी दिल्ली ने लैंडस्लाइड यानी भूस्खलन की भविष्यवाणी और मैपिंग के लिए वेब एप तैयार किया है। इससे किसी भी इलाके की लैंडस्लाइड हिस्ट्री 3 से 5 मिनट में तैयार होती है। आईआईटी दिल्ली के प्रोफेसर मानाबेंद्र सहारिया ने तैयार किया है। इस एप का नाम है कासकेड दिया है।

यह एप लैंडस्लाइड वाले इलाकों की मैपिंग करता है। अभी देश में लैंडस्लाइड मैपिंग का काम असल में भूस्खलन वाली जगह पर जाकर होता है। इसमें काफी ज्यादा समय लगता है। देश में कई ऐसी जगहें हैं, जहां पहुंच पाना मुश्किल होता है। ये वेब एप इस काम को सैटेलाइट इमेज से 3 से 5 मिनट में पूरा कर देता है।



लैंडस्लाइड मैपिंग से पता लगाना आसान होगा, कि किसी जगह पर पहले लैंडस्लाइड होते रहे हैं। माना जाता है कि अगर किसी जगह पर पहले लैंडस्लाइड हुआ है, तब वहां फिर लैंडस्लाइड होगा। कई बार यह जानकारी न होने के चलते लोग पहाड़ों पर घर बना लेते हैं. सड़क बन ली जाती हैं। इससे नुकसान होता है।

लेकिन यह एप लैंडस्लाइड के बाद रीहैब में भी मदद करती है। इस एप से यह पता लगाना आसान होता है, कि उस जगह पर मौजूद कोई मकान, रेलवे लाइन या फिर सड़क को कितना नुकसान हुआ है। इंश्योरेंस क्लेम में इसका डेटा काफी मददगार साबित होगा।

### क्या होती है लैंडस्लाइड?

लैंडस्लाइड या भूस्खलन सिर्फ पहाड़ों पर ही नहीं होते है। हिमालय से लेकर केरल तक हो रहे हैं। यह एक नार्मल प्रक्रिया है, इसमें जमीन या पर्वत का बहुत बड़ा हिस्सा खिसकता है। संतुलन और स्थिरता खोता है। तब वह नीचे की ओर सरकता है।

बीते 10-15 वर्षों में मौसमी आपदाओं का आना बढ़ गया है। इसकी वजह से पहाड़ी ढलानें स्थिरता नहीं पा रही हैं। इस पाने के लिए ऊपर से नीचे की तरफ खिसक जाते हैं। आमतौर पर इस प्रक्रिया को लैंडस्लिप कहते हैं। जब लैंडस्लिप बड़े पैमाने पर होता है, तब इस घटना को लैंडस्लाइड कहा जाता है।

# सरकार ने वायु प्रदूषण कम करने के निरंतर काम किया : गोपाल राय



प्रातः किरण संवाददाता

नयी दिल्ली । दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने शुक्रवार को कहा कि दिल्ली के अंदर प्रदूषण एक बड़ी चुनौती के रूप में हर समय मौजूद रहा है लेकिन आम आदमी पार्टी(आप) की सरकार बनने के बाद प्रदूषण स्तर को कम करने की दिशा में लगातार काम हुआ है। श्री राय ने प्रदूषण को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक के बाद संवाददाताओं से आज कहा,ह्ल दिल्ली के अंदर प्रदूषण एक बड़ी चुनौती के रूप में हर समय मौजूद रहा है। हमारी सरकार बनने के बाद दिल्ली के वायु प्रदूषण स्तर को कम करने के लिए लगातार काम किए हैं। विंटर एक्शन प्लान के तहत निर्धारित किए गए 21 फोकस बिंदुओं के आधार पर विशेष कदम उठाये जा रहे हैं। सर्दी के मौसम में हॉटस्पॉट में प्रदूषण का स्तर बढ़ जाता है, जिसको लेकर आज सम्बंधित विभागों के अधिकारियों के साथ की संयुक्त बैठक की गई। हॉटस्पॉट के लिए अलग-अलग एक्शन प्लान बनाई गई है। साथ ही इसके लिए नोडल विभाग भी बनाया गया जो प्रदूषण को काम करने के लिए कार्य करेगा।

# रेप मामले में पति को अपवाद की श्रेणी में रखे जाने के प्रावधान की संवैधानिक वैधता को परखेगा सुप्रीम कोर्ट

प्रातः किरण संवाददाता

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट आईपीसी और बीएनएस में रेप के मामले में पति को अपवाद की श्रेणी में रखे जाने के प्रावधान की संवैधानिक वैधता को परखेगा। आईपीसी की धारा-375 के अपवाद 2 और बीएनएस की धारा-63 में प्रावधान है कि अगर पत्नी बालिग है तो उसके साथ पति का जबरन संबंध रेप नहीं होगा। इस प्रावधान को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली बेंच ने याचिकाकर्ता से केंद्र सरकार के स्टैंड पर मत जानना चाहा।

केंद्र ने हलफनामे में कहा है कि अगर पति को पत्नी के साथ संबंध बनाने के मामले में रेप के दायरे में लाया जाएगा तो दांपत्य जीवन पर इसका गलत असर पड़ेगा। शादी संस्थान खतरे में आएगा। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार के इस स्टैंड पर याचिकाकर्ता से अपना पक्ष रखने



को कहा। याचिकाकर्ता की ओर से सीनियर एडवोकेट करुणा नंदा ने दलील में आईपीसी और बीएनएस कानून में रेप के मामले में पति को अपवाद रखे जाने के प्रावधान को कोर्ट के सामने रखा।

आईपीसी की धारा-375 के अपवाद 2 और बीएनएस (भारतीय न्याय संहिता) की धारा-63 के प्रावधान का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इन मामलों में बालिग पत्नी के साथ जबरन पति के संबंध के मामले में रेप का केस दर्ज नहीं हो सकता है। इस पर चीफ जस्टिस ने टिप्पणी की कि आप जो दलील दे रही हैं वह एक संवैधानिक सवाल है। हमारे सामने दो फैसले हैं जिसे हमें देखना है। लेकिन मुख्य मुद्दा इस कानूनी प्रावधान के संवैधानिक वैधता को लेकर है। इस पर एडवोकेट नंदी ने कहा कि कोर्ट को इस प्रावधान को निश्चित तौर पर निरस्त करना चाहिए क्योंकि यह गैर संवैधानिक है।

करुणा नंदी ने याचिकाकर्ता की ओर से दलील पेश करते हुए कहा कि हम आईपीसी की धारा-375 के अपवाद 2 को चुनौती दे रहे हैं। यह प्रावधान अब बीएनएस की धारा-63 में है। आईपीसी के अपवाद में कहा गया है कि 15 साल से ऊपर की उम्र की पत्नी के साथ जबरन संबंध रेप नहीं है। इस पर चीफ जस्टिस ने कहा कि बीएनएस में अब 18 साल कर दिया गया है। आईपीसी और बीएनएस में सिर्फ यह अंतर है कि आईपीसी में 15 साल और बीएनएस में 18 साल से ऊपर में अपवाद है।

# अडानी ने विश्वविद्यालय की स्थापना को दिया100 करोड़ रुपये का दान

प्रातः किरण संवाददाता

नयी दिल्ली । अडानी फाउंडेशन ने शिक्षा को बढ़ाने देने की देशा में कदम बढ़ाते हुए तेलंगाना में युवा भारत कौशल विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए 100 करोड़ रुपये का दान दिया है ।अडानी समूह के अध्यक्ष गौतम अडानी के नेतृत्व में अडानी फाउंडेशन के एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को हैदराबाद में तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी से मुलाकात की और उन्हें युवा भारत कौशल विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए 100 करोड़ रुपये का दान चेक सौंपा। इस दौरान श्री अडानी ने कौशल विकास और युवाओं के सशक्तिकरण के लिए तेलंगाना राज्य सरकार की पहल के लिए निरंतर समर्थन देने का भी वादा किया।

# रक्षा क्षेत्र में भागीदारी से नेतृत्व की ओर बढे निजी क्षेत्र: राजनाथ

प्रातः किरण संवाददाता

नयी दिल्ली । रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने निजी क्षेत्र से रक्षा क्षेत्र में भागीदारी से नेतृत्व की ओर आगे बढ़ने का आह्वान किया है और भारत को नवाचार और प्रौद्योगिकी केंद्र तथा दुनिया के सबसे मजबूत देशों में से एक बनाने के लिए सरकार के पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया है।

श्री सिंह शुक्रवार को यहां डीआरड-ोओ भवन में रक्षा प्रौद्योगिकी को बढ-ावा देने पर आयोजित डीआरडीओ-उद्योग कार्यशाला के दौरान वैज्ञानिकों, उद्योगपतियों , शिक्षाविदों, स्टार्ट-अप, एमएसएमई और युवा उद्यमियों को संबोधित कर रहे थे।

रक्षा मंत्री ने हाल के दिनों में रक्षा क्षेत्र में बदलाव पर विचार साझा करते हुए कहा कि, आज, प्रौद्योगिकी ने पारंपरिक युद्ध को अपरंपरागत युद्ध में बदल दिया है ।उन्होंने कहा, आधुनिक युद्ध में ड्रोन, साइबर युद्ध, जैव-हथियार और अंतरिक्ष रक्षा जैसे नए आयाम जोड़े गए हैं। इस परिवर्तनकारी चरण में, रक्षा क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास निश्चित रूप से रक्षा क्षेत्र को मजबूत बनाएगा। हमारे वैज्ञानिकों, उद्योगपतियों, शिक्षाविदों, स्टार्ट-अप, एमएसएमई और युवा उद्यमियों को इस प्रयास में एक साथ काम करते हुए देखना खुशी की बात है। यह निजी क्षेत्र के लिए नेतृत्व करने का समय है क्योंकि इसमें तेजी से बदलावों को अपनाने और नए नवाचार की क्षमता है।

श्री सिंह ने गैर परंपरागत युद्ध में बढत हासिल करने के लिए लीक से हटक-र विचारों को अपनाने का एकमात्र तरीका बताया। इसे एक कठिन कार्य बताते हुए उन्होंने कहा कि सरक-ार इस प्रयास में युवाओं, वैज्ञानिकों,



उद्योगपतियों और एमएसएमई को सभी आवश्यक सहायता प्रदान करना जारी रखेगी। रक्षा मंत्री ने रक्षा क्षेत्र को और अधिक नवीन और प्रौद्योगिकी-उन्मुख बनाने की सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। अनुसंधान एवं विकास परिदृश्य को मजबूत करने और वैज्ञानिक स्वभाव को बढ़ावा देने के लिए डीआरडीओ द्वारा किए जा रहे लगातार प्रयासों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा, प्रौद्योगिकी विकास निधि (टीडीएफ) योजना पात्र उद्योगों को अनुदान सहायता के रूप में कुल परियोजना लागत का 90 प्रतिशत तक प्रदान कर रही है ।उन्होंने कहा कि कुल सहायता 50 करोड़ रुपये तक है, जो किसी भी एमएसएमई और स्टार्ट-अप के लिए रक्षा अनुसंधान एवं विकास में निवेश के लिए एक अच्छी राशि है। छह साल पहले शुरू होने के बाद से, 79 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है, जिनमें से 18 परियोजनाओं में प्रौद्योगिकी सफलतापूर्वक विकसित की गई है।

श्री सिंह ने अगली पीढ़ी के नवप्रवर्तकों और स्टार्ट-अप को रक्षा अनुप्रयोगों के लिए परिवर्तनकारी विचारों के साथ आगे आने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से ह्यडेयर टू ड्रीम 5.0 की शुरूआत की। डीआरडीओ की नवाचार प्रतियोगिता के पांचवें संस्करण का उद्देश्य रक्षा प्रौद्योगिकियों में आत्मनिर्भरता हासिल करने की दिशा में आगे बढ़ने के लिए भारत के लिए अत्याधुनिक समाधान तैयार करना है। रक्षा मंत्री ने डेयर टू ड्रीम 4.0 के विजेताओं को भी सम्मानित किया। उन्होंने चुनौतियों को रक्षा क्षेत्र में भविष्य के लिए देश के औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र की प्रतिबद्धता का प्रमाण बताया। उन्होंने कहा, हमारे बहादुर सैनिकों की तरह, वैज्ञानिक, उद्योग जगत के नेता, शिक्षाविद, स्टार्ट-अप, एमएसएमई और उद्यमी भी देश के योद्धा हैं, जो हर कार्य को पूरा करने के लिए तैयार हैं।

रक्षा मंत्री ने रक्षा क्षेत्र में प्रगतिशील और विघटनकारी दोनों प्रौद्योगिकियों में प्रगति हासिल करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि ह्यडेयर टू ड्रीम जैसी पहल के माध्यम से प्राप्त चुनौतियों का समाधान दो प्रकार की प्रौद्योगिकियों के बीच महत्वपूर्ण अंतर को पाटता है। उन्होंने वैज्ञानिकों, स्टार्ट-अप और युवा उद्यमियों से लीक से हटकर सोचने और नवीनतम नवाचारों के साथ सामने आने का आह्वान किया, जैसे कि चुनौतियों को स्वीकार करना और उनसे पार पाना उनकी आदत हो।

# पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन को धन शोधन मामले में मिली जमानत

प्रातः किरण संवाददाता

नयी दिल्ली ।दिल्ली की एक अदालत ने दिल्ली के पूर्व मंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता सत्येंद्र जैन को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से उनके खिलाफ दर्ज धन शोधन मामले में शुक्रवार को नियमित जमानत दे दी।राउज एवेन्यू स्थित विशेष अदालत के न्यायाधीश विशाल गोगने ने अभियोजन और बचाव पक्ष के वकीलों की दलीलें सुनने के बाद श्री जैन को कई शर्तों पर जमानत दी।अदालत ने लंबे मुकदमे और करीब 18 महीने की कैद को देखते हुए उनकी नियमित जमानत याचिका स्वीकार की।अदालत ने उन्हें 50,000 रुपये के निजी मुचलके और समान राशि के दो जमानतदारों की शर्त पर जमानत दी। इसके अलावा मामले से संबंधित गवाहों से संपर्क न करने या उन्हें प्रभावित न करने और पूर्व अनुमति के बिना

## संक्षिप्त समाचार

### बिना बारिश के ही दरकी सल्ला गांव के चौसिल तोक की जमीन

**मूनाकोट (पिथौरागढ़), एजेंसी।** मूनाकोट विकासखंड के सल्ला गांव के चौसिल तोक में बुधवार को बिना बारिश के ही भूस्खलन हो गया। भूस्खलन से पंचेश्वर को जोड़ने वाला मार्ग बंद हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि भूस्खलन से कई नाली भूमि में घास बरबाद हो गई है। ग्राम प्रधान सल्ला राकेश सिंह घटाल ने बताया कि भूस्खलन इसी तरह जारी रहा तो भविष्य में कुछ दूरी पर बने मकानों को भी खतरा हो सकता है।

### भगवान वाल्मीकि प्रकट दिवस के उपलक्ष्य पर भजन-कीर्तन

**हल्द्वानी, एजेंसी।** शरद पूर्णिमा पर लोगों ने घरों में दीपक जलाए और पूजा-अर्चना की। वहीं भगवान वाल्मीकि प्रकट दिवस के उपलक्ष्य पर बुधवार शाम वाल्मीकि पार्क तिकोनिया में भजन संध्या कार्यक्रम किया गया। देवभूमि उत्तराखंड कर्मचारी संघ परिवार की ओर से किए गए कार्यक्रम में भगवान वाल्मीकि की पूजा-अर्चना की गई और खीर का भोग लगाया गया। इस दौरान महिलाओं ने सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी। यहां संघ के प्रदेश अध्यक्ष राहत, अमरदीप चौधरी, नवनीत चौधरी, रवि चिंडालिया, रोहित टांक, जयप्रकाश आदि रहे। शुक्रवार सुबह नगर में प्रभातफेरी और शाम को शोभायात्रा निकाली जाएगी।

### विद्यार्थी अपनी ऊर्जा का प्रयोग राष्ट्र निर्माण में करें -प्रो. पंत

**नैनीताल, एजेंसी।** डीएसबी परिसर में विजिटिंग प्रोफेसर निदेशालय और एलुमनी सेल की ओर से संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान असम केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजीव मोहन पंत ने कहा कि विद्यार्थी अपना लक्ष्य बड़ा रखे। सभी के पास ऊर्जा है अपनी ऊर्जा का प्रयोग राष्ट्र निर्माण में करें। संचालन निदेशक एवं एलुमनी के महासचिव प्रो. ललित तिवारी ने किया। वहां विभागाध्यक्ष प्रो. एससए बर्गली, प्रो. आरसी जोशी, प्रो. संजय पंत, डॉ. दीपिका पंत, प्रो. आशीष तिवारी आदि थे।

### करवाचौथ की पूजन सामग्री में महंगाई की मार

**चंपावत, एजेंसी।** इस बार करवाचौथ की पूजा सामग्री महंगी हो गई है। पूजा सामग्री में 20 से लेकर 100 रुपये तक अतिरिक्त खर्च करना महिलाओं की मजबूरी है। शहर और नगर के साथ ही अब गांवों में भी करवाचौथ मनाया जाने लगा है। 20 अक्तूबर को करवाचौथ के लिए जिले के प्रमुख बाजारों में पूजा सामग्री की दुकानें सज गई हैं। महिलाएं इस दिन अपने पति की लंबी आयु के लिए निर्जला उपवास रखती हैं, लेकिन करवाचौथ की पूजा सामग्री पूजा थाल, करवा, मेंहदी और चलनी के अलावा श्रृंगार आदि महंगा होने से महिलाएं परेशान हैं। स्थानीय जानकी और मीरा आदि ने बताया कि करवाचौथ की पूजा सामग्री वर्ष दर वर्ष महंगी होती जा रही है। पूजा के लिए आवश्यक होने के चलते महंगी सामग्री खरीदना उनकी मजबूरी है। उन्होंने बताया पूजा की थाली 100-150 से बढ़कर 250-300, करवा 20-30 से बढ़कर 50-60 और 10 रुपये की चलनी 30 रुपये की मिल रही है।

### समुदाय विशेष के युवक पर शारीरिक शोषण का आरोप, गिरफ्तार

**टनकपुर, एजेंसी।** समुदाय विशेष के एक युवक पर नाबालिग के शारीरिक शोषण करने के आरोप है। कोतवाली पुलिस ने पॉक्सो समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर युवक को गिरफ्तार कर लिया है। प्रभारी कोतवाल सुरेंद्र सिंह कोरंगा ने बताया कि क्षेत्र के दूरस्थ गांव के एक ग्रामीण ने मनिहार गोठ (टनकपुर) निवासी मयूर खान पर उसकी नाबालिग बेटी के शारीरिक शोषण का आरोप लगाया। ग्रामीण का कहना था कि आरोपी करीब पांच साल से बेटी का शोषण कर रहा था। परेशान होकर उसकी बेटी ने अब उसे सारी बात बताई है। इस पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 376 आईपीसी, 3/4 पॉक्सो अधिनियम में रिपोर्ट दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। विवेचना एसआई हिमानी गहतोड़ी को सौंपी गई है। सीओ शिवराज सिंह राणा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## स्टाफ की कमी, पांच बेड का आईसीयू बना शोपीस

**टनकपुर (चंपावत), एजेंसी।** कोरोना काल में उप जिला अस्पताल में खुला पांच बेड का आईसीयू निश्चेतक और फिजिशियन समेत स्टाफ की कमी से शोपीस बना है। अगस्त में दो मरीजों को भर्ती किया गया। इसके बाद से यूनिट बंद है। यूनिट के लिए स्वीकृत 29 पदों पर मात्र चार नर्सिंग स्टाफ तैनात हैं। अस्पताल प्रशासन के आईसीयू के लिए स्टाफ को लेकर भेजे जा रहे पत्रों का निदेशालय से कोई सकारात्मक जवाब अभी तक नहीं मिला है।

पहाड़ के प्रवेश द्वार के प्रमुख उप जिला अस्पताल में टनकपुर-बनबसा के साथ ही पहाड़ में हादसों और गंभीर मरीजों को समय से इलाज देने का जिम्मा रहता है। इसके लिए कोरोना काल में लाखों लागत से अस्पताल भवन में पांच बेड का आईसीयू बनाया गया। इसमें ऑक्सीजन, वेंटिलेटर समेत अन्य सभी उपकरण लगे हैं लेकिन स्टाफ की कमी से आईसीयू पूरी तरह क्रियाशील नहीं है। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि यूनिट के लिए सबसे आवश्यक फिजिशियन, निश्चेतक का भी पद रिक्त है। यूनिट में कुल 29 पदों में चार चिकित्साधिकारी, चार कक्ष सेवक, तीन लैब तकनीशियन, छह पर्यावरण मित्र, दो ऑक्सीजन प्लांट के लिए तकनीशियन, सहायक, चार लैब सहायक, दो निश्चेतक के पद रिक्त हैं। आईसीयू में मात्र चार स्वीकृत नर्सिंग अधिकारी तैनात हैं। रिक्त पदों के भरने के प्रति उदासीनता से आईसीयू अधिकांश समय शोपीस बना हुआ है।

# शासन ने विश्वविद्यालयों के कुलसचिवों से छात्रसंघ चुनावों पर मांगा स्पष्टीकरण

**देहरादून, एजेंसी।** राज्य सरकार ने 23 अप्रैल 2024 को एक शैक्षणिक कलेंडर जारी किया था, जिसमें छात्रसंघ चुनाव 30 सितंबर 2024 तक कराने का निर्देश दिया गया था। इसके बावजूद, विश्वविद्यालय प्रशासन ने समय पर चुनाव आयोजित नहीं किए और न ही शासन से दिशा-निर्देश प्राप्त किए।



उत्तराखंड के राजकीय विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में छात्रसंघ चुनाव न कराने पर शासन ने निदेशक उच्च शिक्षा और चार विश्वविद्यालयों के कुलसचिवों से एक सप्ताह के भीतर लिखित स्पष्टीकरण मांगा है। अनुसचिव दीपक कुमार ने कुमाऊं विश्वविद्यालय, नैनीताल, सोबनसिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा, श्रीदेवसुमन विश्वविद्यालय, चंबा, टिहरी और दून विश्वविद्यालय, देहरादून के कुलसचिवों को नोटिस जारी किया है।

बता दें कि राज्य सरकार ने 23 अप्रैल 2024 को एक शैक्षणिक कलेंडर जारी किया था, जिसमें छात्रसंघ चुनाव 30 सितंबर 2024 तक कराने का निर्देश दिया गया था। इसके बावजूद, विश्वविद्यालय प्रशासन ने समय पर चुनाव आयोजित नहीं किए और न ही शासन से दिशा-निर्देश प्राप्त किए। इस मुद्दे को लेकर कई महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में छात्र आंदोलनरत हैं, जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

लिंगदोह समिति की सिफारिशों में भी समय पर छात्रसंघ चुनाव कराने का निर्देश दिया गया है। शासन ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए स्पष्टीकरण मांगा है। अगर निर्धारित समय में स्पष्टीकरण नहीं मिलता, तो शासन ने नियमसंगत कार्रवाई की चेतावनी भी दी है। शासन का मानना है कि छात्रसंघ चुनाव समय पर कराना उसकी जिम्मेदारी है, और इस दिशा में अगला कदम स्पष्टीकरण के आधार पर उठाया जाएगा।

राज्य सरकार की ओर से राजकीय विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में छात्रसंघ चुनाव समय पर कराए जाने को लेकर पूर्व में ही आदेश जारी किए जा चुके हैं, जिसका पालन कराने का दायित्व शासन का है।

## किसी भी होटल और रेस्टोरेंट के किचन में नहीं मिला सीसीटीवी कैमरा

**देहरादून, एजेंसी।** खाद्य पदार्थों में थूकने के मामले को लेकर एसएसपी के निर्देश पर विकासनगर कोतवाली और सेलाकुई थाना पुलिस ने क्षेत्र में जांच अभियान चलाया। इस दौरान किसी भी होटल और रेस्टोरेंट के किचन में सीसीटीवी कैमरा नहीं मिला। पुलिस ने प्रतिष्ठान संचालकों को किचन में हर हाल में सीसीटीवी कैमरा लगाने के निर्देश दिए। वहीं, कर्मचारियों का सत्यापन न करवाने पर 42 प्रतिष्ठान संचालकों के पुलिस एक्ट के तहत चालान किए गए। जबकि, दो होटल और रेस्टोरेंट संचालकों को अच्छी साफ-सफाई के लिए कोतवाली प्रभारी और महिला उपनिरीक्षक ने गुलाब का फूल दिया गया। विकासनगर क्षेत्र में सीओ भाष्कर लाल शाह और कोतवाली प्रभारी राजेश साह के नेतृत्व में अभियान चलाया गया। इस दौरान 22 होटलों और रेस्टोरेंट के किचन में सफाई व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरा और कर्मचारियों के सत्यापन की जांच की गई। सभी प्रतिष्ठानों के किचन में सीसीटीवी कैमरा नहीं लगे थे। सीओ ने प्रतिष्ठान संचालकों को जल्द से जल्द किचन में सीसीटीवी कैमरा लगाने के निर्देश दिए। कहा कि कैमरे में कोई भी कर्मचारी संदिग्ध हरकत करते नजर आए तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस दें। कहा कि अगली बार निरीक्षण के दौरान सीसीटीवी कैमरा न मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। वहीं, कर्मचारियों का सत्यापन नहीं करवाने पर 22 प्रतिष्ठान संचालकों पर पुलिस एक्ट के तहत चालान की कार्रवाई की गई। टीम में वरिष्ठ उपनिरीक्षक संजीत कुमार, बाजार चौकी प्रभारी वैभव गुप्ता, हरबर्टपुर चौकी प्रभारी विनय मित्तल, डाकपत्थर चौकी प्रभारी विवेक भंडारी, उपनिरीक्षक सनोज कुमार आदि शामिल रहे। वहीं, सेलाकुई क्षेत्र में थाना प्रभारी शैंकी कुमार के नेतृत्व में अभियान चलाया गया। पुलिस ने 20 होटलों और रेस्टोरेंट में जांच की। यहां के भी सभी प्रतिष्ठानों के किचन में सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे थे। प्रतिष्ठान संचालकों ने अपने कर्मचारियों का सत्यापन भी नहीं करवाया था।

## ठंड से बढ़ने लगी जोड़ों में दर्द की समस्या

**चंपावत, एजेंसी।** जिला अस्पताल में हड्डियों में दर्द से संबंधित मरीज लगातार बढ़ रहे हैं। इससे मरीजों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल में रोजाना 20 से अधिक मरीज जोड़ों में दर्द की शिकायत लेकर पहुंच रहे हैं। जिला अस्पताल के हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. धनंजय पाठक ने बताया कि अस्पताल में जोडों, घुटनों, कमर और गर्दन में दर्द के मरीज लगातार बढ़ रहे हैं। अस्पताल में प्रतिदिन 20 से अधिक मरीज इलाज के लिए आ रहे हैं। बताया कि ऐसे में ठंड के महीनों में थर्मल थेरेपी फायदेमंद साबित होती है। जोड़ों को चिकनाई देने, लचीलापन बनाए रखने और समग्र संयुक्त स्वास्थ्य का समर्थन करने के लिए हाइड्रेटेड रहना आवश्यक है। ठंड के मौसम में नियमित रूप से एक घंटे धूप सेकें, लंबे समय तक एक ही अवस्था में न बैठे, कंधों और गर्दन को झुकाकर न बैठे और ठंडे पानी के स्थान पर गुनगुने पानी से नहाएं। घर के अंदर ही योग और व्यायाम करते रहें। गर्म तेल की मालिश आराम देती है। शरीर को ढक कर रखें। ठंडे खाद्य पदार्थों का सेवन न करें। चंपावत। जिला अस्पताल में मौसम में बदलाव के कारण गले में इंफेक्शन के मरीज बढ़ने लगे हैं। अस्पताल में रोजाना 25 से अधिक मरीज इलाज के लिए आ रहे हैं। अस्पताल के ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. नरेंद्र चौहान ने बताया कि मौसम में बदलाव के कारण गले में इंफेक्शन वाले मरीज बढ़ने लग हैं। छह से 16 वर्ष की आयु के बच्चे अधिक बीमार हो रहे हैं। ऐसे में बच्चों को ठंड से बचाना चाहिए। सुबह और शाम गर्म कपड़े पहनाने चाहिए। ठंड में नियमित रूप से गर्म पानी पीना चाहिए।

## पाठ्यगामी के साथ पाठ्य सहभागी गतिविधियां सीख रहे बच्चे

**चंपावत, एजेंसी।** माध्यमिक विद्यालयों के लिए शैक्षिक वर्ष 2024-25 का वार्षिक शैक्षिक कैलेंडर के अनुसार पठन-पाठन कार्य किया जा रहा है। पाठ्यगामी गतिविधियों के साथ पाठ्य सहभागी गतिविधियां भी निरंतर संपादित की जा रही हैं। वर्ष 2024-25 शैक्षिक कैलेंडर में राज्य स्तर पर विद्यालयों की गतिविधियों के लिए संभावित समय सारिणी तैयार की गई है। शासन की ओर से शिक्षा विभाग को निर्देश दिए गए हैं कि वह संभावित समय सारिणी के आधार पर अपने जिला और ब्लॉक की शैक्षिक गतिविधियों का वार्षिक कैलेंडर तैयार कर सकते हैं। इस संबंध में इस बात का खास ध्यान रखा जाएगा कि प्रत्येक विद्यालय में किसी भी कार्य दिवसों में विधिवत शैक्षणिक के साथ अन्य गतिविधियां प्रभावित न हों। सीईओ मेहरबान सिंह बिष्ट ने बताया कि शिक्षा विभाग की ओर से जारी कैलेंडर के अनुसार विद्यालय की गतिविधियां कराई जा रही हैं।

## दूसरे दिन सुधरी व्यवस्था, अब मरीजों को नहीं करना पड़ रहा लंबा इंतजार

**देहरादून, एजेंसी।** उप जिला अस्पताल विकासनगर में स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ की ओपीडी में आने वाले मरीजों को अब लंबा इंतजार नहीं करना पड़ रहा है। दो मेडिकल अफसर मरीजों को देख रहे हैं। बुधवार को दोपहर 12 बजे तक करीब 60 मरीज देखे गए। इससे उपचार के लिए आने वाले मरीजों को बड़ी राहत मिली। उप जिला अस्पताल में सबसे अधिक ओपीडी सामान्य चिकित्सा और स्त्री एवं प्रसूति रोग की है। अधिकतर मरीज जौनसार बावर और सीमांत हिमाचल प्रदेश के होते हैं। स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ 26 दिनों से अवकाश पर चल रहीं है। तभी से एक मेडिकल अफसर मरीजों को देख रही थी। मंगलवार को उप जिला अस्पताल में चिकित्सा व्यवस्था की पड़ताल की गई थी। दोपहर 12 बजे तक केवल 23 मरीज देख गए थे। मरीजों को लंबा इंतजार करना पड़ रहा था। पड़ताल की खबर प्रकाशित होने के बाद सीएमएस ने समस्या को गंभीरता से लेते हुए ओपीडी में दो मेडिकल अफसरों को बैठने के आदेश दिए। बुधवार को ओपीडी व्यवस्था पटरी पर आ गई। दोपहर 12 बजे तक 60 मरीजों को उपचार मिल गया था। उप जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. विजय सिंह ने बताया कि स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ की ओपीडी में दो मेडिकल अफसर को बैठाने की व्यवस्था कर दी गई है।

### 24 वर्ष में उत्तराखंड की अर्थव्यवस्था ने लगाई लंबी छलांग, पर्यटन सेक्टर की भागीदारी में वृद्धि

**देहरादून, एजेंसी।** पर्यटन के क्षेत्र में प्रदेश सरकार के प्रयास रंग ला रहे हैं। दो वर्ष पहले अर्थव्यवस्था में पर्यटन सेक्टर की भागीदारी 37 प्रतिशत थी, जो अब बढ़कर 43.7 प्रतिशत हो गई है। अर्थव्यवस्था को पांच वर्ष में दोगुना करने का सरकार का संकल्प तेजी से आकार ले रहा है। उत्तराखंड राज्य आगामी नौ नवंबर को 24 वर्ष पूरे करने जा रहा है।

## हल्द्वानी की 10वीं की छात्रा से दिल्ली के होटल में सामूहिक दुष्कर्म, दो दिन तक पांच युवकों ने की दरिंदगी

**हल्द्वानी, एजेंसी।** घर से लापता हुई शहर की एक प्रतिष्ठित स्कूल में पढ़ने वाली 10वीं की छात्रा से दिल्ली के होटल में दो दिनों तक सामूहिक दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है।

घटना पांच और छह अक्टूबर की है, जब महाराष्ट्र व दिल्ली के पांच युवकों ने उससे सामूहिक दुष्कर्म किया। इसके बाद आरोपित छात्रा को दिल्ली में ही छोड़कर फरार हो गए।

पुलिस ने छात्रा को बरामद कर लिया है। वहीं, पांचों आरोपितों के विरुद्ध पोक्सो व दुष्कर्म की धारा में प्राथमिकी कर सभी को महाराष्ट्र व दिल्ली से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

मुखानी क्षेत्र में रहने वाली 15 वर्षीय छात्रा के पिता ने पुलिस को बताया कि चार अक्टूबर को बेटी स्कूल के लिए निकली थी, लेकिन न स्कूल पहुंची और न ही घर लौटी। इसके बाद पुलिस ने उसकी तलाश शुरू की। सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर पता चला कि छात्रा ट्रेन में बैठकर दिल्ली चली गई है। पुलिस ने छात्रा को दिल्ली से बरामद किया तो उसने आपबीती सुनाई। छात्रा ने बताया कि पांच युवकों ने उसे दिल्ली एयरपोर्ट के पास एक होटल में ले जाकर बारी-बारी से दुष्कर्म किया। इस पर पुलिस ने दिल्ली के होटल की फुटेज खंगाली और आरोपितों को चिह्नित किया। इसके बाद पांचों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। मामले की जांच कर रही एक महिला एसआइ ने पुलिस को बताया कि मेडिकल में छात्रा से दुष्कर्म की पुष्टि हुई है।

## दिल्ली पहुंचीं मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, उत्तराखंड निवास' की तैयारियों का लिया जायजा

**देहरादून, एजेंसी।** उत्तराखंड निवास में राज्य स्थापना दिवस का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन दिल्ली में रहने वाले उत्तराखंड मूल के अधिकारियों, कार्मिकों और प्रवासियों की भागीदारी से किया जाएगा।

दिल्ली में छह नवंबर को नवनिर्मित उत्तराखंड निवास का शुभारंभ होने जा रहा है। इससे पहले मुख्य सचिव राधा रतूड़ी दिल्ली पहुंचीं और उन्होंने तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री के विजन के अनुरूप राज्य स्थापना दिवस का भव्य आयोजन किया जाए। यह आयोजन दिल्ली में रहने वाले उत्तराखंड मूल के अधिकारियों, कार्मिकों और प्रवासियों की भागीदारी से किया जाएगा।

बैठक में सचिव ऊर्जा डॉ. आर. मीनाक्षी सुन्दरम, परियोजना प्रबंधक राकेश चन्द तिवारी, सहायक अभियन्ता प्रमोद कुमार कोठियाल और उत्तराखंड सदन के विशेष कार्याधिकारी रंजन मिश्रा सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।



मुख्य सचिव ने सभी अधिकारियों को उनकी जिम्मेदारियों के बारे में स्पष्ट निर्देश दिए गए, ताकि आयोजन भव्य और प्रभावी हो।

### शराब तस्करी में 15 हजार रुपये का अर्थदंड

**चंपावत, एजेंसी।** न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने शराब तस्करी के मामले में आरोपी को दोषी ठहराते हुए 15 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है। न्यायिक मजिस्ट्रेट जहां आरा अंसारी की अदालत ने शराब तस्करी के ढाई वर्ष पुराने मामले में दोनों पक्षों और गवाहों को सुनने के दोषी टाक करायत निवासी राकेश फर्त्याल को 15 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है। अर्थदंड ने देने पर दोषी को 10 दिन का कारावास भोगना होगा। पुलिस ने कोलीढेक पुल के पास चेकिंग के दौरान अभियुक्त से 17 पेटी शराब बरामद की थी। उसके बाद पुलिस ने उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम में मामला दर्ज किया था।

## 70 मीटर का पुल नहीं बनने से 10 किमी की कदमताल

**पिथौरागढ़, एजेंसी।** मवानी दवानी और आलम दारमा के लिए सात किमी सड़क पूरी नहीं बन पाई है। गोरी नदी पर 70 मीटर लंबे पुल का निर्माण कार्य नहीं होने से लोगों को 10 किलोमीटर की दूरी पैदल ही तय करनी पड़ती है। क्षेत्र के लोगों में लोनिवि और सरकार के खिलाफ गुस्सा है। लोगों ने पुल और सड़क का काम जल्द पूरा नहीं करने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। वर्ष 2018 में शासन से बंगापानी-मवानी दवानी और आलम दारमा तक के लिए सात किमी सड़क स्वीकृत की थी। इसके एक साल बाद 2019 से सड़क का काम शुरू हो गया लेकिन इन पांच वर्षों में गोरी नदी पर बनने वाले 70 मीटर लंबे पुल का निर्माण पूरा नहीं हो पाया है। इस कारण मवानी दवानी, आलम दारमा सहित अन्य गांवों की करीब 5,000 की आबादी को को आज भी 10 किमी पैदल चलना पड़ता है। सड़क सुविधा के अभाव में सबसे अधिक परेशानियों का सामना गर्भवतियों को करना पड़ता है। उन्हें जांच से लेकर प्रसव तक के लिए डोली के सहारे अस्पताल पहुंचाना पड़ता है। समय पर इलाज नहीं मिलने से कई घायल और बीमार पूर्व में जान भी गंवा चुके हैं। सड़क सुविधा से परेशान ग्रामीणों में लोनिवि और सरकार के खिलाफ गुस्सा है।

## नंदा देवी महोत्सव में कदली वृक्ष की पोस्ट पर अभद्र टिप्पणी पर बवाल, लोगों ने किया चक्का जाम

**नैनीताल, एजेंसी।** नंदा देवी महोत्सव के दौरान कदली वृक्ष भ्रमण की एक पोस्ट पर इंस्टाग्राम पर एक व्यक्ति ने अभद्र टिप्पड़ी की थी। जिसकी शिकायत स्थानीय लोगों ने पुलिस से की। नंदा देवी महोत्सव के कदली वृक्ष कार्यक्रम के एक वीडियो में इंस्टाग्राम पर अभद्र टिप्पणी करने वाले के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर लोगों ने कोतवाली का घेराव किया। लोगों ने कोतवाली के आगे बीच सड़क पर बैठकर चक्का जाम कर दिया। जिसके चलते शहर में लंबा जाम लग गया।



बता दें कि नंदा देवी महोत्सव के दौरान कदली वृक्ष भ्रमण की एक पोस्ट पर इंस्टाग्राम पर एक व्यक्ति ने अभद्र टिप्पड़ी की थी। जिसकी शिकायत स्थानीय लोगों ने पुलिस से की। लेकिन लोगों का कहना है कि पुलिस की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई। जिसको लेकर हिंदूवादी संगठन के लोगों ने पंतपार्क में धरना देना शुरू कर दिया था। धरने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होने पर हिंदूवादी संगठन व अन्य लोगों ने पंतपार्क से कोतवाली तक जुलूस निकालकर विरोध दर्ज किया था, लेकिन उसके बाद भी पुलिस की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई।

# नाबालिग से दुष्कर्म का मामला...थराली में फिर तनाव, भीड़ जमा होते ही दुकानें हुई बंद, पुलिस तैनात

**चमोली, एजेंसी।** एक समुदाय विशेष के युवक द्वारा एक नाबालिग लड़की से दुष्कर्म और उसका वीडियो वायरल करने का मामला सामने आया था। घटना से नाराज लोगों ने प्रदर्शन किया था और एक सप्ताह में आरोपी युवक की दुकान खाली करने की मांग की थी।

चमोली के थराली में शुक्रवार को एक बार फिर तनाव देखने को मिल रहा है। जिससे एहतियातन व्यापार संघ ने यहां सभी बाजार बंद रखने का आह्वान किया है। बाजार के कुछ चौराहों पर युवकों की भीड़ भी जमा हो रही है। जिसे देखते हुए सुबह से ही थराली के सभी बाजार बंद हैं। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस और पीएसी का जवान तैनात किए गए हैं।




बता दें कि थराली में एक समुदाय विशेष के युवक द्वारा एक नाबालिग लड़की से दुष्कर्म और उसका वीडियो वायरल करने का मामला बीते 10 दिन पहले सामने आया था। इसके बाद पुलिस ने युवक को गिरफ्तार करने के बाद जेल भेज दिया था, लेकिन 10 अक्तूबर को यहां घटना से नाराज लोगों ने प्रदर्शन किया था और एक सप्ताह में आरोपी युवक की दुकान खाली करने की मांग की थी। एक सप्ताह बीतने के बाद आज शुक्रवार को फिर तनाव देखने को मिल रहा है।

उधर, गौचर में शुक्रवार को हालात सामान्य हैं। बाजार खुले हुए हैं, लेकिन समुदाय विशेष की दुकानें लगातार तीसरे दिन भी बंद हैं।

# फरिश्ते योजना फिर हुई शुरू, दिल्ली में सड़क हादसे में घायलों का मुफ्त इलाज कराएगी आप सरकार - केजरीवाल

## दिल्ली सरकार अबतक 26 हजार से ज्यादा लोगों की जान बचा चुकी है – केजरीवाल

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली के अंदर सड़क हादसे में घायल व्यक्ति का अब फिर मुफ्त इलाज हो सकेगा और इलाज का पूरा खर्च दिल्ली की आप सरकार उठाएगी। इस बाबत आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि भाजपा वालों ने फरिश्ते योजना भी बंद करा दी थी, लेकिन अब हमने इसे दोबारा चालू करा दिया है। इस योजना के तहत सड़क हादसे में घायल व्यक्ति को किसी भी अस्पताल में भर्ती कराया जा सकेगा और भर्ती कराने वाले से कोई सवाल नहीं पूछा जाएगा। साथ ही, घायल व्यक्ति के इलाज में आया पूरा खर्चा सरकार उठाएगी। इस योजना की वजह से अब तक हम लोग 26 हजार से ज्यादा लोगों की जान बचा चुके हैं।

शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में सीएम आतिशी के साथ प्रेस वार्ता कर आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा फरिश्ते योजना को इन्होंने बंद कर दिया था, लेकिन उसे फिर से शुरू कर दिया गया है। केजरीवाल ने फरिश्ते योजना के बारे में बताते हुए कहा कि जब भी कोई सड़क दुर्घटना होती है तो हमने अक्सर देखा है कि वह व्यक्ति सड़क पर ही दम तोड़ देता है। उसे कोई अस्पताल नहीं लेकर जाना चाहता, जिसके पीछे दो कारण हैं। पहला, लोगों को लगता है कि उनके ऊपर पुलिस केस हो जाएगा। दूसरा कारण है कि अगर कोई घायल व्यक्ति को अस्पताल ले जाता है तो डॉक्टर पहले उससे पैसे जमा करने के लिए कहता है।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली सरकार की फरिश्ते योजना के इन दोनों समस्याओं का समाधान किया गया है। योजना के तहत आप घायल व्यक्ति को पास के किसी भी अस्पताल में भर्ती करवा दो, चाहें वो बड़े से बड़ा फाइव स्टार अस्पताल ही क्यों न हो। आपसे कोई प्रश्न नहीं पूछा जाएगा और उसके इलाज का सारा खर्चा दिल्ली सरकार देती है। इस योजना के तहत हम अभी तक करीब 26 हजार लोगों की जान बचा चुके हैं। लेकिन इन लोगों ने इस स्कीम को भी बंद कर दिया। अब हमारी सरकार ने फरिश्ते योजना को दोबारा शुरू करवा दिया है।

एलजी से टकराव के मुद्दे पर अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हम इसी तरह संघर्ष करके, इन लोगों से लड़-लड़कर और इनके पैर पकड़कर इन स्कीमों को आगे बढ़ाते रहेंगे। इसके लिए हमें जो करना पड़ेगा, हम करेंगे। सच्चाई के रास्ते पर चलना आसान काम नहीं है। अगर हम भी पहले की सरकारों की तरह चलते तो यह सब नहीं कर पाते। कुछ लोग कहते हैं कि उनकी तो लड़ाई नहीं होती थी, लेकिन उन्होंने कुछ काम भी तो नहीं किया था। अगर हम भी उन्हीं की तरह कुछ काम न करें और बैठे रहें तो संघर्ष ही नहीं होगा। मनीष सिसोदिया ने स्कूल ठीक किए, इसीलिए वो जेल गए। सत्येंद्र जैन ने मोहल्ला क्लीनिक बनाए, इसीलिए वो जेल गए। मैंने बिजली फ्री की और कई काम किए, इसीलिए मुझे जेल में डाला गया। इसलिए इतना संघर्ष है। अगर हम ये सारे काम न करें, हम भी पैसे कमाएं, उनको भी देते रहें, मिल-बांटकर पैसे खाएं तो ये संघर्ष नहीं होता। यह व्यवस्था तो पहले चल ही रही थी। हम इसी व्यवस्था को खत्म करने आए हैं। हमारी किसी पार्टी या व्यक्ति से दुश्मनी नहीं है, हमें मिलकर यह पूरी व्यवस्था बदलनी है।

अब प्राइवेट अस्पतालों में टेस्ट और सर्जरी का खर्चा भी उठाएगी आप सरकार - केजरीवाल

अरविंद केजरीवाल ने आगे कहा कि अगर आप दिल्ली के सरकारी अस्पताल में कोई टेस्ट या सर्जरी करवाने के लिए जाते हो और किसी वजह से वहां आपका टेस्ट नहीं हो पा रहा है तो वह सरकारी अस्पताल आपको प्राइवेट में सर्जरी व टेस्ट कराने के लिए रिकमेंड करता है। आप किसी भी प्राइवेट अस्पताल में अपना इलाज, सर्जरी या टेस्ट करवा लीजिए। दिल्ली सरकार उसका सारा खर्च उठाएगी। प्राइवेट अस्पताल वाले आपसे पैसे नहीं मांगेंगे। इस स्कीम को भी इन लोगों ने बंद कर दिया था। इसे भी हमने दोबारा चालू करवा दिया है।

# बाईक-स्कूटी-मोबाइल चुराने वाला शातिर रनहोला में गिरफ्तार

संवाददाता



रन्होला थाना की पुलिस टीम ने वाहन चोरी और झपटमारी करने वाले शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। जो दिल्ली पुलिस का घोषित बीसी भी है। इसके ऊपर रनहोला सहित कई थानों में पहले से अलग-अलग 10 मामले दर्ज हैं। डीसीपी आउटर सचिन शर्मा ने बताया कि इसके पास से एक कंट्री मेड पिस्टल, जिंदा कारतूस, 4 मोबाइल, दो मोटरसाइकिल और दो स्कूटी भी बरामद किया गया है।

एसीपी नांगलोई जयपाल सिंह की देखरेख में एसएचओ मुकेश कुमार की टीम ने एक इनफॉरमेशन के आधार पर देर रात नजफगढ़ नांगलोई रोड पर एक फार्म हाउस के पास से इसको पकड़ा। पूछताछ में इसकी पहचान नवीन उर्फ सूरज के रूप में हुई। तलाशी में हथियार मिले, इसकी निशानी पर जो स्कूटी और मोटरसाइकिल बरामद की गई वह दिल्ली के सागरपुर, नजफगढ़, जनकपुरी, मंगोलपुरी और रनहोला थाना इलाके से चुराई गई थी।

## समाजसेवी डॉ. बसंत गोयल को किया गया सम्मानित

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली के प्रसिद्ध समाजसेवी गोयल मेडिकोज के प्रबंध निदेशक डॉ. बसंत गोयल को नई दिल्ली के डॉ. अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मानित किया गया, जहाँ उन्हें उत्कृष्ट चिकित्सा नवाचार, सामाजिक परिवर्तन और रक्तदान अभियान में नेतृत्व के लिए प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार उन्हें केंद्रीय मंत्रियों, डॉ. जितेंद्र सिंह (स्वतंत्र प्रभार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री), नितिन गडकरी (सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री), और अर्जुन राम मेघवाल (स्वतंत्र प्रभार, कानून और न्याय तथा संसदीय मामलों के राज्य मंत्री) द्वारा प्रदान किया गया। यह सम्मान उनके स्वास्थ्य और सामाजिक सेवा प्रयासों की प्रतिबद्धता और प्रभाव को दर्शाता है। बसंत गोयल को गत दिनों अनेक सम्मानों से सम्मानित किया जा चुका है।

# बॉर्डर पार से लाई गई शराब बाहरी दिल्ली में की गईं जब्त

संवाददाता



बाहरी जिला के राज पार्क थाना और एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वाड की पुलिस टीम ने शराब तस्करी के मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 4750 क्वार्टर शराब के अलावा तस्करी में इस्तेमाल गाड़ी भी जप्त की है। डीसीपी आउटर सचिन शर्मा ने बताया कि एसपी ऑपरेशन नरेंद्र खत्री की देखरेख में एएटीएस के इंस्पेक्टर प्रवीण कुमार की पुलिस टीम ने एक इनफॉरमेशन के आधार पर में रोहतक रोड पर ट्रैप लगाकर एक गाड़ी को सुबह सुबह ट्रैप किया। तलाशी ली गई तो उसमें 75 कार्टून शराब की भरी हुई पेटियां मिली। जिसमें से पुलिस ने 3750 क्वार्टर शराब का रिकवर किया और उस मामले में पुलिस ने एक्साइज एक्ट का मामला मुंडका थाना में दर्ज किया। आरोपी मनीष को गिरफ्तार किया गया, जो सोनीपत का रहने वाला है।

दूसरे मामले में राज पार्क थाना की पुलिस ने मंगोलपुरी बारात घर के पास से एक इनफॉरमेशन पर सूरज नाम के एक आरोपी को पकड़ा और उसके पा से 20 कार्टून शराब बरामद किया गया। जिसमें 1000 क्वार्टर शराब के भरे हुए थे।

# मूर्तियां चुराने वाला मास्टर माइंड गिरफ्तार

- 11 मेटल की मूर्तियां भी हुई बरामद

संवाददाता



खयाला थाना के रघुवीर नगर पुलिस चौकी की टीम ने भगवान की मूर्तियां चुराने वाले एक शातिर मास्टरमाइंड चोर को गिरफ्तार किया है। इसके पास से पुलिस ने 11 मेटल की मूर्तियां भी बरामद की है। डीसीपी वेस्ट विचित्र वीर ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान बिरजू उर्फ नरेंद्र के रूप में हुई है। यह पहले से 24 आपराधिक मामलों में शामिल रहा है। यह पश्चिमी दिल्ली के रघुवीर नगर इलाके का रहने वाला है।

एसीपी सुरेंद्र सिंह राठी की देखरेख में एसएचओ विनोद अहलावत, चौकी इंचार्ज सुदीप पूनिया की टीम 14 अक्टूबर को अंबेडकर मार्केट स्थित एक शॉप में हुई चोरी के मामले में छानबीन कर रही थी। उस छानबीन के दौरान पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से पता लगाना शुरू किया था। इस जांच के दौरान इस शातिर आरोपी के बारे में पुलिस को जानकारी मिली। फिर पुलिस टीम ने इसे ट्रैक करके गिरफ्तार किया और 11 भगवान की मूर्तियों को बरामद किया। आगे की पूछताछ हुई तो पता चला कि यह सेंधमारी, चोरी, आर्म्स एक्ट के 24 मामलों में शामिल है जो दिल्ली की अलग-अलग थाना में दर्ज हैं।

# बिधूड़ी ने संगम विहार में नागरिक सुविधाओं का किया उद्घाटन

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दक्षिण दिल्ली से भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने संगम विहार के-ब्लॉक में नागरिक सुविधाओं का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि इससे क्षेत्रवासियों को काफी लाभ होगा। इन सुविधाओं पर 4.5 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। इनमें स्वास्थ्य जन सुविधा केंद्र, कॉरिडोर, गेट और खेल परिसर शामिल है।

बिधूड़ी ने आज प्रातः संगम विहार के वार्ड-163 में स्थित के ब्लॉक में पहले स्वास्थ्य जन सुविधा केंद्र का उद्घाटन किया। इस सुविधा के मिलने पर क्षेत्रवासियों ने काफी प्रसन्नता जताई क्योंकि अब तक लोग यहां जन सुविधा न मिलने के कारण बहुत परेशान थे। इसके अलावा बिधूड़ी ने खेल परिसर का भी उद्घाटन किया। इससे यहां के सभी क्षेत्रवासी लाभान्वित होंगे। दोनों ही कार्यक्रमों की अध्यक्षता क्षेत्र के निगम पार्षद श्री चंदन कुमार चौधरी ने की। इस अवसर पर दिल्ली नगर निगम के दक्षिण क्षेत्र के उपायुक्त श्री बादल कुमार और मनोनीत निगम पार्षद श्री रोहतास कुमार एडवोकेट भी उपस्थित थे।

# गुरुद्वारा बंगला साहिब परिसर में खोला धार्मिक पुस्तक स्टोर



नई दिल्ली। दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा गुरुद्वारा बंगला साहिब परिसर में आज एक धार्मिक पुस्तक स्टोर खोला गया। कमेटी के प्रधान सरदार हरमीत सिंह कालका और जनरल सचिव सरदार जगदीप सिंह काहलों ने इस अवसर पर हुई अरदास में हाजिरी लगाई। बाद में मीडिया से बातचीत करते हुए सरदार हरमीत सिंह कालका और सरदार जगदीप सिंह काहलों ने बताया कि इस धार्मिक पुस्तक स्टोर में सिखी से संबंधित सभी वस्तुएं मिलेंगी। उन्होंने कहा कि इस पुस्तक स्टोर में सिखी के इतिहास से संबंधित पुस्तकों के साथ-साथ धार्मिक पुस्तकों की भी उपलब्धता होगी। उन्होंने कहा कि लोगों को इस पुस्तक स्टोर पर पहुंचकर इसका लाभ जरूर उठाना चाहिए।

# प्रदूषण को लेकर स्वाती मालीवाल ने दिल्ली सरकार पर साधा निशाना

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

आम आदमी पार्टी (आआपा) की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल ने दिल्ली सरकार पर वायु प्रदूषण को लेकर हमला बोला है। उन्होंने सुबह एक्स पर लिखा कि प्रदूषण बढ़ते ही सरकार नींद से जाग जाती है। शुरू हो जाता है मीटिंग-मीटिंग का खेल। करते रहिए मीटिंग मीटिंग, साथ ही उन्होंने दिल्ली सरकार से कई सवाल भी किए हैं।

मालीवाल ने पूछा कि कनाट प्लेट में 20 करोड़ रुपये की लागत से बना स्मॉग टावर बंद क्यों पड़ा है? डस्ट पॉल्युशन चरम पर है, सड़कें टूटी फूटी हैं, इतने समय से सड़कें ऐसी हालत में क्यों छोड़ी? सड़क की मैकेनिकल स्विपिंग के वादे का क्या हुआ? जिस पराली को गलाने वाले जादुई घोल का इतना प्रचार किया गया वो कहां गया? प्रदूषण फैलाने वाली फैक्टरियों पर कार्रवाई की गई? अपने निजी जश्न में जमकर पटाके फोड़े, अब जनता के लिए दिवाली पर पटाके बैन, आगे जाकर ऑड-ईवन जनता झेले, कंस्ट्रक्शन लेबर बेरोजगार होंगे, दिल्ली गैस चेंबर बनेगी।

दिल्ली सरकार ने 3 वर्ष पहले कनॉट प्लेस के नजदीक 20 करोड़ रुपये की लागत से स्मॉग टावर लगाया। इसकी ऊंचाई 24 मीटर है। दावा किया गया कि ये एक किमी दायरे में हवा साफ करेगा। उस समय मुख्यमंत्री रहे अरविंद केजरीवाल ने पर्यावरण मंत्री गोपाल राय के साथ इस स्मॉग टॉवर का उद्घाटन किया था। तब उन्होंने कहा था कि प्रदूषण से लड़ने और दिल्ली की हवा साफ करने के लिए आज दिल्ली में देश का पहला स्मॉग टॉवर लगाया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि दिल्ली सरकार की कैबिनेट ने शहर की सड़कों को धूल मुक्त बनाने के लिए एक योजना को मंजूरी दी थी। इस योजना के तहत हर विधानसभा क्षेत्र के लिए एक मैकेनिकल रोड स्वीपिंग मशीन लगाई जानी थी। 60 फुट से ज्यादा चौड़ी और पीडब्ल्यूडी के अंतर्गत आने वाली सभी सड़कों की सफाई विभाग द्वारा की जानी थी। इसका भी अता पता नहीं है।

# अच्छा काम करने वालों के काम को मिलनी चाहिए पहचान: प्रो. योगेश सिंह

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




दिल्ली विश्वविद्यालय के वार्षिक पुरस्कार समारोह- 2024 का आयोजन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह की अध्यक्षता में हुआ। इस अवसर पर शिक्षण और गैर शिक्षण क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां अर्जित करने वालों सहित बेस्ट वेबसाइटों को भी पुरस्कृत किया गया। कुलपति प्रो योगेश सिंह ने पुरस्कार विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि बहुत लोगों ने बहुत मेहनत की है। उनके काम को पहचान मिलनी ही चाहिए। कुलपति ने कहा कि यह अच्छी परंपरा है और इसे अन्य क्षेत्रों में बढ़ाया जाना चाहिए।

प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि ऐसे प्रोत्साहनों से विश्वविद्यालय में साकारात्मक माहौल का निर्माण होता है और तरक्की बढ़ती है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मानसिक शांति पर भी काम किया जाना चाहिए। अगर मन शांत होगा तो काम अच्छा ही होगा। दिल्ली विश्वविद्यालय के वाइस रीगल लॉज स्थित कन्वेंशन हॉल में आयोजित इस कार्यक्रम के आरम्भ में रजिस्ट्रार डॉ विकास गुप्ता ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। इसके साथ ही उन्होंने इस पुरस्कार समारोह और इसकी पृष्ठभूमि के बारे में विस्तार से जानकारी प्रस्तुत की। डॉ विकास गुप्ता ने विभिन्न श्रेणियों के पुरस्कारों, सामान्य दिशा-निर्देशों और मूल्यांकन प्रक्रिया में अपनाई जाने वाली नीतियों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि विभिन्न पुरस्कार श्रेणियों के अंतर्गत प्राप्त नामांकनों पर चर्चा करते हुए पुरस्कारों, शोध प्रकाशनों, उद्धरणों, शोध परियोजनाओं सहित कई पहलुओं पर एक-एक करके समीक्षा के उपरांत ही ये पुरस्कार घोषित किए गए हैं। कार्यक्रम के दौरान पुरस्कार विजेताओं को शाल, स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्रों से पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर डीन ऑफ कॉलेजेज प्रो बलराम पाणी और प्रॉक्टर प्रो रजनी अब्बी और डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. के. रत्नाबली सहित अनेकों शिक्षक, अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

इस समारोह के दौरान सेवानिवृत्त शिक्षकों के लिए विशिष्ट सेवा पुरस्कार श्रेणी के तहत भौतिकी और खगोल भौतिकी विभाग के प्रो. कस्तूरी बलूजा को पुरस्कृत किया गया। इसके साथ ही विभागों/संस्थानों/केंद्रों में सेवारत शिक्षकों के लिए उत्कृष्टता पुरस्कार - आयु 45 वर्ष या उससे कम श्रेणी के तहत वाणिज्य विभाग से प्रो. सुनैना कनौजिया और रसायन विज्ञान विभाग से प्रो. रामेंद्र प्रताप को पुरस्कृत किया गया। विभागों/संस्थानों/केंद्रों में सेवारत शिक्षकों के लिए उत्कृष्टता पुरस्कार - आयु 45 वर्ष से अधिकह्व श्रेणी में रसायन विज्ञान विभाग से प्रो. पी. वेंकटेश को पुरस्कृत किया गया। इसी तरह कॉलेजों में सेवारत शिक्षकों के लिए उत्कृष्टता पुरस्कार - आयु 45 वर्ष या उससे कम श्रेणी में आत्मा राम सनातन धर्म कॉलेज के भौतिकी विभाग से डॉ. अंजलि शर्मा कौशिक को पुरस्कृत किया गया। इसी प्रकार कॉलेजों में सेवारत शिक्षकों के लिए उत्कृष्टता पुरस्कार - आयु 45 वर्ष से अधिक श्रेणी में हंसराज कॉलेज के वनस्पति विज्ञान विभाग से प्रो. विजय रानी राजपाल और लेडी श्री राम कॉलेज फॉर विमेन के मनोविज्ञान विभाग से प्रो. कनिका आहूजा को पुरस्कृत किया गया। विशेष प्रशंसा पुरस्कार (सेवारत गैर-शिक्षण कर्मचारी) में संयुक्त कुलसचिव जोय चंदा और सहायक कुलसचिव संदीप शर्मा को पुरस्कृत किया गया। सर्वश्रेष्ठ वेबसाइट पुरस्कार के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की जांच इस क्षेत्र में विशेषज्ञता रखने वाले सदस्यों द्वारा उपयोगकर्ता-केंद्रित कार्यक्षमता, डिजाइन और सौंदर्यशास्त्र सहित इसके लिए सूचीबद्ध मानदंडों के आधार पर की गई और इस श्रेणी में विश्वविद्यालय के मानव विज्ञान विभाग और श्री गुरु गोविंद सिंह कॉलेज ऑफ कॉमर्स की वेबसाइटों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के समापन पर डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. के. रत्नाबली ने आभार ज्ञापित किया।

# जय भीम योजना जनता को गुमराह करने का एक और प्रयास : बिधूड़ी

नई दिल्ली। दक्षिण दिल्ली से भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने आम आदमी पार्टी सरकार द्वारा मुख्यमंत्री जय भीम योजना को फिर से लागू करने की घोषणा को जनता को गुमराह करने का एक और प्रयास कहा है। उन्होंने कहा है कि सुपर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और डमी मुख्यमंत्री आतिशी ने इस योजना को फिर से लागू करने की घोषणा करके फिर से झूठ का पुलिंदा जनता के सामने रखा है।

बिधूड़ी ने कहा कि केजरीवाल का यह कहना पूरी तरह असत्य है कि कोरोना और उनकी गिरफ्तारी के कारण यह योजना लागू नहीं हो सकी। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार ने यह योजना 2018 में लागू करने का ऐलान किया था लेकिन 2022 में यह योजना इसलिए दम तोड़ गई कि जिन 46 निजी संस्थानों के साथ सरकार ने समझौता किया था, सरकार ने उनका भुगतान ही नहीं किया था। इन संस्थानों से गरीब छात्रों को कोचिंग देने का अनुबंध सरकार ने किया था। संस्थानों ने कुछ समय तक कोचिंग दी लेकिन असल में सरकार ने गरीब छात्रों के साथ-साथ इन कोचिंग सेंटरों के साथ भी धोखा किया था। उन्होंने बीच में ही कोचिंग देनी बंद कर दी और छात्रों का कैरियर चौपट हो गया। दिल्ली सरकार द्वारा दिखाए गए सपने पूरी तरह झूठे साबित हुए।

उन्होंने कहा कि केजरीवाल को शराब घोटाले में इस साल मार्च के अंत में गिरफ्तार किया गया था जबकि केजरीवाल ने जुलाई 2023 में इस योजना को रिलॉन्च करने का ऐलान कर दिया था। अक्टूबर 2023 में इसे फिर से केबिनेट ने हरी झंडी दिखा दी थी। इसके बावजूद इस योजना को लागू नहीं किया गया। अब चुनावों को नजदीक देखकर सरकार ने फिर से दिल्ली की जनता को धोखा देने के लिए इस योजना को लागू करने का ऐलान किया है। गिरफ्तारी की आड़ लेकर हमदर्दी लेने की भी कोशिश की गई है लेकिन केजरीवाल अब जनता को और धोखा नहीं दे सकते। चुनाव से ठीक पहले यह योजना लागू करने की घोषणा करना झूठ बोलकर जनता को गुमराह करने के अलावा कुछ और नहीं है।

# हाईकोर्ट ने विधानसभा स्पीकर कार्यालय से जवाब मांगा

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को विधायक करतार सिंह तंवर की विधानसभा से उनकी अयोग्यता को चुनौती देने वाली याचिका पर स्पीकर कार्यालय से जवाब मांगा है। न्यायमूर्ति संजीव नरूला ने दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष के कार्यालय को नोटिस जारी किया और मामले को 9 दिसंबर को आगे की सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया। 2020 में आम आदमी पार्टी के टिकट पर छतरपुर निर्वाचन क्षेत्र से जीतने वाले तंवर को अध्यक्ष राम निवास गोयल ने 24 सितंबर को दलबदल विरोधी कानून के तहत अयोग्य घोषित कर दिया था। विधायक जुलाई में एक अन्य विधायक राज कुमार आनंद के साथ भाजपा में शामिल हो गए थे। तंवर का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता जयंत मेहता ने प्रस्तुत किया कि उन्हें व्यक्तिगत सुनवाई का अवसर दिए बिना जल्दबाजी में आदेश पारित किया गया था। उन्होंने कहा कि फैसले के कारण वह अपने कर्तव्यों का पालन करने में असमर्थ हैं और विकास कार्य बाधित हो रहे हैं। याचिका में दिल्ली विधानसभा की सदस्यता से अयोग्य ठहराने वाले विधानसभा अध्यक्ष द्वारा पारित 24 सितंबर के आदेश को रद्द करने की मांग की गई है। याचिका में स्पीकर के अलावा विधायक दिलीप कुमार पांडे को भी एक पक्ष के रूप में नामित किया गया है, क्योंकि उन्होंने अगस्त में याचिकाकर्ता को अयोग्य ठहराने की मांग करते हुए शिकायत दायर की थी। अदालत ने पांडे को भी नोटिस जारी कर याचिका पर जवाब मांगा है।

# गन्ना समिति का चुनाव सम्पन्न, सुशील कुमार उर्फ बंटी सभापति व लोकेंद्र सिंह उपसभापति निर्विरोध चुने गये

प्रात: किरण संवाददाता





स्योहारा। उत्तर प्रदेश में 9 साल के लंबे अंतराल के बाद हुए गन्ना समितियो के चुनाव में गहमा गहमी के बीच डेलीगेटस,संचालको, सभापति बनने के साथ ही चुनाव प्रक्रिया संपूर्ण हुई। जनपद बिजनौर में स्योहारा गन्ना समिति के लिये भी डेलीगेट्स ,संचालक और सभापति व उपसभापति चुने गये। गन्ना समिति स्योहारा में इन चुनाव के लिए चुनावी प्रक्रिया 23 सितंबर से शुरू हुई जिसमें डेलीगेट्स का चुनाव 3 अक्टूबर को संपन्न हुआ जिसमें 277 डेलिकेटस के पद चुनाव हुए इसमें 272 डेलीगेट्स चुने गए पांच डेलीगेट्स के पद रिक्त रहे। इन्ही में से कुछ डेलीगेटस निर्विरोध भी चुने गए। चुने गये 272 डेलीगेट्स में से 14 अक्टूबर को संचालक बनाये जाने के लिये लिए नामांकन किए गए। जिसमें लखपत सिंह, आलोक कुमार , रोहिताश, लोकेंद्र सिंह, विनोद कुमारी, सीमा, जयपाल सिंह, सुशील कुमार, अजीत सिंह, पंकज कुमार, दिनेश कुमार सहित 11 संचालक निर्विरोध बने। संदीप सैनी को शासन द्वारा संचालक पद के लिये नामित किया गया। इस तरह कुल मिलाकर 12 संचालक बने। 17 अक्टूबर को गन्ना समिति के लिए सभापति के चुनाव की प्रक्रिया हुई इन्ही 12 संचालकों में से ही सभापति व उपसभापति को चुना गया। जिसमे सभापति पद के लिए निचलपुर निवासी पूर्व प्रधान सुशील कुमार उर्फ बंटी व उप सभापति पद के लिए ग्राम रायपुर निवासी लोकेंद्र सिंह को निर्विरोध चुना गया। गन्ना समिति स्योहारा में सुशील कुमार उर्फ बंटी के सभापति व लोकेंद्र सिंह के उप सभापति बनने पर उनको गन्ना समिति के सचिव प्रदीप शर्मा,डेलीगेट्स संचालकों,भूपेंद्र सिंह, वरिष्ठ लिपिक चरण सिंह सहित कर्मचारियों तथा क्षेत्र के अन्य गणमान्य लोगों, भाजपा नेताओं तथा कार्यकताओं ने बधाई दी।

# बीजेपी सांसद की यमुना की सफाई को लेकर एलजी से संज्ञान लेने की अपील



नई दिल्ली। दिल्ली -एनसीआर की हवा में प्रदूषण रूपी जहर का स्तंर बढ़ता जा रहा है। लोगों को आंखों में जलन, सांस लेने में दिक्क त जैसी समस्याएं सामने आने लगी हैं। आने वाले दिनों में दिल्लीआ के आसपास पराली जलने से ये समस्याा खतरनाक स्तसर तक पहुंच सकती है। दिल्ली के आनंद विहार में अभी एक्यूजआई लेवल 332 तक पहुंच गया है। दिल्लीं में प्रदूषण को रोकने के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं। पटाखों पर प्रतिबंध से लेकर ग्रैप-1 तक लागू किया गया है। चांदनी चौक से बीजेपी सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि अरविंद केजरीवाल के 10 साल के शासन में दिल्ली की स्थिति बद से बदहाल हो गई है। यमुना की हालत बहुत खराब हो गई है। यमुना में जिस प्रकार से बाहर से बहकर केमिकल आ रहा है। जिस प्रकार से यमुना को गंदा कर दिया गया है। दिल्ली सरकार और अरविंद केजरीवाल का उस पर कोई ध्यान नहीं है। यमुना का एक हिस्सा जिसे मैंने कल जाकर देखा और लोगों से हालात जाना। इसके बाद उपराज्यपाल बीके सक्सेना से गुजारिश करुंगा कि वह इस पर तुरंत ध्यान दें और यमुना को ठीक करने के वो सारे उपाय करें। निश्चित रूप से दिल्ली पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उनकी सत्ताधारी पार्टी की जिम्मेदारी है। लेकिन अपने शहर को हम आप सरकार के भरोसे नहीं छोड़ सकते। बीजेपी सांसद ने कहा कि यमुना को हम अच्छा बना सके, यमुना हमारी मां है। यमुना को हर हाल में ठीक रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। हम सबको मिलकर यमुना के लिए काम करना होगा।

# सदर बाजार में अतिक्रमण के खिलाफ उतरे व्यापारी, ज्यादा पुलिस फोर्स, ड्रोन से निगरानी की मांग

प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली के सदर बाजार में जाम और अवैध पटरी को लेकर महिलाओं के साथ कुछ बदतमीजी करते हुए वीडियो वायरल होने के बाद व्यापारियों ने भारी नाराजगी जाहिर की है। व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि अगर प्रशासन ने व्यवस्था ठीक नहीं की तो वह सडकों पर उतरेंगे।

फेडरेशन ऑफ सदर बाजार ट्रेड्स एसोसिएशन (एफईएसटीए) ने कहा कि प्रशासन व्यवस्था ठीक करे नहीं तो मजबूरन सडकों पर उतरेंगे। फेडरेशन के वाइस चेयरमैन परमजीत सिंह पम्मा, अध्यक्ष राकेश यादव, महासचिव राजेंद्र शर्मा व कोषाध्यक्ष दीपक मित्तल ने बताया कि हमारी दिल्ली ट्रैफिक पुलिस, दिल्ली नगर निगम, दिल्ली पुलिस व मेट्रो के सभी अधिकारियों के साथ त्योहार से पहले एक बैठक हुई थी जिसमें कई मुद्दों पर चर्चा हुई।

ज्यादा पुलिसकर्मियों की तैनाती, ड्रोन से निगरानी आदि पर भी बात हुई थी। व्यापारी नेताओं ने कहा, दिल्ली पुलिस के अधिकारियों ने वीरवार को सदर बाजार में दौरा किया और अवैध पटरी अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई भी की गई। राकेश यादव व पम्मा ने कहा कि ऐसे ही गश्त जरूरी है ताकि आवाजाही सुगम बनी रहे। उन्होंने बताया कि सदर बाजार थाने की ओर से एक रोडमैप जारी हुआ है जिसमें मार्केट में ई-रिक्शा रोकने, बैरिकेड लगाने सहित कई उपाय सुझाए हैं। ताकि ग्राहक आसानी से खरीदारी कर सकें।

## सफदरजंग अस्पताल में बैरिएट्रिक एंड मेटाबॉलिक क्लिनिक की शुरूआत

नई दिल्ली। अनियमित दिनचर्या के कारण लोगों में मोटापे की समस्या बढ़ती जा रही है। इसके साथ ही मोटापे की वजह से लोगों को अन्य कई तरह कई बीमारियां अपनी चपेट में ले रही हैं। ऐसे मरीजों के इलाज के लिए केंद्र सरकार के सफदरजंग अस्पताल के सर्जरी विभाग ने एक नई सुविधा बैरिएट्रिक और मेटाबोलिक क्लिनिक को शुरू किया है। यह सुविधा मोटापे और मेटाबॉलिक (चयापचय) संबंधी विकारों से जूझ रहे रोगियों के लिए एक वरदान साबित होने की उम्मीद है। इस सुविधा का उद्घाटन शुक्रवार को सर्जरी ओपीडी में चिकित्सा अधीक्षक डॉ. वंदना तलवार ने किया। समारोह में अतिरिक्त चिकित्सा अधीक्षक व सर्जरी के विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राज कुमार चेजारा, पूर्व एचओडी डॉ. शिवानी बी परुथी और अन्य वरिष्ठ संकाय सदस्य शामिल हुए। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. वंदना तलवार ने कहा कि यह नया क्लिनिक मोटापे और मेटाबॉलिक संबंधी विकारों की बढ़ती चिंताओं को दूर करने के लिए हमारे अस्पताल की प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण कदम है। हमें विश्वास है कि यह सुविधा हमारे रोगियों को व्यापक देखभाल प्रदान करने की हमारी क्षमता को बढ़ाएगी। सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राज कुमार चेजारा ने कहा कि इस क्लिनिक से मोटापे की समस्या से जूझ रहे मरीजों को इलाज मिल सकेगा।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातः किरण

# राजधानी किरण

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, शनिवार, 19 अक्टूबर, 2024

# हॉटस्पॉट वाले इलाकों में वायु प्रदूषण को कम करने के लिए एक्शन आप सरकार

**नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता**

दिल्ली के 13 हॉटस्पॉट वाले इलाकों में वायु प्रदूषण को कम करने के लिए आप सरकार में है। इस बाबत पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कोऑर्डिनेशन कमेटी बनाई है। उन्होंने शुक्रवार को दिल्ली सचिवालय में हॉटस्पॉट वाले इलाकों में वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने को लेकर संबंधित विभागों के साथ बैठक की। बैठक में अफसरों से विस्तृत जानकारी ली और सभी दिशा-निदेशों को कडाई से पालन कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 13 हॉटस्पॉट के लिए बने अलग-अलग एक्शन प्लान के आधार पर काम किया जाएगा। धूल प्रदूषण कम करने के लिए हॉटस्पॉट वाले इलाकों में 80 मोबाइल एंटी स्मॉग गन लगाए गए हैं। साथ ही एमसीडी के डीसी को सभी सम्बंधित अधिकारी के साथ हॉटस्पॉट का लगातार दौरा करने का निर्देश दिया गया है और सभी जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं।

### 1- आनंद विहार

प्रदूषण का मुख्य स्त्रोत और उपाय- आनंद विहार बस स्टेशन के सामने क्षतिग्रस्त सड़कें, वाहनों के आवागमन से धूल उत्पन्न होना, चौधरी चरण सिंह मार्ग पर जाम की समस्या, सड़क के किनारों पर धूल का जमाव, एनसीआरटीसी कंस्ट्रक्शन साइट प्रोजेक्ट, रेलवे एसटीपी के पास कच्चा क्षेत्र, एकीकृत पूर्वी दिल्ली हब प्रोजेक्ट, रेलवे स्टेशन के निकास पर भीड़ (जाम की समस्या) की वजह से प्रदूषण है।

इसके समाधान के लिए डीटीआईडीसी, ट्रांसपोर्ट, एनसीआरटीसी, पीडब्ल्यूडी,एम सी डी, एन बी सी सी, रेलवे और ट्रैफिक पुलिस विभाग की कोआर्डिनेशन टीम बनाई गई है। यहां 10 मोबाइल एंटी स्मॉग गन लगाई गई हैं।

### 2- अशोक विहार

प्रदूषण का मुख्य स्त्रोत और उपाय- सीएक्यूएम स्टेशन के सामने सड़क की धूल, ट्रैफिक जाम (आजादपुर मेट्रो से आजादपुर बस टर्मिनल), मेट्रो प्रोजेक्ट के बगल में गुरजनवाला टाउन के पास कच्ची सड़क, प्रदूषण के स्त्रोत हैं। इसके समाधान के लिए एमसीडी, ट्रैफिक पुलिस,, दिल्ली मेट्रो की कोआर्डिनेशन टीम बनाई गई है। यहां 4 मोबाइल एंटी स्मॉग गन लगाई गई हैं।

### 3 - द्वारका हॉटस्पॉट

प्रदूषण का मुख्य स्त्रोत और उपाय- द्वारका हॉटस्पॉट इलाके में सड़क पर धूल (राष्ट्रीय मलेरिया अनुसंधान केंद्र (द्वारका) जहां सीएक्यूएम स्टेशन स्थापित है, के पास सड़कों पर धूल), सीएक्यूएम स्टेशन के ठीक सामने डीडीए ग्राउंड में कचरा और सी एंड डी कचरे की अवैध डंपिंग वायु प्रदूषण का स्त्रोत है। इसके समाधान के लिए एमसीडी, डीडीए की कोआर्डिनेशन टीम बनाई गई है ।यहां 4 मोबाइल एंटी स्मॉग गन लगाई गई हैं।

### 4 .मुंडका हॉटस्पॉट

प्रदूषण का मुख्य स्त्रोत और उपाय- यहां पर मॉनिटरिंग स्टेशन के पास शहरी विस्तार रोड-2 (यूईआर-2) के निर्माण से भारी धूल उत्सर्जन, आरएमसी प्लांट का संचालन, पास के दिल्ली-रोहतक राजमार्ग पर कच्चे रास्ते और गड्ढों के कारण भारी मात्रा में धूल उड़ना, दिल्ली-रोहतक राजमार्ग



पर यातायात की मात्रा अधिक होने और मुंडका औद्योगिक क्षेत्र मेट्रो स्टेशन चौराहे के नीचे यातायात की भीड़, मुंडका पुनर्विकास क्षेत्र के अंदर कच्ची सड़कें, निकटवर्ती डीएमआरसी कास्टिंग यार्ड के अंदर आरएमसी प्लांट का संचालन और डीएमआरसी आवासीय परिसर के पीछे रानीखेड़ा मोड़ लाल बत्ती से शुरू होने वाले शहीद विक्रांत सिंह लाकड़ा मार्ग के गड्ढों और कच्चे साइड से धूल का उत्सर्जन, प्रदूषण का स्त्रोत है। इसके समाधान के लिए एनएचएआई, एमसीडी, लोक निर्माण विभाग, दिल्ली ट्रैफिक पुलिस, डीएसआईआईडीसी, डीएमआरसी की कोआर्डिनेशन टीम बनाई गई है। यहां 8 मोबाइल एंटी स्मॉग गन लगाई गई हैं।

### 5 - जहांगीरपुरी हॉटस्पॉट

प्रदूषण का मुख्य स्त्रोत और उपाय- यहां पर बायोमास बर्निंग, डीएमआरसी निर्माण स्थल और प्लांट, भलस्वा सेनेटरी लैंडफिल, आईटीआई परिसर के सामने बस टर्मिनल के पास यातायात जाम की समस्या, निर्माण एवं विध्वंस रीसाइक्लिंग प्लांट, वायु प्रदूषण का स्त्रोत है। इसके समाधान के लिए एमसीडी,डूसिब, दिल्ली पुलिस,राजस्व विभाग, डीटीसी, डीएमआरसी की कोआर्डिनेशन टीम बनाई गई है। यहां 4 मोबाइल एंटी स्मॉग गन लगाई गई हैं।

### 6. रोहिणी हॉटस्पॉट

प्रदूषण का मुख्य स्त्रोत और उपाय- वेंकटेश्वर अस्पताल का निर्माण स्थल, आई एंड एफसी भूमि पर कचरा डंपिंग, खुले में कचरा जलाना,. प्रदूषण का प्रमुख स्त्रोत है। इसके समाधान के लिए सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग, एम.सी.डी., फायर सर्विसेज की कोआर्डिनेशन टीम बनाई गई है। यहां 7 मोबाइल एंटी स्मॉग गन लगाई गई हैं।

### 7-नरेला हॉटस्पॉट

प्रदूषण का मुख्य स्त्रोत और उपाय डीटीसी बस डेपो में निर्माण कार्य, नरेला इंस्ट्रीयल एरिया के खाली जगह पर कचरे का डंपिंग, एन आई टी दिल्ली में निर्माण कार्य,जाम की समस्या, नरेला औद्योगिक क्षेत्र में यातायात की भीड़, विशेषकर ट्रकों की भारी समस्या, पॉकेट 9 अ में डी डी ए हाउसिंग प्रोजेक्ट में सड़क पर गड्ढे और सड़क की धूल, टाटा पावर द्वारा अंडरग्राउंड केबल प्रोजेक्ट ,प्रदूषण का स्त्रोत है। इसके समाधान के लिए एनएचएआई, एम.सी.डी, डीएसआईआईडीसी, दिल्ली ट्रैफिक पुलिस, डीडीए, डीटीसी, टाटा पावर की कोआर्डिनेशन टीम बनाई गई है। यहां 5 मोबाइल एंटी स्मॉग गन लगाई गई हैं।

### 8- ओखला हॉटस्पॉट

प्रदूषण का मुख्य स्त्रोत और उपाय यहां पर मां आनंदमयी मार्ग और ओखला एस्टेट मार्ग की क्षतिग्रस्त सड़क, भारी ट्रैफिक जाम प्रदूषण का कारण है। इसके समाधान के लिए पीडब्ल्यूडी, एमसीडी, दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की कोआर्डिनेशन टीम बनाई गई है। यहां 5 मोबाइल एंटी स्मॉग गन लगाई गई हैं।

### 9-पंजाबी बाग हॉटस्पॉट

प्रदूषण का मुख्य स्त्रोत और उपाय- यहां पर मोती नगर फ्लाईओवर का निर्माण, मोती नगर फ्लाईओवर के नीचे भारी ट्रैफिक जाम, रोड नंबर 41 पर गड्ढे, राम लीला मैदान में ड्राइविंग ट्रेनिंग पार्क का उपयोग, रोहतक रोड की सर्विस लेन पर सीएंडडी वेस्ट की अवैध डंपिंग वायु प्रदूषण का स्त्रोत है। इसके समाधान के लिए पीडब्ल्यूडी, एमसीडी, दिल्ली ट्रैफिक पुलिस, की कोआर्डिनेशन टीम बनाई गई है। यहां 4 मोबाइल एंटी स्मॉग गन लगाई गई हैं।

### 10- आर.के. पुरम हॉटस्पॉट

प्रदूषण का मुख्य स्त्रोत और उपाय- यहां पर हैवी ट्रैफिक, सड़कों पर गड्ढे, एन.बी.सी.सी. की निर्माण साइट प्रमुख स्त्रोत है। इसके समाधान के लिए एमसीडी, दिल्ली ट्रैफिक पुलिस, एन.बी.सी.सी. की कोआर्डिनेशन टीम बनाई गई है। यहां 6 मोबाइल एंटी स्मॉग गन लगाई गई हैं।

### 11 - विवेक विहार हॉटस्पॉट

प्रदूषण का मुख्य स्त्रोत और उपाय यहां पर योजना विहार की सोसायटियों में निर्माण और विध्वंस गतिविधि, बी-ब्लॉक, झिलमिल में टूटी सड़कों के कारण सड़क पर धूल का उड़ना, रेलवे रोड (झिलमिल अंडरपास) के पास सड़कों भारी जाम वायु प्रदूषण का स्त्रोत है। इसके समाधान के लिए पीडब्ल्यूडी, एमसीडी, डी एस आई आई डी सी ,दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की कोआर्डिनेशन टीम बनाई गई है। यहां 5 मोबाइल एंटी स्मॉग गन लगाई गई हैं।

## लगातार बढ़ती महंगाई से गरीब जनता हुई परेशान : सुरेन्द्र कुमार

**नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता**

त्योहारी सीजन में हर चीज महंगी होती जा रही है। बढ़ती महंगाई नें लोगो के त्यौहार फीके कर दिए हैं। यह कहना है बवाना से कांग्रेस के पूर्व विधायक चौधरी सुरेन्द्र कुमार का। सुरेन्द्र कुमार ने कहा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के निर्देशानुसार गांव देहात में सभाओं का कार्यक्रम जारी है। इसी कड़ी में आज बाजितपुर गांव में ब्लॉक अध्यक्ष ब्रह्म प्रकाश राणा की अध्यक्षता में व भाई राकेश की अगुवाई में वरिष्ठ महानुभावों व युवा साथीयों के साथ आगामी चुनाव के लिए विचार विमर्श किया व आगे की रणनीति साझा की। निश्चित ही समस्त विधानसभा बाहरी व लापता विधायकों से परेशान हैं। सुरेन्द्र कुमार ने कहा कि लोकसभा चुनावों के परिणामों के तुरंत बाद खाने पीने की चीजों के दामों में हुई वृद्धि से साफ हो रहा है कि भाजपा सरकार ने सब कुछ बेलगाम छोड़ दिया है। पूंजीपति मित्रों के निजी सरंक्षण के लिए चिंतित मोदी सरकार गरीब आदमी थाली को लगातार महंगी कर रही है। उन्होंने कहा कि महंगाई में बढ़ोतरी के आरबीआई के आंकड़े के अनुसार सब्जियों की कीमतों में वर्ष 2011-12 से 2019-20 के दौरान जो तेजी और बढ़ोत्तरी हुई है, उससे भी ज्यादा तेजी वर्ष 2024-25 के दौरान 5.46 प्रतिशत खुदरा महंगाई दर्ज की गई है। सुरेन्द्र कुमार नें कहा ने कहा कि दिल्ली सरकार हो या दिल्ली नगर निगम, आम आदमी पार्टी सत्ता में होने के बावजूद काम न करने का बहाना उनकी 10 वर्ष पुरानी आदत बन चुकी है। उन्होंने कहा कि निगम का काम सफाई व्यवस्था, स्वास्थ्य और शिक्षा व्यवस्था को दुरस्त और व्यवस्थित करना होता है। लेकिन दिल्ली में पिछले 11 वर्षो से दिल्ली में सफाई व्यवस्था, प्राथमिक शिक्षा और प्राथमिक उपचार के मामले में दिल्ली पूरी तरह पिछड़ गई है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में 11000 मीट्रिक टन से अधिक कचरा प्रतिदिन निकलता है और पहले भाजपा और अब आम आदमी पार्टी इसकी व्यवस्थित सफाई और नियंत्रण में पूरी तरह नाकाम साबित हुई।

## कैनेडा के सिखों द्वारा दिल्ली कमेटी धर्म प्रचार के मुखी जसप्रीत सिंह करमसर का शानदार स्वागत



**सूचना**

- कैनेडा के सिख बुद्धिजीवी ने जसप्रीत सिंह करमरसर के विचारों से प्रभावित होकर उन्हें अपना गुरु माना

**नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता**

दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी धर्म प्रचार के चेयरमैन जसप्रीत सिंह करमसर के कैनेडा दौरे के दौरान ब्रैम्प्टन की विश्व पंजाबी सभा द्वारा दिल्ली कमेटी में बतौर धर्म प्रचार के क्षेत्र में निभाई जा रही सेवाओं के लिए उनका ना सिर्फ शानदार स्वागत किया गय बल्कि स्वागत समारोह के दौरान करमसर के द्वारा दिए गये भाषण से मौजूद सिख बुद्धिजीवी खासे प्रभावित हुए और करमसर को अपना गुरु मान लिया। सः जसप्रीत सिंह करमसर ने विश्व पंजाबी संस्था ब्रैम्टन के सदस्यों के साथ साथ सभी प्रवासी पंजाबीयों को आभार प्रकट किया जिनके द्वारा उन्हें सम्मानिन्त किया गया। सः जसप्रीत सिंह करमसर ने बताया कि वह अपने व्यवसायिक दौरे पर कैनेडा के ब्रैम्पटन शहर पहुंचे थे जहां पर विश्व पंजाबी सभा के द्वारा उन्हें सम्मानिन्त किया गया। उन्होंने बताया कि संस्था के चेयरमैन डा दलबीर सिंह कथूरिया जिन्होंने अपने जीवनकाल में पंजाबीयत की बाखूबी सेवा निभाई है और उनके द्वारा शिक्षा प्राप्त करके आज अनेक ऐसी हस्तियां हैं जिन्होंने बतौर पंजाबी कलाकार, गायक, उच्च पदों पर आसीन होकर पंजाबीयत की सेवा की है। ऐसी महान शख्सीयतों से सम्मान पाकर सः जसप्रीत सिंह करमसर स्वयं को गौरवांतित महूसस कर रहे हैं। सः जसप्रीत सिंह करमसर ने कहा कि वह अपने व्यवसायिक दौरों पर अक्सर संसार के अलग अलग देशों में जाया करते हैं मगर ब्रैम्पटन के पंजाबीयों खासकर विश्व पंजाबी संस्था के सदस्यों द्वारा मिले प्यार के चलते यह उनके जीवन का यादगारी दौरा होगा। उन्होंने बताया कि डा कथूरिया सहित अन्य बुद्धिजीवियों के द्वारा अपने भाषण के दौरान उनकी प्रशंसा करते हुए यहां तक कह दिया कि उनके विचार सुनकर उन्हें बहुत कुछ सीखने को मिला।

## मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सत्येंद्र जैन को मिली जमानत, ईडी ने किया था गिरफ्तार

नई दिल्ली। राऊज एवेन्यू कोर्ट ने शुक्रवार को दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री और मनी लॉन्ड्रिंग मामले के आरोपी सत्येंद्र जैन को जमानत दे दी। इससे पहले कोर्ट ने 5 अक्टूबर को जैन पर फैसला सुरक्षित रख लिया था। सत्येन्द्र जैन की याचिका पर 25 जुलाई को हाईकोर्ट ने ईडी को नोटिस जारी किया था। हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से पेश वकील विवेक गुरनानी ने इस मामले में ईडी को नोटिस करने का विरोध करते हुए कहा कि सत्येंद्र जैन को जुलाई 2022 में ही समन जारी किया गया था, लेकिन जब ईडी उनके डिफॉल्ट जमानत का विरोध कर रही है तब उन्होंने ये याचिका दायर किया है। ईडी की दलीलों को दरकिनार करते हुए हाईकोर्ट ने नोटिस जारी करने का आदेश दिया था। जैन पर आरोप है कि उन्होंने 2009-10 और 2010-11 में फर्जी कंपनियां बनाई। इन कंपनियों में अकिंचन डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड, इंडो मेटल इम्पेक्स प्राइवेट लिमिटेड, प्रयास इंफो सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, मंगलायतन प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं। इस मामले में ईडी ने सत्येंद्र जैन के अलावा जिन्हें आरोपी बनाया है उनमें उनकी पत्नी पूनम जैन, अजीत प्रसाद जैन, सुनील कुमार जैन, वैभव जैन, अंकुश जैन, मेसर्स अकिंचन डेवलपर्स प्राईवेट लिमिटेड, मेसर्स प्रयास इंफो सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, मंगलायतन प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड और जेजे आइडियल इस्टेट प्राइवेट लिमिटेड को आरोपी बनाया गया है। ईडी ने सत्येंद्र जैन को 30 मई 2022 में गिरफ्तार किया था।

## स्कूटी की स्पीड डिफेंस कलोनी में बढ़ाना पड़ गया महंगा



**संवादाता**

डिफेंस कॉलोनी थाना की पुलिस टीम ने दो शातिर ऑटो लिफ्टर/मोबाइल चोर को गिरफ्तार किया है। उनके पास से चोरी की स्कूटी के अलावा पांच मोबाइल बरामद किया गया है। इनमें से एक पहले से 14 मामलों में शामिल रहा है। डीसीपी अंकित चौहान ने बताया कि एक आरोपी दिल्ली पुलिस का घोषित बीसी भी है। एसीपी डिफेंस कॉलोनी की देखरेख में एसएचओ संजय शर्मा, सब इंस्पेक्टर रामकिशन की टीम ने पेट्रोलिंग के दौरान मूलचंद फ्लाईओवर वाली रेड लाइट पर दो संदिग्ध युवकों को जांच के लिए रोका था। वह दोनों स्कूटी से जा रहे थे, पुलिस का इशारा मिलने के बाद उन्होंने स्कूटी रोकने की बजाय उसकी स्पीड बढ़ाकर भागने की कोशिश की थी। जब उन्हें पकड़ा गया और तलाशी हुई तो कई मोबाइल बरामद किए गए। उनकी पहचान सागर और उसके साथी राहुल के रूप में हुई। पता चला जिस स्कूटी से वो भाग रहे थे, वह सरिता विहार थाना इलाके से चुराई गई थी। सागर पर लूट, स्नैचिंग, हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट सहित 14 मामले दर्ज हैं।

## कैलाशपुरी में रात लगी भीषण आग, 25 गाड़ियों ने बुझाया



**संवादाता**

साउथ वेस्ट दिल्ली के कैलासपुरी एक्सटेंशन इलाके में देर रात एक मकान में आग लग गई। सूचना मिलते ही मौके पर लोकल पुलिस की टीम पहुंची और फायर ब्रिगेड की 25 गाड़ियां भी एक-एक करके पहुंची। सुबह 3:00 के आसपास आग पर काबू पाया गया। राहत की बात यह रही कि इस हादसे में कोई घायल या हताहत नहीं हुआ। लेकिन बिल्डिंग में रखा हुआ सामान जलकर खाक हो गया। डीसीपी सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि इस मामले में आगे की जांच पुलिस के द्वारा किए जा रही है।

## जनपद में कानून व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित

**प्रात : किरण संवाददाता**



अमरोहा। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में अभियोजन कार्य एवं कानून व्यवस्था के सम्बन्ध में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा सभी तहसीलों को मिलाकर 224 भूमि संबंधी विवाद चिन्हित किए गए इन विवादों में प्राथमिकता के साथ पुलिस और राजस्व के अधिकारी मिलकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराएं। जिलाधिकारी ने कहा कि भूमि संबंधी विवाद अपराध से भी ज्यादा है अपराधी जितना चोरी में नहीं कमाता है उतना जमीन संबंधी कार्य में कमाता है । कहा कि कब्जा परिवर्तन बिना सक्षम अधिकारी और बिना सक्षम न्यायालय के आदेश के बिना किया गया तो सम्बन्धित की खैर नहीं होगी ।लेखपाल और पुलिस की भूमि विवादों में यदि संलिप्तता आई तो कड़ी से कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी ।लोगों को परेशान ना किया जाए एक ही कार्य के लिए बार-बार दौड़ाया न। यदि निर्माण कार्य किया जा रहा है मामला ठीक है लेकिन कब्जा नहीं दिलाया जाता है तो उप जिलाधिकारी और क्षेत्राधिकार दोनों मिलकर मौके पर पहुंच निस्तारण कराएंगे। कहा जो भी जमीन संबंधी गंभीर मामले हैं उप जिला अधिकारी और क्षेत्राधिकारी दोनों संयुक्त रूप से मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें।भूमि संबंधी विवादों का निस्तारण में पुलिस और राजस्व का अच्छा समन्वय होना चाहिए तभी निपटारा हो सकता है। अभियोजन कार्यो की समीक्षा में जिलाधिकारी ने कोर्ट वार कितने को सजा दी गयी कितने को दोषमुक्त किया गया कितने साक्षी आये कितने अपील की गई कितने बेल की गई सहित अन्य कार्यो की जानकारी ली । कहा महिला व नाबालिग सम्बन्धी मामलों को प्राथमिकता से निस्तारण कराया जाए। पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने कहा कि जो टॉप 50 अपराधी हैं जिले में लूट हत्या डकैती जैसे मुकदमे दर्ज हैं सजा नहीं मिली है प्राथमिकता से सजा दिलाया जाय । पुलिस अधीक्षक ने कहा कि बहुत से अपराधी हैं जिनमे माफियाओं गुंडो के मुकदमे हैं उनको ट्रायल में लाया जाये चार्ज शीट लगने के बाद भी कोर्ट ने संज्ञान नहीं लिया है । कहा केस डायरी के बहुत से मामले लंबित हैं कोर्ट में दाखिल कराया जाए कोई शेष न रहे । पुलिस अधीक्षक ने सभी क्षेत्र अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा 107 और 116 के जो मामले हैं अधिक से अधिक पाबन्द कराया जाय हर तहसील से एक गुंडा चिन्हित किया जाय जिसमे 122 की कार्यवाही की जा सके एक सर्किल से एक अपराधी चिन्हित करने का लक्ष्य रखा जाए। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक कुं0 अनुपम सिंह, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) मायाशंकर, अपर पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार, उप जिलाधिकारी अमरोहा, उपजिलाधिकारी धनौरा, सी0ओ0, जिला शासकीय अभियोजन अधिकारी व जिला शासकीय अधिवक्ता गण सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## दिल्ली की आबोहवा खराब होने के पीछे आप सरकार जिम्मेदार : राजा इकबाल सिंह

**नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता**



दिल्ली नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण के स्तर एवं दिन ब दिन खराब होती हवा के लिए आम आदमी पार्टी पर निशाना साधा। सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा कि अभी हाल ही में जारी एक रिपोर्ट के अनुसार दिल्ली में खराब होती हवा के लिए स्थानीय कारकों को जिम्मेदार माना है। सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा कि सड़कों पर फैली मिट्टी एवं गड्ढों के कारण दिल्ली ने प्रदूषण का स्तर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि इससे पता चलता है कि दिल्ली नगर निगम एवं दिल्ली सरकार का पीडब्ल्यूडी विभाग बुरी तरह से असफल साबित हुए हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में चारों तरफ लगे कूड़े के ढेर दिल्ली के प्रदूषण में वृद्धि कर रहे हैं। सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा कि काम न करना आम आदमी पार्टी का असली चरित्र है। सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा कि आम आदमी पार्टी यमुना सफाई के मुद्दे पर दिल्ली की सत्ता पर काबिज हुई लेकिन यमुना नदी का बढ़ता प्रदूषण एवं उसमें उठते झाग आप पार्टी की नाकामयाबी बयां कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष रिकॉर्ड बारिश होने के बाद भी यमुना नदी में प्रदूषण का स्तर बढ़ा है। प्रत्येक वर्ष छठ पूजा के पावन पर्व के आस पास आम आदमी पार्टी यमुना नदी को साफ करने का शिगुफा छोड़ती है लेकिन यमुना नदी में उठते सफेद झाग आप पार्टी के सफेद झूठ को उजागर कर रहे हैं। सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा कि आम आदमी पार्टी स्वयं कुछ भी काम नहीं करती है तथा उनका सारा ध्यान दूसरे के किए हुआ कार्यो का झूठा श्रेय लेने में रहता है। सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा कि दिल्ली नगर निगम की आम आदमी पार्टी की सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है एवं इनकी नाकामयाबी का दंश दिल्ली की जनता को भुगतना पड़ रहा है।

## मोती नगर विधानसभा क्षेत्र में के.सी गर्ग मार्ग का उद्घाटन

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली के विकास की रफ्तार लगातार तेज हो रही है। इसी क्रम में आज मोती नगर विधानसभा के ईस्ट पंजाबी बाग क्षेत्र में के.सी गर्ग मार्ग के नवीनीकरण कार्य पूर्ण करने का उद्घाटन किया। इस महत्वपूर्ण सड़क के पुनर्निर्माण से क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर यातायात सुविधा मिलेगी और उनके दैनिक जीवन में भी सुधार आएगा। इस नवीनीकरण कार्य का उद्घाटन विधायक शिवचरण गोयल ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार का मुख्य उद्देश्य हर नागरिक को बेहतरीन बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना है, और यह सड़क उसी लक्ष्य की ओर एक कदम है। यह सड़क निर्माण कार्य न सिर्फ क्षेत्र की सड़कों को दुरुस्त करेगा, बल्कि आम जनता के लिए सुगम और सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करेगा। इस सड़क के निर्माण से यातायात व्यवस्था में सुधार होगा, जिससे आवागमन आसान और सुरक्षित हो सकेगा। इसके साथ ही सड़क के निर्माण के दौरान पानी की निकासी और सड़क की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, ताकि बरसात के मौसम में जलभराव जैसी समस्याओं का सामना न करना पड़े। सड़क का पुनर्निर्माण व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा देगा और स्थानीय व्यवसायों को भी लाभ पहुंचाएगा। इस अवसर पर स्थानीय निवासियों ने भी अपनी खुशी व्यक्त की और सरकार की इस पहल का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों से उन्हें बड़ी राहत मिल रही है।

## आप सरकार ने मुख्यमंत्री जय भीम योजना को दोबारा किया शुरू, कैबिनेट की लगी मोहर, गरीबों के बच्चे को मिलेगी फ्री कोचिंग

### जय भीम योजना के जरिए प्रतियोगी परीक्षाओं की फ्री कोचिंग पाकर अब युवा दोबारा अपने सपनों को पूरा कर सकेंगे- आतिशी

**नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता**





दिल्ली की आप सरकार ने गरीबों के बच्चों की पढ़ाई के लिए एक क्रांतिकारी फैसला लिया है। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले गरीब परिवार के छात्रों को मुफ्त कोचिंग दिलाने के लिए सरकार ने मुख्यमंत्री जय भीम योजना को दोबारा शुरू कर दिया है। शुक्रवार को मुख्यमंत्री आतिशी की अध्यक्षता में हुई बैठक में दिल्ली कैबिनेट ने इस पर मोहर लगा दी। आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने यह यह जानकारी साझा करते हुए कहा कि इस योजना के तहत एससी, एसटी, ओबीसी और ईडब्ल्यूएस समाज के बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी मुफ्त में कराई जाएगी। भाजपा वालों ने काम रोककर दिल्लीवालों को परेशान करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। दिल्लीवाले मेरे परिवार का हिस्सा हैं, मैं उन्हें तकलीफ में नहीं देख सकता। अब मैं जेल से बाहर आ गया हूं और बीजेपी द्वारा रोके गए जय भीम योजना समेत सभी कामों को हम दोबारा शुरू करा रहे है। शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में मुख्यमंत्री आतिशी के साथ प्रेसवार्ता कर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि जब मैं जेल में था, इन्होंने दिल्ली के लोगों को परेशान करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। इन्होंने ऐसे-ऐसे काम रोक दिए, जिससे दिल्ली के गरीब और आम आदमी बहुत ज्यादा परेशान हो रहे हैं। इनके लिए दिल्ली के लोग उनकी राजनीति का हिस्सा हो सकते हैं, लेकिन मेरा दिल्ली के लोगों के साथ अलग रिश्ता है। दिल्ली के लोग मेरा परिवार हैं। मैं दिल्ली के लोगों को तकलीफ में नहीं देख सकता। उनका मेरे ऊपर बहुत अहसान है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मैं जब से जेल से निकला हूं, मेरी कोशिश है कि इन्होंने मुझे जेल भेजकर दिल्ली के जो भी काम रोके, दिल्लीवालों को परेशान किया, उन्हें तकलीफ दी। एक-एक करके हम उन सभी कामों को दोबारा शुरू करवाएं। इसी सिलसिले में आज दिल्ली सरकार ने एक बहुत महत्वपूर्ण फैसला लिया है, जो दिल्ली के दलित, एसटी, ओबीसी समाज और ईडब्ल्यूएस के लिए एक बहुत अच्छी खुशखबरी है।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में 2017 में हमने मुख्यमंत्री जय भीम योजना शुरू की थी। इस योजना के तहत हम दलित, एसटी, ओबीसी और ईडब्ल्यूएस कैटेगरी से आने वाले बच्चों को कोचिंग करने में मदद करते थे। 12वीं के बाद जब मैंने आईआईटी की तैयारी की तो मैंने दो कोचिंग संस्थानों से कोचिंग की थी। उन दिनों में भी कोचिंग बहुत महंगी हुआ करती थी। अगर मैं वो दोनों कोचिंग नहीं करता तो पता नहीं मेरा अच्छा रैंक आता या नहीं और आईआईटी में मेरा दाखिला होता या नहीं। आईआईटी से पास होने के बाद सिविल सर्विसेज की तैयारी के लिए भी मैंने कोचिंग की थी। अगर मैं वो कोचिंग नहीं करता तो पता नहीं मेरा दाखिला होता या नहीं। लेकिन कोचिंग बहुत महंगी होती है। गरीब, दलित, एसटी और ओबीसी समाज के लोग जिनके पास पैसा नहीं है, उनके बच्चे होशियार हैं क्योंकि उनकी बुद्धिमानी पैसे की मोहताज नहीं है। गरीबों के घर भी होशियार बच्चे पैदा होते हैं। लेकिन उन्हें वो सहूलियत और अवसर नहीं मिलता। हमारी सरकार का मकसद उन्हें भी वही सहूलियत दिलाना और वही अवसर मुहैया करना जो अमीरों के बच्चों को मिलते हैं या जो मुझे मिले। अरविंद केजरीवाल ने आगे कहा कि भगवान ने मुझे एक मध्यम वर्गीय परिवार में पैदा किया। जो अवसर मुझे मिले वो दिल्ली के गरीब से गरीब बच्चे को भी मिलने चाहिए। इन बच्चों को यह अवसर दिलाने के लिए हमने स्कीम निकाली थी कि 12वीं पास करने के बाद या ग्रेजुएशन के बाद अगर कोई बच्चा मेडिकल, इंजीनियरिंग, रेलवे, यूपीएससी या अन्य नौकरी के लिए अगर वह किसी भी कोचिंग में एडमिशन लेता है

## दिल्ली नगर निगम ने केशव पुरम जोन में 15 आवारा पशुओं को पकड़ा

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम शहर में आवारा पशुओं और अवैध डेयरियों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई कर रहा है। ऐसे ही एक प्रयास में, आज दिल्ली नगर निगम ने संयुक्त प्रयास के तहत केशव पुरम जोन के शकुरपुर क्षेत्र में चलाए गए एक अभियान में 15 आवारा मवेशियों को पकड़ा है। इस मौके पर पुलिस बल भी तैनात था। एमसीडी अपने अधिकार क्षेत्र में आवारा मवेशियों पर अंकुश लगाने के लिए कड़े कदम उठा रही है। एमसीडी का पशु चिकित्सा सेवा विभाग आवारा मवेशियों और शहरीकृत क्षेत्र में चल रही अवैध डेयरियों की समस्या को हल करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। आने वाले दिनों में निगम की ओर से इस संबंध में और सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## 97 वर्षीय महिला के घुटनों का सफल प्रत्यारोपण




नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में डॉक्टरों ने 97 वर्षीय महिला के घुटनों का सफल प्रत्यारोपण किया है। डॉक्टरों का दावा है कि घुटनों का प्रत्यारोपण कराने वाली यह भारत की उम्रदराज मरीज है। दिल्ली के फोर्टिस वसंतकुंज अस्पताल की ओर से कांस्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में आयोजित पत्रकार वार्ता में यह जानकारी दी गई। अस्पताल के हड्डी रोग विभाग के निदेशक डॉ धनंजय गुप्ता का कहना है कि रेशम देवी अस्पताल में घुटनों की रिप्लेसमेंट सर्जरी कराने वाली सबसे अधिक उम्र की भारतीय हैं। महिला पिछले 30 वर्षों से वृंदावन के एक आश्रम में स्वतंत्र रूप से रह रही थीं, पिछले साल गिर गईं थीं, जिस की वजह से उनके बाएं कूल्हे में फ्रैक्चर और हड्डी खिसकने की समस्याथ हो गई थी। शुरू में उनकी कमजोर सेहत को देखते हुए उनका सामान्यड उपचार किया गया, लेकिन कूल्हे में लचीलेपन की विकृति तथा दोनों घुटनों में गंभीर ऑस्टियोआर्थराइटिस के कारण उन्हें चलने-फिरने में गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा था। अस्पताल में भर्ती होने के समय रेशम देवी का चलना-फिरना काफी मुश्किल था और दोनों घुटनों तथा बाएं कूल्हे में गंभीर दर्द की शिकायत थी। छह महीने से ज्या दा समय तक उन्होंपने फिजियोथेरेपी कराई और सर्जरी से पहले की तैयारी की, जिसमें उनकी हड्डियों को मजबूत करने के लिए कैल्शियम और विटामिन डी सप्लीमेंट के इंजेक्शन दिए गए थे। इसके बावजूद, उन्हेंश रोजमर्रा के कामकाज में दिक्कत आ रही थी और वह दूसरों की सहायता पर निर्भर थीं।

## संक्षिप्त खबरें

### 36 वर्षीय युवक का शव बरामद

हवेली खड़गपुर(मुंगेर)। पुलिस सूत्रों के अनुसार हवेली खड़गपुर के छोटकी फुलवरिया गांव के निवासी 36 वर्षीय सिकंदर किस्कू का लाश खड़गपुर झील से बरामद किया गया है। खड़गपुर थाना अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि काफी प्रयास के बाद सिकंदर किस्कू की पहचान हो पाई है। उसके परिवार के भाई कुंदन किस्कू ने बताया कि मेरा भाई सिकंदर किस्कू मानसिक रूप से बीमार था हो सकता है कि झील में डूबने से इसकी मौत हो गई है। वहीं पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टमके लिए सदर अस्पताल मुंगेर भेज दिया है।

### दो शराबी गिरफ्तार

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। शामपुर पुलिस ने नशे की हालत में दो शराबी को गुरुवार के दिन गिरफ्तार किया है। बिलिया गांव निवासी शिवकुमार और बरियारपुर थाना क्षेत्र के कुमार पुर गांव के दुकान पिंड को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### नामजद अभियुक्त गिरफ्तार

संग्रामपुर मुंगेर ।संग्रामपुर थाना कांड संख्या 214/ 24 के नामजद अभियुक्त थाना क्षेत्र के चंदनिया गांव निवासी अनिल यादव को संग्रामपुर पुलिस द्वारा गुरुवार की देर रात गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में मुंगेर भेज दिया गया। थाना अध्यक्ष ने जानकारी देते हुए बताया कि चंदनिया गांव में बीते 10 अक्टूबर को मारपीट के मामले में अनिल यादव नामजद अभियुक्त था। जिसे गिरफ्तार कर शुक्रवार की सुबह न्यायिक हिरासत में मुंगेर भेज दिया गया है।

### शराब के नशे में तीन शराबी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

संग्रामपुर (मुंगेर)। अवैध शराब के निर्माण सेवन और परिवहन को लेकर की गई छापेमारी अभियान के तहत गुरुवार की रात धनकुंडा गांव में शराब पीकर शोर शराबा कर रहे अनिल मांझी और निर्मल मांझी को गिरफ्तार कर थाना लाया गया वहीं संग्रामपुर निवासी पारस कुमार को भी शराब के नशे में गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार तीनों शराबियों को ब्रेथ एनालाइजर से जांच में शराब पीने की पुष्टि होने के बाद मध निषेध अधिनियम कानून के तहत प्राथमिकी के दर्ज कर न्यायालय भेज दिया गया।

### छठ पूजा के आगमन को लेकर उप महापौर ने सभी घाटों का लिया जायजा

प्रात: किरण संवाददाता

सदर मुंगेर। दुर्गा पूजा के समापन के बाद दीपावली और उसके तुरंत बाद लोक आस्था का पर्व छठ पूजा को लेकर अभी से ही साफ-सफाई एवं विधि व्यवस्था की तैयारी शुरू हो गई है मुंगेर नगर निगम के लिए समर्पित उप महापौर जिनको नहीं बुलाया जा सकता बाढ पीड़ितों को मदद के लिए एक फरिश्ता के तौर पर दिखाई दिए उन्होंने ही सभी घाटों का जायजा लिया एवं प्रशासन से कम से कदम मिलाकर हर जगह साफ सफाई एवं लाइट व्यवस्था को लेकर एक्टिव दिखे उन्होंने कहा अभी बाढ़ से ग्रसित मुंगेर कुछ दिन पहले था जहां पर मिट्टी धंस रही है ।सभी घाटों का निरीक्षण किया और उन्होंने पूरा आश्वासन दिया सभी घाट की विधि व्यवस्था बेहतर से बेहतर रहेगी उन्होंने नगर निगम के सभी वार्ड पार्षदों से भी छठ पूजा को सफलतापूर्वक मानने को लेकर बात की एवं सफाई कर्मियों से भी लगातार बात हो रही है।

### जिलाधिकारी के जनता दरबार में 73 से अधिक फरियादियों ने लगाई गुहार

जिला पदाधिकारी श्रीमती अभिलाषा शर्मा ने समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में शुक्रवार 18 अक्टूबर को जनता दरबार का आयोजन किया। मौके पर जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्र व दूर-दराज क्षेत्र से आए 73 से ज्यादा फरियादियों ने उनसे मिलकर अपनी समस्याओं को रखा। जिलाधिकारी महोदया ने आम जनों की समस्याओं को गौर से सुना और कई मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन भी किया। उल्लेखनीय है कि जिलाधिकारी महोदया अपने कार्यालय कक्ष में प्रत्येक शुक्रवार को जनता दरबार आयोजित कर आमजनों की समस्याओं को सुनते हैं। जन शिकायत से संबंधित सुनवाई के क्रम में भूमि विवाद, अतिक्रमण, दाखिल खारिज, खतियान, दखल-कब्जा, जमीन की नापी, इंदिरा आवास, वृद्धा पेंशन, विकलांग पेंशन, चोरी-चपाटी, विवादित भूमि पर जबरन कार्य, मानदेय भुगतान, जमाबंदी, सेवान्त लाभ, स्थानांतरण, स्वास्थ्य सेवाएं, अनुकम्पा, , सामाजिक सुरक्षा से लाभ, नियुक्ति, राशि-गबन, रास्ता अवरुद्ध, मारपीट, अवैध निकासी, बासगीत पर्चा, पक्की नली गली, तथा शिक्षा आदि से संबंधित मामलों को जिलाधिकारी महोदया ने हर गौर से सुना और कई मामलों का त्वरित निष्पादन भी किया ' साथ ही कुछ प्रकरणों के लिए संबंधित विभागीय पदाधिकारी को विधि-सम्मत्त कार्रवाई का निर्देश दिया गया।ल्ल मौके पर अपर समाहर्त्ता, उप विकास आयुक्त, जिला नजारत उप समाहर्त्ता, जिला जन शिकायत पदाधिकारी व जिला सहकारिता पदाधिकारी समेत कई विभागीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# ऑनलाइन म्यूटेशन की धीमी गति पर डीएम ने नाराजगी जताया

- एक माह के अंदर सभी म्यूटेशन पूरा करने का सभी अंचल अधिकारी को दिया निर्देश
- राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की समीक्षा बैठ डीएम की अध्यक्षता में हुआ संपन्न




प्रात: किरण, संवाददाता

मुंगेर। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की समीक्षा बैठक शुक्रवार को समाहरणालय संवाद कक्ष में जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की हुई । इस बैठक में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के साथ ही नीलाम पत्र वाद से संबंधित सभी योजनाओं पर बिंदु वार चर्चा की गयी। इस अवसर पर अपर समाहर्ता मनोज कुमार, सभी भूमि सुधार उप समाहर्ता, सभी अंचलाधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। आनलाइन म्यूटेशन की धीमी गति पर जिलाधिकारी ने असंतोष व्यक्त करते हुए सभी अंचलाधिकारी को सख्त लहजे में आगामी एक माह के अंदर इसे शत प्रतिशत पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आन लाइन म्यूटेशन के बैक लाग से स्पष्ट है कि आप लोगों द्वारा अपने कर्तव्यों का सही से पालन नहीं कर रहे है, इस लिए इसे गंभिरता से लें और सभी बैक लॉग को समाप्त करें ।वहीं अभियान बसेरा के तहत परिमार्जन प्लस के सभी सुयोग्य लाभार्थियों को शत प्रतिशत जमीन उपलब्ध कराएं। ई-मापी आवेदन की भी जांचोपरांत शत प्रतिशत निष्पादन कराने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी अंचलाधिकारी से कहा कि अब भी कई भूमि विवाद से संबंधित कई मामले जिला स्तर तक पहुंचा रहे हैं, जो दुखद है। उन्होंने कहा कि सभी अंचलाधिकारी अंचल स्तर पर सप्ताह में कम से कम दो दिन कोर्ट करें और भूमि विवाद से संबंधित अधिक से अधिक मामलों का निष्पादन करें। सभी भूमि सुधार उप समाहर्ता को जिलाधिकारी ने कहा कि म्यूटेशन अपील तथा बीएलडीआर के लंबित मामलों का शत प्रतिशत निष्पादन करें तथा उसकी अद्यतन स्थिति की जानकारी उपलब्ध कराएं। अगली बैठक में यदि पूर्व के बैक लॉग के निष्पादन की रिपोर्ट अच्छी नहीं रही तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों तथा पशु चिकित्सालयों के जीमन अधिग्रहण संबंधित मामलों को जिलाधिकारी ने गंभिरता से लेने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा निर्देश प्राप्त है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों तथा पशु चिकित्सालयों को अपने भवन में हस्तांतरित करना है, इसके लिए जमीन को चिन्हित करें और उसकी रिपोर्ट उपलब्ध कराएं। जमीन चिन्हित होते ही उस पर भवन निर्माण कार्य संबंधी कार्रवाई प्रारंभ की जाएगी। उन्होंने सभी जमाबंदी जमीन को आधार सिडिंग कराने का भी निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी अंचलाधिकारी इसे अपने स्तर से शीघ्रताशीघ्र आधार सिडिंग कराएं तथा इसकी जानकारी रिपोर्ट के माध्यम से उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही सभी राजस्व कर्मचारियों को रैयतों से मिलकर जमाबंदी जमीन के आधार सिडिंग का कार्य कराएं ताकि बिचैलियों के माध्यम से फजीर्वाड़ा न हो। नीलाम पत्र वाद में बिहार पब्लिक डिमांड रिकवरी एक्ट के तहत समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों से सप्ताह में कम से कम एक दिन कोर्ट करने तथा अधिक से अधिक लंबित वादों के निष्पादन कराने का निर्देश दिया। इसके अलावे अन्य बिंदुओं पर भी चर्चा करते हुए सभी लंबित मामलों के शत प्रतिशत निष्पादन का निर्देश दिया गया।

# निर्माण कार्य में बंगला ईट व चार नंबर ईट का किया जा रहा है प्रयोग

- ग्रामीणों ने कहा निमार्णाधीन शौचालय में मापदंडों कि हो रही अनदेखी
- सरकारी राशि कि की जा रही बंदरबांट

प्रात: किरण, संवाददाता



गिद्धौरः(जमुई):शिक्षा विभाग द्वारा प्रखंड भर में चल रहे प्राथमिक व मध्य विद्यालयों के क्षतिग्रस्त भवन, वर्ग कक्ष का मरम्मती करण एवं स्कूलों में चारदीवारी का निर्माण एवं डीलक्स शौचालय निर्माण करवाने का आदेश अधिकारियों को दे रखा रखा है।और शिक्षा विभाग द्वारा लाखों लाख रूपय खर्च कर प्रखंड के दर्जनों विद्यालयो में इसकी कवायद भी शुरू कर दी गई है। लेकिन शिक्षा विभाग के पदाधिकारी व कर्मी ही विभाग द्वारा चलाए जा रहे इन योजनाओं में सेंधमारी कर सरकारी राशि के बंदर बांट करने में लगे हुए है। ताजा मामला प्रखंड के कुंधुर पंचायत अंतर्गत नयागांव स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय नयागांव में चल डीलक्स शौचालय निर्माण कार्य को देख कर लगाया जा सकता है। विभागीय जेई और संवेदक आपस में सांठ गांठ कर स्कूल परिसर में चल रहे शौचालय निर्माण कार्य में बंगला ईट एवं चार नंबर ईट का धड़ल्ले से प्रयोग कर रहे है ।शुक्रवार को संवेदक द्वारा निर्माण कार्य में बंगला ईट लगाए जाने का विरोध नयागांव वासियों ने किया है ।बावजूद इसके निर्माण कार्य धड़ल्ले से जारी है। विभागीय मापदंडों को ताक पर रख कराए जा रहे निर्माण कार्य पर नयागांव वासी सहित स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों ने असंतोष जाहिर किया है ।समाजसेवी मिथलेश यदुवंशी,मनोज मंडल,संजू देवी,रानी देवी,पंकज पासवान,जितेंद पासवान,कारू यादव ने आक्रोशित हो बताया की विद्यालय परिसर में लाभग पांच लाख से अधिक कि राशि खर्च कर छात्र छात्राओं के लिए आधुनिक डीलक्स शौचालय का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। लेकिन विभागीय जेई और उनके द्वारा नियुक्त संवेदक स्टीमेट में घाल मेल कर जैसे तैसे शौचालय निर्माण का कार्य पूर्ण कर सरकारी राशि कि बंदरबांट करने में लगे हुए है ।जिसकी सुधि लेने वाला कोई नहीं है ।जबकि कई बार हम ग्रामीणों द्वारा चल रहे निर्माण को विभागीय मापदंड के अनुसार करवाने कि बात संवेदक से कही गई है ।लेकिन संवेदक जैसे तैसे निर्माण कार्य को पूर्ण करने में लगे हुए ।ग्रामीणों ने शौचालय निर्माण कार्य बरती जा रही अनियमितता के जांच कि मांग जिले के वरीय पदाधिकारियों से की है। वभागीय मापदंडों के अनुसार ही विद्यालय परिसर में शौचालय का निर्माण कार्य करवाया जा रहा है ।ग्रामीणों द्वारा अगर लिखित शिकायत किया जाता है तो चल रहे निर्माण कार्य को देख लिया जाएगा।

# लाइफ हेल्थ मेडिकल यूनिट के स्थापना दिवस पर पूजन कार्यक्रम आयोजित



प्रात: किरण, संवाददाता

गिद्धौर/जमुई। गिद्धौर में स्वास्थ्य सेवाओं में अग्रणी लाइफ हेल्थ मेडिकल यूनिट के स्थापना दिवस पर बुधवार की देर रात पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस बारे में एमडी एस एस सुंदरम ने बताया कि लगभग चार दशक पहले शरद पूर्णिमा के दिन ही गिद्धौर राज रियासत के तत्कालीन युवराज कुंवर राजराजेश्वर प्रसाद सिंह चंदेल द्वारा लाइफ हेल्थ मेडिकल यूनिट का उद्घाटन किया गया था। इसकी स्थापना डॉ. पी. के. सिन्हा द्वारा की गई थी। तब से अब तक अनवरत स्वास्थ्य सेवाओं में यह संस्थान अग्रणी रूप से कार्यरत है। वहीं स्थापना दिवस के अवसर पर पंडित वेदानंद पांडेय द्वारा पूजन कार्य निष्पादित करवाया गया। जिसके बाद मौजूद लोगों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर लाइफ हेल्थ मेडिकल यूनिट के एडवाइजर शिव प्रसाद रावत, फ्रंट डेस्क मैनेजर विकास कुमार पासवान, पब्लिक रिलेशन मैनेजर सोनू कुमार, अकाउंट्स मैनेजर अजय कुमार पासवान, हेल्थकेयर एडवाइजर मोनालिसा सहित अन्य कर्मी मौजूद रहे।

# 17 वर्षीय आयुष कुमार का शव शंभूगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत गुलनी गांव नाटा टोला के खर्रा बांध में मिला

प्रात: किरण, संवाददाता





संग्रामपुर( मुंगेर) थानाक्षेत्र अंतर्गत बलिया पंचायत के सुपोल - जमुआ गांव निवासी पालन सिंह के लापता 17 वर्षीय पुत्र आयुष कुमार का शव शंभूगंज थानाक्षेत्र अन्तर्गत गुलनी गांव नाटा टोला के खर्रा बांध में मिला। प्राप्त जानकारी के अनुसार आयुष कुमार दुर्गा पूजा के 06 पुजा को रांची से आकर तारापुर स्थित अपने आवास पर गए थे ।वहां से वे अपने ननिहाल गुलनी दुर्गा मेला देखने गया था 13 अक्टूबर की शाम को घर नही आने पर नाना ने काफी खोजबीन की लेकिन कोई पता नही चला ।दुसरे दिन नाना शंभूगंज थाना पहुंच कर अपने नाती के लापता होने को लेकर आवेदन दिया था ।आवेदन के तीन दिन के बाद गुरुवार को गुलनी गांव के नागा टोला खर्रा बांध किनारे पानी में पड़ा मिला ।मृतक छात्र दुर्गा पुजा में गुलनी गांव अपने नाना श्यामानंद उर्फ सरदार सिंह के यहां आया हुआ था ।घटना से आहत नाना श्री सिंह ने बताया कि आयुष कुमार रांची में रहकर इन्टर के पढ़ाई के साथ -साथ इंजिनियरिंग की तैयारी करता था ।पुत्र के मौत की खबर सुन देश की सेवा में कार्यरत बीएसएफ जवान पालन सिंह गुलनी गांव पहुंचें । अपने पुत्र का शव देख दहाड़ मार कर रोने लगा यह देख आसपास के लोगों का भी आंसू नही थम रहा था ।पुरे गुलनी गांव के साथ साथ सुपोल जमुआ गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है ।मृतक आयुष के बड़ी मम्मी संग्रामपुर प्रखंड के बलिया पंचायत की मुखिया एवं मुंगेर जिला मुखिया संघ के अध्यक्ष सारिका सिंह,बड़े पापा ललन सिंह,रिस्तेदार सह भाजपा नेता विनय सिंह, बढ़ौनियां मुखिया वीर कुंवर सिंह आदि भी मौत की खबर सुन गुलनी गांव पहुंच शंभूगंज पुलिस से अपराधियों की गिरफ्तारी कर कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की मांग की है ।भाजपा नेता श्री सिंह ने कहा पालन सिंह को दो लड़का एक लड़की है ।मृतक सबसे छोटा लड़का था ।उन्होने कहा की निर्दोष फंसे नही दोषियों को स्पीडी चलाकर जल्द से जल्द सजा दिलाया जाय ।इस संबंध में शंभूगंज के प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष कुमारी सिया भारती ने बताया कि प्रेम प्रसंग में हत्या की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता है। उन्होंने बताई कि इस मामले में शक के अधार पर पांच लोगों को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है ।जिसमें लड़की, के माता से भी पुछताछ किया जा रहा है।

# मनरेगा के तहत मजदूरों को रोजगार नही मिलने पर बीएमएस के पदाधिकारियों ने कि बैठक



प्रात: किरण, संवाददाता

जमुई [ झाझा ] शुक्रवार को भारतीय मजदूर संघ की एक बैठक प्रखंड कार्यालय परिसर में आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता बीएमएस के जिलामंत्री योगेंद्र यादव ने किया। बैठक में जिलाध्यक्ष अंजू कुमारी, उपाध्यक्ष मदन यादव, उपेंद्र ठाकुर, राजनंदन कुमार, संगठन मंत्री गीता देवी , बिहार प्रदेश बीड़ी मजदूर संघ के प्रदेश महामेंत्री परमेश्वर यादव सहित अन्य लोग शामिल है। बैठक में मुख्य रूप से मनरेगा के तहत क्षेत्र में मजदूर को मनरेगा के तहत रोजगार नही दिए जाने को लेकर चर्चा किया। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि आज मनरेगा में मजदूरों को काम नही मिल रहा है जिसके कारण वे अन्य प्रदेशों में रोजगार की तलाश में अपने पूरे परिवार को छोड़कर जा रहे है। मनरेगा के तहत जो भी काम होता है उसमें मजदूरों की जगह जेसीबी से काम करवाया जाता है और मजदूरों के खाते में आने वाले रूपए का बंदरबांट कर लिया जाता है। बीएमएस के पदाधिकारियों ने कहा कि हमलोग सदैव मजदूरों की हित में लड़ाई लड़ते है आगे भी लड़ेगे। पदाधिकारियों ने मनरेगा पीओ से मिलकर मनरेगा के तहत मजदूरों को काम नही मिलने सहित अन्य समस्याओं से भी अवगत करवाया। बीएमएस के पदाधिकारियों ने कहा कि मजदूरों की हित को लेकर 25 अक्टूबर से अब चलो गांव की ओर कार्यक्रम भी प्रारंभ किया जाएगा।

# तेजस्वी ने कहा बिहार में शराबबंदी ढोंग है नीतीश जी जहरीली शराब से मरने वालों के प्रति शोक संवेदना तक नहीं किये व्यक्त

## जमुई में नेता प्रतिपक्ष के समक्ष जदयू के कई वरिष्ठ नेताओं ने थामा आरजेडी का दामन

प्रात: किरण संवाददाता जमुई संवाददाता



जमुई में पार्टी कार्यक्रम के लिए पहुंचे राजद नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने मौजूदा नीतीश सरकार पर जमकर हमला बोला। तेजस्वी ने जमुई में मीडिया से रूबरू होते हुए शराबबंदी पर बड़ा सवाल खड़ा करते हुए सीएम नीतीश कुमार पर निशाना साधा है।
तेजस्वी ने कहा कि आम लोगों को यह पता है कि कहां शराब बनती है और कहां बिकती है। फिर सरकार और प्रशासन को यह कैसे नहीं मालूम हो रही है।
बिहार में जहरीली शराब से दर्जनों लोग मर रहे हैं और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शोक संवेदना तक व्यक्त करना भी उचित नहीं समझ रहे हैं।
बिहार में हर छोटे बड़े पुलिस और प्रशासन के अधिकारी की मिली भगत से शराब का निर्माण और बिक्री धड़ल्ले से हो रही है। जिससे लोगों की जान जा रही है। बता दें कि इन दिनों जहरीली शराब से बिहार के सिवान और सारण जिले में लगभग तीन दर्जन से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। जिसे बिहार की राजनीति काफी गरमाई हुई है और विपक्षी दलों द्वारा बिहार सरकार पर शराबबंदी को लेकर लगातार हमला बोला जा रहा है। वहीं पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को व्यवसाय प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मुकेश शाह के द्वारा चांदी का मुकुट पहनाकर उनका स्वागत किया। इसके बाद जदयू और जन सुराज के कार्यकर्ता एवं पुराने नेता रविंद्र कुमार मंडल, श्रीकांत यादव, इरफान खान के साथ कई लोगों ने आरजेडी का दामन थामते ही जदयू के पुराने कार्यकर्ता रविंद्र कुमार मंडल ने कहा कि जदयू के हम पहले युवा जिला अध्यक्ष थे उपाध्यक्ष भी रह चुके थे लेकिन अब तेजस्वी प्रसाद यादव के नेतृत्व में बिहार को आगे बढ़ाने का काम करेंगे। मेरे सोच में लगा कि बिहार को नया नेतृत्व का जरूरत है।
इसलिए हम आरजेडी का दामन थाम कर तेजस्वी प्रसाद के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने का कार्य करेंगे।
व्यवसाय प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मुकेश शाह ने कहा कि हम लोग युवा हैं और तेजस्वी प्रसाद के आने से बिहार के युवाओं में काफी उत्साह है और इस बार बदलाव जरूर देखने को मिलेगा। समाजसेवी डॉ नीरज साह ने कहा कि आरजेडी अति पिछड़ों के हक के लिए आवाज उठाएगी तो हम जरूर साथ देंगे।
वही मोहम्मद इरफान ने कहा कि हम तो पिक्चर देखने शोले आए थे। लेकिन नदिया के पर देखने को मिल गया।

# छह घंटे तक वन वे रहा गिद्धौर जमुई एनएच 333,रेंगते रहे यात्री वाहन

- नो एंट्री तोड़ बालू लादने पहूंच रहे मालवाहक ट्रक
- जाम में फंस कराहते रहे रेल यात्री,छूट गई ट्रेन

प्रात: किरण संवाददाता



जमुई। जमुई-गिद्धौर होकर झारखंड को जाने वाली एनएच 333 पर शुक्रवार को पूरे दिन मालवाहक ट्रकों का कब्जा रहा।
जिसकी वजह से यह अतिव्यस्त मुख्य राज मार्ग वन वे बनकर रह गया।
बताते चलें कि नो एंट्री तोड़ बालू लादने घुसे सैंकड़ो मालवाहक ट्रक मुख्यराज मार्ग के कैराकादो गांव से लेकर महुली मोड बेतरतीब तरीके से सड़क पर खड़ा कर दिए जाने के कारण दो किलोमीटर तक लंबी कतार लगी रही। दोनों तरफ सैंकड़ो मालवाहक ट्रक व छोटी बड़ी गाड़ियां जाम में बेतरतीब तरीके से फंसी रही। सड़क पर लगे इस जाम में सिर्फ दो पहिया वाहन सवार ही जैसे तैसे निकल पा रहे थे, मुख्यराज मार्ग को ग्रामीणों द्वारा जैसे तैसे खली कराया गया ।तब जाकर किसी तरह एक साइड से आवागमन चालू हो सका।
लगभग पांच घंटे तक मुख्यराज मार्ग के वन वे रहने कारण यात्री वाहनों पर सवार यात्री त्राहिमाम करते रहे। जिसकी वजह से उक्त मुख्यराजमार्ग पर परिचालन बिल्कुल ठप्प हो गया है। यात्री वाहन के जाम में फंसे रहने के कारण गिद्धौर व झाझा रेलवे स्टेशन जाने वाले कई रेल यात्रियों की ट्रेन छूट गई।
साथ ही अन्य जगह को जाने वाले यात्रियों को भी सड़क छोड़ खेत की पगडंडियों से गुजर कर अपने गंतब्य स्थान पर जाना पड़ा।
लिहाजा नो एंट्री लागू नही होने के कारण इस मुख्यराज मार्ग से होकर गुजरने वाले यात्री दिन रात जाम की समस्या से जूझने को विवश है।

# 2 लाख का इनामी हार्डकोर नक्सली मतला कोड़ा गिरफ्तार






प्रात: किरण संवाददाता जमुई संवाददाता

जिले के जांबाज पुलिस अधीक्षक चंद्र प्रकाश के सफल निर्देशन में बरहट थाना क्षेत्र के भीम बांध जंगलों में नक्सलियों के विरुद्ध दिन रात ऑपरेशन चलाया जा रहा था। जिसके दौरान 2 लाख का इनामी हार्ड कोर नक्सली मतला कोड़ा उर्फ सुनील कोड़ा उर्फ अभिजीत पिता स्वर्गीय सिकंदर कोड़ा, साकीन मुसहरीटांड, थाना बरहट को 17 अक्टूबर को गिरफ्तार कर लिया गया। जिसके ऊपर विभिन्न जिलों के विभिन्न स्थानों में कई मामला दर्ज है। इस सर्च ऑपरेशन में अपर पुलिस अधीक्षक अभियान ओंकार नाथ सिंह, एसडीपीओ सतीश सुमन, डीएसपी ,बरहट थाना अध्यक्ष कुमार संजीव सिंह ,सीआरपीएफ 215 बटालियन, एसएसबीएफ 16 बटालियन हवेली खड़गपुर एवं कजरा की टीम शामिल थे। मतला कोड़ा उर्फ सुनील कोड़ा उर्फ अभिजीत पूर्वी बिहार पूर्वोत्तर झारखंड स्पेशल एरिया कमेटी का सक्रिय सदस्य है। पूछताछ में इसके द्वारा नक्सलियों के संभावित गतिविधि भविष्य योजना तथा मददगार के बारे में काफी विस्तृत जानकारी प्राप्त हुई है।

# जॉब कैंप में साक्षात्कार के बाद 21 अभ्यर्थियों का किया गया चयन

प्रात: किरण संवाददाता



मुंगेर। श्रम संसाधन विभाग बिहार अंतर्गत जिला नियोजनालय मुंगेर के परिसर में गुरुवार को एक दिवसीय नियोजन कैंप का आयोजन किया गया ।इसकी अध्यक्षता जिला नियोजन पदाधिकारी राणा अमितेष ने किया कइस कैंप में निजी कंपनी डिलीवरी लिमिटेड के प्रतिनिधि सूरज कुमार और आमदनी प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधि उमाकांत के द्वारा कैंप में उपस्थित अभ्यर्थियों को कंपनी में कार्य सम्बंधित वेतन एवं भत्ते, कार्य स्थल एवं अन्य विषयों की जानकारी विस्तृत रूप में दिया ककंपनी के प्रतिनिधि द्वारा दिए गए 50 रिक्तियों के विरुद्ध कुल 21 अभ्यर्थियों का साक्षात्का उपरांत स्थल पर ही चयन कर लिया गया` जॉब कैंप में कुल 31 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए कइस अवसर पर जिला नियोजन पदाधिकारी राणा अमितेष ने बेरोजगार युवकों को कैरियर एवं रोजगार सम्बन्धी मार्गदर्शन दिया एवं बताया की नियोजन कार्यालय जिले के रोजगार इच्छुक अभ्यर्थियों को रोजगार उपलब्ध करवाने की दिशा में प्रत्येक माह जॉब कैंप का आयोजन करता है जिसमें बिहार एवं अन्य राज्यों के निजी क्षेत्र के नियोजकों को आमंत्रित किया जाता है जिसकी सूचना समाचार पत्रों एवं सोशल मीडिया के माध्यम से प्रसारित की जाती है साथ ही श्री अमितेष द्वारा बताया गया की जिले के वैसे अभ्यर्थी जो प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं वो नियोजनालय में संचालित पुस्तकालय की सुविधा का निःशुल्क लाभ ले सकते है कजेएस अजय वर्मा एवं यूपी उज्जवल सिंह द्वारा एनसीएस पोर्टल द्वारा निःशुल्क प्रदान की जाने वाली सभी सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी । इस अवसर पर प्रधान लिपिक विनोद कुमार, डीएसएम कृष्णा पांडेय, डीएसई राजू कुमार उपस्थित थे ।

# दस दिवसीय मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न



प्रात: किरण संवाददाता

मुंगेर। गत 10 दिनों से मंडल कारागार मुंगेर में चल रहे मशरूम उत्पादन शुक्रवार को संपन्न हो गया ।समापन कार्यक्रम में जेल अधीक्षक किरण निधि, जिला प्रोबैशन अधिकारी ब्रजेश कुमार सिंह एवं सुभाष कुमार, सहायक अधीक्षक संजीव कुमार ने प्रशिक्षणार्थियों प्रमाण पत्र वितरित किए गए एवं जेल अधीक्षक किरण निधि ने बताया गया कि मशरूम एक ऐसा उत्पाद है जिसमें कम निवेश में बढिया मुनाफा कमाया जा सकता हैं। इससे आप स्वरोजगार खड़ा कर सकते हैं। इस प्रशिक्षण का लाभ लेकर स्वरोजगार करने मशरूम उत्पादन में मौजूद स्वरोजगार के अवसरों के साथ-साथ सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। जिला प्रोबैशन अधिकारी ब्रजेश कुमार सिंह ने कहा कि भविष्य में सभी प्रतिभागियों को एक सफल उद्यमी बनकर अपने आर्थिक जीवन-स्तर को ऊँचा उठाने एवं अपने उद्यम के तहत अन्य लोगों को रोजगार देने के लिए प्रेरित किया गया। आरसेटी के अधिकारी ने कहा कि प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण का लाभ लेकर आत्मनिर्भर बनने एवं मशरूम उत्पादन के क्षेत्र में आजीविका उपार्जन करने, मशरूम उत्पादन के साथ-साथ समन्वित कृषि करने हेतु प्रेरित किया तथा आरसेटी संस्थान से दो साल तक मागदर्शन एवं सहयोग देने की बात कही। इस अवसर पर आरसेटी फैकल्टी देवेन्द्र कुमार, सनी, दिवाकर पांडे, अमित कुमार आदि मौजूद रहे।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com
राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, शनिवार, 19 अक्टूबर, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### भाजपा नेता के जन्मदिन पर हुआ पौधरोपण

प्रातः किरण संवाददाता

चनपटिया। भाजपा नेता प्रकाश तिवारी बकुचिया गांव निवासी के जन्मदिन के पावन अवसर पर चनपटिया के 112के प्रभारी ए,एस,आई सुमन कुमार झा समेत कई लोगों ने फलदार व फुलदार पेड़ों का वृक्षा रोपण किया। जल जीवन व हरियाली को सुरक्षित रखना हम-सब का पहला कर्तव्य है। कार्यक्रम के दौरान एक दुसरे को मिठाई खिलाकर पेड़ पौधे लगा कर अपने पुत्र के समान उसे सुरक्षित रखने का अवह्न की गई है। इस मौके पर पत्रकार अशोक कुमार सिंह,विवेक राय उर्फ मुनु राय, मुस्तफा अंसारी,अनुप तिवारी, समेत कई समाजसेवी लोग मौजूद थे।

### वाल्मीकिनगर थाना में पदस्थापित एसआई को भैरोगंज थाना का प्रभारी बनाया गया



प्रातः किरण संवाददाता

बगहा। बगहा पुलिस जिला के वाल्मीकिनगर थाना में पदस्थापित सीनियर एसआई महेश कुमार को उनके उत्कृष्ट कार्य को देखते हुए भैरोगंज थाना का प्रभारी बनाया गया है।अब श्री महेश भैरोगंज थाने का संचालन व कार्यों का संपादन करेंगे। महेश कुमार वाल्मीकिनगर थाना में दिसंबर 2022 में पदभार ग्रहण किया था।महेश कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक ने मुझ पर भरोसा जताते हुए भैरोगंज थाना का इंचार्ज बनाया है।उन्होंने आगे बताया कि मुझे जो जिम्मेदारी दी गई है मैं उसका पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ निर्वहन करूँगा। वहीं महेश कुमार को विदाई देते समय उपस्थित लोगों के आंखे नम दिखी।

### गोलचौक के किराने की दुकान में हुई हजारो की चोरी

प्रातः किरण संवाददाता

बगहा। बगहा के वाल्मीकिनगर गोलचौक स्थित किराने दुकान में बीती रात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। शिवपुरी निवासी मुन्ना दास ने बताया कि मेरा किराने का दुकान बगहा वाल्मीकिनगर पथ गोलचौक चौक के समीप है।जहां चहल पहल लगी रहती है और रात्रि पहर में पुलिस की गश्ती होते रहती है।इसके बावजूद आगे का मुख्य दरवाजे के रॉड को मरोड़ कर रास्ता बनाते हुए चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है।मुन्ना ने बताया कि किराने के समान के साथ गल्ले को तोड़कर नगदी की भी चोरी कर ली गई है।इसकी सूचना स्थानीय थाना को दे दी गई है। पीड़ित दुकानदार मुन्ना ने आगे बताया कि सूचना के बाद पुलिस आई थी।पूछताछ और जांचपड़ताल कर आगे की कार्यवाई करने का आश्वासन पुलिस के द्वारा दिया गया है।

### शरद पूर्णिमा के अवसर पर निकाली गई महावीरी अखाड़ा जुलूस



किरण संवाददाता

एकमा । स्थानीय प्रखंड के बिंदालाल के रामपुर पंचायत के छित्रवलिया बाजार पर शरद पूर्णिमा के अवसर पर पारंपरिक तरीके व सौहार्दपूर्ण वातावरण में महावीरी आखाड़े व जुलूस का आयोजन छित्रवलिया गांव स्थित राम जानकी मंदिर परिसर से गांजे बाजे के साथ पूजा पाठ कर अखाड़ा जुलूस निकाली गई। जिसमें काफी संख्या में महिलाएं एवं पुरुष बच्चे नौजवानो की भीड़ के बिच छित्रवलिया बाजार स्थित हनुमान मंदिर परिसर में समाप्त हुई। जहां युवाओं ने लाठी डंडा से अपने शारीरिक कौशल योग्यता का प्रदर्शन किया जहां लोगों ने देखकर दंग रह गए ।इस अखाड़ा जुलूस में महिलाओं की कही भीड़ उमड़ पड़ी करवा चौथ की लेकर श्रीगांर प्रसाधन व पूजा सामग्रियों की खरीदारी जमकर किया ।वहीं बच्चे बूढ़े व नौजवानो जमकर जलेबी समोसा पकौड़ी छोला चाउमीन सहित विभिन्न व्यंजनों का लुफ्त उठाया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजू सिंह अशोक राय मानी राय सुभाष कुमार अनिल कुमार हरेंद्र राय उमाशंकर राय आदि का सराहनीय पहल रहा। वही सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस प्रशासन कि तैनाती किया गया था।

# राज्य स्तरीय ग्रीको रोमन स्टाइल कुश्ती प्रतियोगिता का हुआ शानदार आगाज

■ जिलाधिकारी ने दीप प्रज्जवलित कर कुश्ती प्रतियोगिता का किया भव्य शुभारंभ

प्रातः किरण संवाददाता



बेतिया(घनश्याम)। खेल विभाग तथा बिहार राज्य खेल प्राधिकरण बिहार पटना एवं जिला प्रशासन पश्चिमी चंपारण के संयुक्त तत्वाधान में इंडोर बैडमिंटन स्टेडियम बेतिया में आयोजित राज्य स्तरीय विद्यालय अंडर 17-19 आयु वर्ग में बालक ग्रीको रोमन स्टाइल कुश्ती प्रतियोगिता 2024-25 का भव्य शुभारंभ शुक्रवार को जिला पदाधिकारी दिनेश कुमार राय द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। जिला पदाधिकारी दिनेश कुमार ने अपने संबोधन में खेल के महत्व पर प्रकाश डाला तथा सरकार द्वारा खेल के क्षेत्र में सरकार के द्वारा चलाई जाने वाले योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह प्रतियोगिता पश्चिमी चम्पारण जिले में पहली बार आयोजित हो रहा है। ग्रीक रोमन शैली में कुश्ती हमारे यहां के मल्ल युद्ध का ही एक रूप है, जिसमें कमर से ऊपर ही दांव लगाना होता है यानी पैर नहीं पकड़ना होता है, टांग नहीं पकड़ना होता है। इसमें 33 मिनट का दो राउंड का खेल होता है। दोनों राउंड के बीच 30 सेकंड का अंतर होता है। किसी भी प्रतिभागी को जीतने के लिए दूसरे प्रतिभागी से आठ अंक अधिक होना आवश्यक है, तभी वह प्रतिभागी विजयी घोषित किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि यह चार दिवसीय प्रतियोगिता 18 से 20 अक्टूबर तक चलेगा। इसमें से जीतने वाले खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर होने वाले खेल प्रतियोगिता में खेलने को मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता में असफल प्रतिभागी निराश नहीं होंगे। असफल प्रतिभागी और बेहतर तरीके से सीखते हुए अगले प्रतियोगिता में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे और मेडल प्राप्त कर जिले का नाम रौशन करेंगे।

जिला खेल पदाधिकारी के द्वारा गणमान्य अतिथियों का स्वागत गमला पौधा देकर तथा माथे पर पगड़ी बांधकर किया गया। इसके बाद सन थॉमस सीनियर सेकेंडरी स्कूल रतनपुरवा बगहा 2 द्वारा स्वागत गान हर्ष मनाएं नाचे गए प्रस्तुत किया गया। इसके बाद जिला खेल पदाधिकारी द्वारा स्वागत उद्बोधन में जिला प्रशासन के सभी पदाधिकारी, ग्रीको रोमन कुश्ती खेल प्रतियोगिता के सभी टेक्निकल्स, सभी प्रतिभागियों, इस कार्य को सफल संपादित करने के लिए प्रतिनियोजित सभी शिक्षक बंधुओं, मीडियाकर्मियो का स्वागत एवं अभिनन्दन किया।इसके बाद राष्ट्रीय गोल्ड मेडल प्राप्त विकास कुमार सिंह के द्वारा शपथ ग्रहण कराया गया और तदुपरांत संत थॉमस सीनियर सेकेंडरी स्कूल रतनपुरवा बगहा 2 द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम झिझिया और डोमकच का रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत हुआ। कुश्ती प्रतियोगिता का शानदार आगाज जिलाधिकारी के नारियल फोड़ने के उपरांत हुआ।इस अवसर पर अपर समाहर्ता राजीव कुमार सिंह, सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## जिला पदाधिकारी ने की लोक शिकायत के 07 मामलों की सुनवाई



प्रातः किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। जिलाधिकारी अमन समीर के द्वारा शुक्रवार को कार्यालय कक्ष में बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 के तहत द्वितीय अपील में शिकायतों की सुनवाई की गई और शिकायत का निवारण किया गया।जिला पदाधिकारी द्वारा लोक शिकायत के कुल 07 मामलों की सुनवाई की गई तथा सभी 07 मामलों में अंतिम रूप से आदेश पारित किया गया तथा अनुपालन हेतु संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निदेश दिया गया।जिला पदाधिकारी अमन समीर ने कहा कि लोक शिकायतों का ससमय तथा गुणवत्तापूर्ण निवारण अत्यावश्यक है। लोक प्राधिकारों को तत्परता प्रदर्शित करनी होगी। उन्होंने कहा कि बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 का सफल क्रियान्वयन प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी पदाधिकारी इसके लिए सजग, संवेदनशील तथा सक्रिय रहें।

## जिलाधिकारी के जनता दरबार में 70 मामलों की हुई सुनवाइ कई मामलों का हुआ ऑन-द-स्पॉट समाधान

प्रातः किरण संवाददाता



बेतिया(घनश्याम)। जिलाधिकारी कार्यालय प्रकोष्ठ में शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय ने लोगों की समस्याओं एवं शिकायतों को बारी-बारी से सुना। जनता दरबार में कई समस्याओं एवं शिकायतों का ऑन-द-स्पॉट समाधान कराया गया। साथ ही कई मामलों में संबंधित प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को फोन कर समस्याओं का समाधान करने के लिए शीघ्र समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी के जनता दरबार में 70 मामले आए। जिन मामलों का समाधान आज नहीं हो सका, उसे संबंधित विभाग/अधिकारियों को भेजते हुए त्वरित गति से नियमानुकूल समाधान कराने हेतु निर्देशित किया गया।

जनता दरबार में कई तरह के मामले आए। जिसमें आपूर्ति, आइसीडीएस, आवास, स्वास्थ्य, शिक्षा, राजस्व से जुड़ी समस्या आदि शामिल हैं। जिलाधिकारी ने हर मामले को बहुत गौर से सुना और नियमानुसार समाधान की दिशा में आवेदन को आगे बढ़ाया। जिन लोगों द्वारा अपनी समस्याओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया गया।

उनमें विपिन बिहारी प्रसाद, गोपाल साह, तैमुल आजम, सिकेन्द्र कुमार, फूलनेशा खातून, विद्या मांझी, शंभू हजरा, प्रमोद ठाकुर, मुस्मात रूकमणि, जितेन्द्र कुमार, रमेश साह, अमर साह, मुस्मात रीता, राम बिहारी सिंह, इंदुबाला देवी, आशा देवी, हरेन्द्र बैठा, हीरा मांझी, गोपीचन्द्र चौधरी, मुख्तार चौधरी, हरिसेवक शर्मा आदि के नाम शामिल हैं।

### 25 लीटर चुलाई शराब के साथ महिला व पुरुष धंधेबाज गिरफ्तार

प्रातः किरण संवाददाता

चनपटिया।एसपी के कड़े निर्देश पर मनुआपुल पुलिस ने शराब धंधेबाजों के खिलाफ छापेमारी की है ।इस दौरान 25 लीटर देशी चुलाई शराब के साथ महिला तथा पुरुष धंधेबाज सहित दो को गिरफ्तार किया है। साथ में शराब बनाने वाला उपकरण एवं तीन गैस सिलेंडर जप्त किया है ।गुप्त सूचना पर छापेमारी में मनुआपुल थानाध्यक्ष नरेश कुमार, अपर थानाध्यक्ष कमलेश भगत समेत शस्त्र पुलिस बल शामिल थे। थानाध्यक्ष नरेश कुमार ने बताया कि छावनी में छापेमारी की गई ।इस दौरान छावनी निवासी किशोरी राम के यहां 12लीटरतथा संगीता देवी के यहां 13 लीटर देशी चुलाई दारू के साथ उसके घर से गिरफ्तार किया गया है।

दोनों शराब धंधेबाज को न्यायिक हिरासत बेतिया भेज दिया गया है।

## वीटीआर सभागार में नेचर गाइड प्रशिक्षण का दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित

प्रातः किरण संवाददाता



बगहा। वन प्रमण्डल 2 के वाल्मीकिनगर स्थित वन सभागार में नेचर गाइड का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।जिसका शुभारंभ शुक्रवार को किया गया।इस कार्यक्रम के दौरान इको टूरिज्म से जुड़े सभी कर्मियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण पर्यटन का दूसरा सत्र शुरू होने से पहले की पूर्व तैयारी मानी जा रही है। सफारी ड्राइवर,झुलापूल, इको पार्क,बोटिंग,जंगल कैम्प समेत इको टूरिज्म से जुड़े सभी कर्मी इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल हुए। जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क उत्तराखंड से आए मुख्य प्रशिक्षु बच्ची सिंह विष्ट और सीएफ डॉ नेशामनी के व डब्लूडब्लूएफ के वाइल्ड लाइफ कॉर्डिनेटर प्रकाश मर्दराज ने लगभग 60 कर्मियों को प्रशिक्षण देते हुए वन्य जीव,पक्षी व नैसर्गिक सौंदर्य के साथ गंतव्य के इतिहास,रोचक कहानी समेत ज्ञानवर्धक जानकारियां पर्यटकों को बेहतर अनुभव के लिए बातें साझा कैसे करें बताया। सीएफ डॉ नेशामनी के बताया कि पर्यटकों के वीटीआर की तरफ रुझान बढ़े और पर्यटक बेहतर अनुभव लेकर लौटें इसके लिए अनुभवी गाइड साथ रहने से सैलानियों को इसका लाभ मिलेगा। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में मुख्य प्रशिक्षु जिम कॉर्बेट उत्तराखंड के बच्ची सिंह विष्ट और सीएफ डॉ नेशामनी के समेत बायोलॉजिकल आलम,डॉ प्रकाश मर्दराज,डब्लूडब्लूएफ के प्रोजेक्ट मैनेजर बांकेलाल,वनप्रमण्डल 2 के रेंजर राजकुमार पासवान समेत अन्य वनकर्मी शामिल हुए।

## सिकटा के पुरैना पंचायत में डब्ल्यूपीयू का हुआ उद्घाटन



प्रातः किरण संवाददाता

बेतिया। पश्चिमी चंपारण जिले के सिकटा के पुरैना पंचायत में डब्ल्यूपीयू का उद्घाटन एमएलसी अफाक अहमद बीडीओ अजीत कुमार मनरेगा डीपीओ राजीव कुमार के हाथों संयुक्त रूप से रिबन काट कर किया गया।

उद्घाटन पश्चात मुखिया अबरे आलम की अध्यक्षता में एक सभा आयोजित कर पंचायत के जनप्रतिनिधि एवं बुद्धिजीवी लोगों को स्वच्छता से संबंधित बातों से अवगत कराया गया।इस दौरान बीडीओ अजीत कुमार ने कहा पंचायत को स्वच्छ पंचायत बनाने और गीला कचरा,सूखा कचरा अलग,अलग रखना और स्वच्छता कर्मी का सहयोग करने का अपील किया।वही मुखिया अब्रेन आलम ने बताया कि डब्लूपीयू में शौचालय एवं बिजली की व्यवस्था है साथ ही आनेवाले दिनों में ओपन जिम का भी निर्माण किया जाएगा। मौके पर सिकटा प्रमुख मुन्ना सिंह,मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह पंचायत सचिव शिवकांत कुमार पीआरएस वीरेंद्र प्रसाद सहित दर्जनों वार्ड सदस्य एवं सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहें।

## भरत मिलाप देख श्रद्धालुओं की आंखें हुई नम, गूंजे जयकरें

प्रातः किरण संवाददाता



शहर में भगवान बाजार भरत मिलाप आयोजन हुआ बृहस्पतिवार की रात में भाई श्री राम व भरत जब आपस में गले मिले तो सबकी आंखे नम हो गयी। राम और भरत ने एक दूसरे की कुशल पूछी। भरत ने पूछा भैया आप हमें छोड़कर क्यों चले आये। सभी अयोध्यावसी अनाथ हो गए हैं। यह कहकर भारत बिलख-बिलख कर रोने लगे भाई को रोता देख श्री राम भी भाव विहवल हो गये। चरणों से लगा लिया। दोनों की आंखों से प्रेम की आँसूधारा बह चली। आंखों की मूल भाषा ने एक दूसरे के दर्द और भाव को समझा। इधर श्रद्धालुओं ने भी भातृप्रेम कि इस अनुपम दृश्य देख खुद को रोक नहीं पाये। कहीं तो बोल पड़े भाइयों का यह प्रेम अब तो दुर्लभ है। इधर व्याकुल भारत को समझाते हुए श्री राम ने रुंधे गले से माताओं- पिता का हाल पूछा। सबकी खैर जानी दोनों भाइयों देर तक गले लग रहे। इससे पहले भरत मिलाप को लेकर भव्य शोभायात्रा निकाली गयी। भरत जी, शत्रुघ्न जी के साथ भाई भगवान राम से मिलने के लिए के पूरे लाव लश्कर के साथ निकली। हाथी,घोड़ा बैंड बाजा के साथ भरत जी की शोभायात्रा निकली। रथ पर सवार होकर भरत जी,शत्रुघ्न जी एवं वशिष्ठ मुनि के साथ भाई राम से मिलने गये।

इनके साथ ही भगवान राम की आरती भी की गई इससे पहले मुख्य अतिथि छपरा नगर निगम पूर्व महापौर राखी गुप्ता एवं समाजसेवी ममता सिन्हा ने कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने कहा की भाई भरत और मयार्दा पुरुषोत्तम राम का हमारे लिए आज भी आदर्श है। मौके पर वर्तमान उपमेयर रागिनी देवी,उअ अमित कुमार एवं डॉ नेहा पांडे भरत मिलाप कमेटी के अध्यक्ष हरेंद्र यादव,सोनू यादव,अशोक राय,जितेंद्र राय,लक्ष्मण राय,विनोद यादव,कृष्ण प्रसाद,रवि कुमार,दिलीप कुमार,जावेद सलीम सौम्या सौरभ व अन्य उपस्थित थे।

## जैविक कोरिडोर योजना के तहत किसानों को प्रशिक्षण

प्रातः किरण संवाददाता



लहलादपुरः बिहार राज्य जैविक मिशन के तहत प्रायोजित जैविक कॉरिडोर योजना के तहत प्रखंड कार्यालय परिसर में शुक्रवार को एक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यशाला में उपस्थित किसानों को जैविक विधि से खेती करने की सलाह एवं जानकारियां दी गई. किसानों को सम्बोधित करते हुए जिला कृषि पदाधिकारी दीपक कुमार ने बताया कि रसायनिक की जगह जैविक खाद का भी उपयोग कर किसान रासयनिक खाद के अपेक्षा खेती से अधिक एवं अच्छा फसल उत्पादन कर सकते हैं. जैविक खेती से उपजे फसल का उपयोग स्वस्थ लिए काफी लाभदायक है. यही कारण है कि जागरूक किसानों का रुझान जैविक खेती की ओर बढ़ रहा है. जिन किसानों को जैविक खेती के बारे में जानकारियां नही है, वैसे किसानों को सरकार के द्वारा उन्हें प्रशिक्षण देकर जागरुक किया जा रहा है. प्रशिक्षण में जैविक खेती के बीजामृत, जीवामृत, घन जीवामृत, निमास्त्र, अग्नि अस्त्र, ब्रम्हास्त्र, ट्राइकोडर्मा, जैव उर्वरक, पौधा सुरक्षा हेतु जैविक विधियों को अपनाने एवं उपयोग की विधि की जानकारी दी गई। इसके अलावे किसानों को मिलने वाली लाभकारी योजनाओं पर भी प्रकाश डाला गया. जिला कृषि पदाधिकारी के अलावे प्रशिक्षण कार्यशाला को सम्बोधित करने वालों में बीडीओ निलेश कुमार, सीओ शम्मी कुमार, पीएमएवाई के समण्यवक उज्जवल कुमार, कृषि समण्यवक चंद्रशेखर सिंह, कृषि सलाहकार तारकेश्वर भारती, धर्मेन्द्र कुमार आदि ने किया, जबकि अध्यक्षता कृषि ताकनिकी विष्णुपाल शर्मा ने किया.

## अस्पताल उपाधीक्षक डॉ ए के तिवारी बने निक्षय मित्र, 10 टीबी मरीजों को लिया गोद

किरण संवाददाता

बेतिया(घनश्याम)।प्रधानमंत्री टीबी मुक्त अभियान के तहत बगहा अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ अशोक कुमार तिवारी टीबी मरीजों की सहायता को आगे आए हैं। उन्होंने निक्षय मित्र बनते हुए 10 टीबी मरीजों को गोद लेकर छः माह तक पोषण सामग्री देने हेतु भारत सरकार के पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराया है। वहीं खुशी डायग्नोसिस के मो. नुरैन व असमतारा बेगम ने भी 2-2 मरीजों को गोद लिया है। अनुमण्डलीय अस्पताल में टीबी मरीजों की जाँच व दवा देने के मौके पर डॉ ए के तिवारी ने बताया कि टीबी के कारण रोगी व्यक्ति का इम्यून सिस्टम काफी कमजोर हो जाता है। इससे सुरक्षित रहने के लिए दवा सेवन के साथ ही संतुलित आहार का सेवन भी जरूरी होता है। कमजोर वर्ग के मरीजों को पोषण सम्बन्धित सहयोग करना जरुरी होता है ताकि वे जल्द टीबी के बीमारी से बच सकें।

### सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्र पर जाँच व इलाज होता है मुफ्त



अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ रमेश चंद्रा ने बताया कि जिले के सभी 18 प्रखंडों के सरकारी स्वास्थ्य केंद्र पर टीबी मरीजों का इलाज होता है।

2 हफ्ते से ज्यादा समय से खांसी, बलगम के साथ बुखार जैसे लक्षण होने पर टीबी का जाँच व इलाज के साथ मुफ्त दवाएं दी जाती हैं। उन्होंने बताया कि टीबी मरीजों को इलाज के दौरान हर माह 1000 रुपए उनके खाते में भेजी जाती है। ताकि वे दवाओं के साथ पौष्टिक आहार का सेवन कर सकें। उन्होंने बताया कि निक्षय पोषण योजना केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं में से एक है।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विभिन्न सामाजिक संगठनों और लोगों से अनुरोध किया है कि टीबी के मरीजों को पौष्टिक आहार देने हेतु आगे आएँ और उन्हें गोद लेकर 6 माह तक उनके लिए पौष्टिक आहार में भूना चना, सत्तू, सोयाबिन, गुड़, मूंगफली, बिस्किट आदि खाद्य पदार्थों की पैकेट सूची के अनुसार वितरण करें।

## पोषण पुनर्वास केंद्र में पूरे हो रहें बेबस मां के अरमान, नौनिहालों के चेहरे पर लौट रही है मुस्कान

प्रातः किरण संवाददाता



छपरा। हर मां की लालसा होती है कि कलेजे के टुकड़े को खिला-पिलाकर स्वस्थ रखे। उसके मनोरंजन के लिए मनपसंद खिलौने दे, लेकिन मुफलिसी व बेबसी के कारण उसकी इच्छा पूरी नहीं हो पाती। उसके अरमान को पूरा कर रहा है छपरा सदर अस्पताल में स्थापित पोषण पुनर्वास केंद्र। यहां विशेषज्ञ चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों की निगरानी में न सिर्फ कुपोषण के चलते बीमारियों से ग्रसित नौनिहालों का उपचार किया जा रहा है, बल्कि वार्ड में बच्चों को खेलने से लेकर सभी सुविधाएं भर्ती के दौरान मुहैया कराई जा रही हैं। पोषण पुर्नवास केंद्र बच्चों को न केवल नवजीवन प्रदान कर रहा है, बल्कि कुपोषण के खिलाफ जारी जंग में बड़ा हथियार साबित हो रहा है।

मेरी तीन वर्षीय बेटी पीहू कुमारी कुपोषण का शिकार थी, वह काफी कमजोर थी जिस वजह से वह हमेश बीमार रहती थी, तब मुझे पोषण पुनर्वास केंद्र के बारे में जानकारी मिली तब मैनें अपने बेटी और बेटे दोनों को लेकर यहां आयी। जब यहां आयी थी तो बेटी पिहू का वजन सिर्फ 8 किलो 500 ग्राम था। यहां 21 दिन तक रही और सभी स्वास्थ्यकर्मियों ने अच्छे से निस्वार्थ भाव से देखभाल और इलाज कर मेरी बेटी को पूरी तरह से स्वस्थ कर दिया। अब उसकी वजन बढ़कर 9 किलो 700ग्राम हो गया है। इसी तहर मेरा बेटा आशीष जो दो साल का है वह भी काफी कमजोर था। उसे खून की कमी थी। लेकिन यहां भर्ती होने के बाद वह पूरी तरह से ठीक हो गया। उसका भी वजहन 7 किलो 600 ग्राम से बढ़कर 8 किलो 700 ग्राम हो गया है। वह भी पूरी तरह से ठीक है।

सीमा देवी, गोदना, रिविलगंज सारण

मेरी अनुष्का कुमारी जो 13 माह की है। हमेशा बीमार रहती थी, उसे हमेशा बुखार रहता था और सुस्त रहती थी। चेहरे पर कभी मुस्कान नहीं आती। कितना भी इलाज कराएं लेकिन ठीक नहीं हो रही थी। एक दिन मेरे पड़ोस की एक दीदी आयी और बोली कि यह कुपोषित है। इसे एनआरसी में ले जाओ वहां ठीक हो जायेगी। तब मैं यहां अपनी बेटी को लेकर आयी। 8 दिनों से यहां पर है। पहले से काफी ठीक हो चुकी है। इसका वजन भी बढ़ रहा है और अब हंसती खिलखिलाती है। सही से आहार भी खा लेती है। बुखार भी अब नहीं आ रहा है।

चतरा, जलालपुर सारण निवासी ललिता देवी बताया कि उनकी बेटी हमेश सुस्त रही थी । पहले में मेरी बेटी कनक कुमारी (2 साल) हमेशा सुस्त रहती थी, न खेलती थी न दूध पचा पा रही थी। उल्टी कर देती थी। इसको लेकर मुझे चिंता सता रही थी कि मेरी बेटी ठीक हो पायेगी या नहीं।

## शारदीय नवरात्र पर आयोजित दस दिवसीय सर्वोदय मेला का समापन समारोह के साथ हुआ

प्रातः किरण संवाददाता



अमनौर । गुलाम देश मे जहाँ महिलाओ को पढ़ने का अधिकार नही था पढ़ने से रोका गया उस दौरान साबित्री बाई फुले शेख फातिमा जैसी महान देवी के कड़े संघर्ष के बदौलत नारी आज स्वालम्बी हो सकी है ।भले हम नारी शक्ति के रूप में दुर्गा सरस्वती लक्ष्मी का पूजन क्यो न करे ।इस लिए देश उन्हें प्रथम शिक्षिका का उपाधि प्रदान किया है ।उक्त बातें पूर्व मंत्री बसावन भगत कुशवाहा ने गुरुवार की देर सन्ध्या प्रखंड के धर्मपुरजाफर पंचायत स्थित जवाहर बाग में आयोजित दस दिवसीय सर्वोदय मेला के समापन समारोह को सम्बोधित करते हुए कहाँ ।उन्होंने कहा देश मे डॉ अम्बेडकर महात्मा ज्योतिबा फुले का बहुत बड़ा योगदान रहा है ।इनलोगो के ही संघर्ष के बदौलत हमलोग आजाद देश मे पैदा हुआ ।दुर्गा जुल्म के विरुद्ध लड़ाई लड़ी होगी ।मा बहनो के साथ जुल्म हो रहा है ।इसके विरुद्ध जो आवाज बुलंद कर लड़े वही दुर्गा होती है ।महिला अब अबला नही सबल हो गई है ।आज हर क्षेत्र में महिलाओं का स्थान है ।जबाना बदला है ।बेटा से बेटिया अब कम नही है ।इनके साथ भेद नही करे ।देश की बेटियां अपने स्वभिमान आत्म रक्षा देश की रक्षा के लिए उन्हें लड़ना सीखनी चाहिए ।उन्होंने कहा भले पाव में चपल न हो बच्चो के हाथों में किताब अवश्य होनी चाहिए ।पेट काटकर बेटा बेटियों को शिक्षा देनी पड़े, दीजिये ।बेटियों के बिकाश के लिए सरकार हर अनुदान दे रही है ।समापन समारोह की अध्यक्षता पूर्व प्राचार्य महामाया प्रसाद बिनोद ने किया ।कार्यक्रम की शुरूआत मेला समिति के सचिव अनमोल कुमार सिंह द्वारा आये अतिथियों को अंगवस्त्र से सम्मानित कर किया गया ।भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्षा ललिता कुशवाहा ने कहा दसहरा में दस दिनों के दस अवगुणों को दूर करने का यह दिन होता है ।मेला आपसी सौहार्द के साथ मिलन स्थल मेला होता है ।मेला के सदस्य ब्रिज किशोर सिंह ने कहा कि यह मेला आजादी के पूर्व से आयोजित होते रहा है ।जिसका उद्घाटन देश के कैबिनेट मंत्री से लेकर पूर्व मुख्यमंत्री तक करते आये है ।कई जनप्रतिनिधि घोषणा के बावजूद मेला के बिकाश में कोई योगदान नही दिया ।मंच संचालन शिक्षक पप्पू सिंह ने किया.इस मौके पर किरण गुप्ता महिला मोर्चा नेत्री भाजपा नेता ललन कुशवाहा, जिलापरिषद प्रतिनिधि पप्पू सिंह राजद नेता देवेंद्र शर्मा नवीन पूरी, पंकज कुमार सिंह, ब्रिज किशोर सिंह जुगल प्रसाद सिंह बीडीओ राजीव कुमार सिन्हा,युवा नेता आदित्य सिंह, प्रिंस सिंह, पैक्स अध्यक्ष अजित कुमार समेत सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।

# भोजपुर में बना रैपिड एक्शन फोर्स के 114 वीं बटालियन का हेड क्वार्टर

## दंगो में उपद्रवियों को रैफ सिखायेगी सबक

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। जिले के कोइलवर में रैपिड एक्शन फोर्स 114 वीं बटालियन के हेड क्वार्टर कार्यालय खुला। 114 वीं बटालियन के कमांडेंट अश्वनी कुमार झा ने कोइलवर स्थित अपने कैम्पस में अधिकारियों और जवानों के साथ सैनिक सम्मेलन किया। मौके पर बटालियन के कमांडेंट ने तीन सप्ताह तक चलने वाले प्रशिक्षण के बारे में बताया। जिसमें विधि व्यवस्था बहाल करने, फर्स्ट एड के बारे में जवानों को विस्तार से समझाया। सैनिक सम्मेलन के बाद पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने बताया कि सीआरपीएफ की रैपिड एक्शन फोर्स की 114 वीं बटालियन का हेड क्वार्टर कोईलवर, भोजपुर को बनाया गया है। जो पहले पंजाब के जालंधर में थी। 114 वीं बटालियन की चार कम्पनियां है, जिनमें एक कोईलवर, दो मुजफ्फरपुर और एक फिलहाल हरियाणा के शम्भू बार्डर पर किसान आंदोलन में कार्यरत है। जिस कम्पनी के आने के बाद बिहार के औरंगाबाद में रखी जायेगी। आगे उन्होंने बताया कि मिनिस्ट्री ऑफ होम अफेर्स से बटालियन के कम्पनी की गतिविधियों का संचालन होगा। एमएचए का



निर्देश मिलते ही घण्टे भर के अंदर कम्पनी मूव के लिए तैयार हो जाती है। बटालियन में अधिकारी से लेकर जवान वेल ट्रेंड है, जो हर गतिविधियों से निपटने के लिए तैयार रहते है। जिन्हें पांच पांच आधुनिक हथियार चलाने का काफी अनुभव समेत हर परिस्थियों से निपटने में निपुण है। बिहार के किसी जिले में कुछ अन्य गतिविधियां होती है तो उत्तर बिहार में मुजफ्फरपुर और कोईलवर कंपनी तुरंत मूवमेंट करने को तैयार रहेगी। कम्पनी के अधिकारी और जवान मानवाधिकार का पालन करते हुए उनसे हर परिस्थितियों से निपटने को तैयार रहते है। बटालियन द्वारा समय समय पर सामाजिक गतिविधि जैसे पौधरोपण, ब्लड डोनेशन कैंप, तिरंगा यात्रा, सेफ राइडिंग जागरूकता अभियान, रूलर, अर्बन क्षेत्र में मेडिकल कैंप, स्वच्छ पर्यावरण समेत कई गतिविधि कार्यक्रम का आयोजन करती रहती है। मौके पर एडीएम/एकाउंट नीलम सरंगल, टू आईसी रत्नेश्वर कुमार, डीसी राणा नवीन,जितेंद्र सिंह,हरबंस सिंह समेत दर्जनों अधिकारी मौजूद रहे।

# खनन विभाग व कछवां पुलिस ने वैध बालू लदे तीन ट्रैक्टर को किया जब्त

प्रातः किरण संवाददाता



काराकाट(रोहतास) । खनन विभाग व कछवां पुलिस ने संयुक्त रूप से छापेमारी अभियान चलाकर अवैध बालू लदे तीन ट्रैक्टर को जब्त किया है । कछवां थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के ग्राम कंचनटोला में छापेमारी अभियान चलाया गया है । जिस क्रम में अवैध बालू लदे तीन ट्रैक्टर को जब्त किया गया है । उन्होंने कहा कि पुलिस को देख तीनों चालक फरार हो गए । बताया कि जब्त तीनों ट्रैक्टर के विरुद्ध संबंधित विभागीय कानूनी कार्रवाई की गई है । उक्त दौरान जब्त तीनों ट्रैक्टर को स्थानीय पुलिस की निगरानी में रखा गया है । उन्होंने कहा कि संबंधित मामले में तीनों ट्रैक्टर मालिकों व ट्रैक्टर चालकों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है । श्री कुमार ने कहा कि बालू माफियाओं के विरुद्ध लगातार छापेमारी अभियान चलाया जाएगा । मौके पर खनन निरीक्षक राहुल कुमार , थानाध्यक्ष मितेश कुमार , अपर थानाध्यक्ष मनीष कुमार , एसआई कन्हैया सिंह यादव , एएसआई नवलेश प्रसाद सिंह , अक्षय लाल पासवान सहित पुलिस बल के जवान लोग मौजूद थे ।

# भोजपुर पुलिस की बड़ी उपलब्धि अवैध हथियार के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया

प्रातः किरण संवाददाता

आरा ।भोजपुर पुलिस अधीक्षक श्रीराज ने प्रेस वार्ता कर बताया कि दिनांक-17.10.2024 को समय करीब रात्रि 23:27 बजे गुप्त सुचना मिली कि ग्राम-दक्षिण एकौना में आयुष कुमार उर्फ मुसा पिता-स्व० सुनील कुमार सिन्हा के द्वारा अवैध हथियार लेकर कहीं जाने वाला है ।अधोहस्ताक्षरी द्वारा इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त आसूचना का सत्यापन, अपराधकर्मी की गिरफ्तारी एवं अवैध आग्नेयास्त्र की बरामदगी हेतु थानाध्यक्ष, उदवंतनगर के नेतृत्व में थाना के पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बलों के साथ एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा आसूचना का सत्यापन हेतु ग्राम-



दक्षिण एकौना में आयुष कुमार उर्फ मुसा पिता-स्व० सूनील कुमार सिन्हा के घर के पास पहुँचा और एक व्यक्ति को हिरासत में ले कर नाम पता पुछ-ताछ किया तो उनके द्वारा अपना नाम आयुष कुमार उर्फ मुसा पिता-सुनील कुमार, सा०-दक्षिण एकौना, थाना-उदवंतनगर, जिला-भोजपुर बताया गया।

हथियार से संबंधित पुछ-ताछ करने उनके द्वारा बताया गया कि घर में है तथा दुसरा आकश कुमार पिता-बिनोद के पास है। तदोपरान्त पहले आयुष कुमार के घर का तलाशी लेने पर लोहे से बना एक रिवाल्वर बरामद कर जप्त किया गया।

आकाश कुमार पिता-बिनोद कुमार के घर पहुँचा एवं एक व्यक्ति को हिरासत में लिया तथा नाम पता पुछने पर अपना नाम आकाश कुमार पिता-बिनोद कुमार सा०-दक्षिण एकौना,थाना-उदवंतनगर, जिला-भोजपुर बताया गया। हथियार से संबंधित पुछ-ताछ करने उनके द्वारा बताया गया कि घर में है। तदोपरान्त तलाशी लेने पर एक दो नाली बंदुक बरामद करद जप्त किया गया है।

हिरासत लिये गये दोनों व्यक्ति से जप्त हथियार के संबंधित कागजात प्रस्तुत करने के लिए कहा गया परन्तु उक्त दोनों व्यक्ति द्वारा प्रस्तुत नहीं किया। इस संबंध में उदवंतनगर थाना कांड सं0-464/24 दि०-18.10.2024, धारा-25 (1-बी) ए/26/35 आर्म्स एक्ट अन्तर्गत दर्ज किया गया ।बरामद वस्तुएँ में नेटिव टू ग्रूव गन-01रिवल्वार-01 है। वही गिरफ्तार अभियुक्तमें आकाश कुमार पिता-बिनोद कुमार सा०-दक्षिण एकौना, थाना-उदवंतनगर, जिला-भोजपुर (८) आयुष कुमार उर्फ मुसा पिता-सुनील कुमार, सा०-दक्षिण एकौना, थाना-उदवंतनगर, जिला-भोजपुर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया ।

# पुलिस द्वारा अपराधियों के विरूद्ध बड़ी कार्रवाई

प्रातः किरण संवाददाता

आरा । भोजपुर पुलिस अधीक्षक श्री राज ने प्रेस वार्ता कर बताया कि दिनांक-15.10.2024 को वादी राजू रंजन चौधरी, पे० श्री रामदयाल चौधरी, सा०-कोईलवर वार्ड नं0-09 थाना-कोईलवर, जिला-भोजपुर के पिता श्री रामदयाल चौधरी सुबह 10:40 बजे सुबह में कपीलदेव चौक के पास खैनी दुकान पर दो अज्ञात अपराधकर्मियों के द्वारा गोली मार कर जख्मी कर दिया गया, जिनका ईलाज डॉ विकास कुमार, आरा के क्लीनिक में चल रहा है। अपराध कर्मियों के द्वारा इन्हें फोन पर धमकी दिया जा गया कि पाँच लाख रुपए दो नही तो जान से मार देंगे।भोजपुर पुलिस की कार्रवाई :-इस संबंध में वादी के लिखित आवेदन पर कोईलवर थाना कांड सं0-413/24, दिनांक-15.10.24, धारा308(4)/118(1)/118(2)/109/351(2) (3)/3(5) बी०एन०एस० एवं 27 आर्म्स एक्ट अन्तर्गत दर्ज किया गया।थानाध्यक्ष कोईलवर के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त घटना में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु थाना के पुलिस पदाधिकारी एवं थाना के सशस्त्र बलों के साथ एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा रेड /छापामारी कर उक्त घटना में संलिप्त 03 अभियुक्तों को 1. जयनाथ यादव 2. रौशन पासवान उर्फ सुखल पासवान को कोईलवर आस्था मौल के पास, एवं 3. रोहित कुमार उर्फ अमीत कुमार उर्फ माझी को उसके घर हरहंगी टोला से गिरफ्तार किया गया तथा इसके पास से 03 मोबाईल बरामद किया गया हैं। फलाफल की विवरणी इस प्रकार हैं।बरामद वस्तुएं जिंदा कारतूस-01 खोखा-03मोबाइल-03 मिस फायर कारतूस-01 है।

# बड़का डुमरा के समिप धारा पुल का होगा नव निर्माण :धनंजय

प्रातः किरण संवाददाता

आरा । आरा सदर पुर्वी-25 के जिला पार्षद सह प्रदेश उपाध्यक्ष , युवा राजद धनंजय यादव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुये कहा कि बडका डुमरा के समिप धारा पुल के नव निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो गया है ।लंबे समय से किये जा रहे सतत और अथक प्रयास से अगले वित्तिय वर्ष में ग्रामिणों को न्ये पुल का सौगात मिलनें जा रहा है ।अनेकों बार लगातार जिला परिषद की बैठकों में लगातार सवाल किये जानें और ध्यान आकृष्ट करानें से पुर्व उप विकास आयुक्त भोजपुर श्री विरेंद्र विरकर जी के अतुलनीय और सराहनीय सहयोग से इसका नव निर्माण होना संभव हो पाया है ।

इस पुल के बन जानें से सिंगही, शोभी डुमरा, मखदुमपुर , बडका डुमरा , भेल डुमरा , निर्मलपुर, सारंगपुर ,महुली पीरौंटा समेत आरा -सिन्हा रोड, आरा-केशवपुर रोड , आरा -सलेमपुर रोड के किनारे स्थित दर्जनों गांवों के ग्रामिणों के लिये सुरक्षित आवागमन और यातायात की सुविधा बहाल होगी ।

साथ ही साथ उन्होनें बताया कि आरा प्रखंड के अंतर्गत विभिन्न गांवों को न्यी सड़कों से भी जोड़नें का कार्य अगले वित्तिय वर्ष में किया जायेगा ।

हसनपुरा और पिपरहियां को जमिरा से , भुसहुला और गोठहुला को कारवां से , शुभकरणगंज को धुधुआं से , आरा-गुण्डी -पैगा पथ से बलुआं , बसंतपुर और महकमपुर बारा को , लक्षणपुर से चांदी को , बडका डुमरा और मखदुमपुर को आरा -सिन्हा रोड के साथ जोड़ने का कार्य किया जायेगा । इसके लिये बहुत जल्द ही अगले सप्ताह विभागीय सर्वेक्षण का कार्य पुर्ण कर लिया जायेगा । जिला पार्षद नें कहा कि क्षेत्र और प्रखंड के विकास के लिये वह संकल्पित हैं और विकास कार्यों मे स्थानीय ग्रामिणों विशेषकर नौजवानों से सहयोग करनें की अपिल किया ।

## पुलिस ने देशी शराब और हथियार किया बरामद,मामले में संलिप्त पिता व पुत्र फरार

प्रातः किरण संवाददाता

काराकाट(रोहतास) । काराकाट प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कछवां पुलिस ने देशी शराब के साथ एक देशी कट्टा एवं एक जिंदा कारतूस को किया बरामद । सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के दनवार निवासी धनंजय सिंह स्थानीय थाना में लिखित आवेदन देकर बताया है कि उक्त गांव के प्रशांत कुमार सिंह ,अरुण सिंह एवं अन्य ग्रामीणों के साथ थाना क्षेत्र अंतर्गत काजीचक टोला में सुबह सड़क पर टहल रहे थे । उसी समय देखा कि ब्रह्म स्थान से पूरब अपने खेतों में अरुण पांडेय 45 वर्ष पिता नागेंद्र पांडेय अपने पुत्र गौरव पांडेय उम्र 25 वर्ष के साथ शराब की बिक्री कर रहे हैं । ग्रामीणों के मना करने पर अरुण पांडेय अपने कमर से देशी कट्टा निकाल कर गाली गलौज करते हुए हथियार को लहराने लगे । । ग्रामीणों को देखते हुए पिता हथियार को फेककर अपने पुत्र के साथ फरार हो गए । तत्पश्चात ग्रामीणों ने घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी । घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई । उसके उपरांत ग्रामीणों ने स्थानीय पुलिस को 2.2 लीटर देशी शराब , एक देशी कट्टा एवं एक जिंदा कारतूस को सुपुर्द कर दिया ।

इस संबंध में थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने बताया कि ग्रामीणों ने 2.2 लीटर देशी शराब,एक देशी कट्टा एवं एक जिंदा कारतूस पुलिस को सौंपा है ।

# रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव के लिए अधिसूचना जारी, प्रत्याशी कर सकेंगे नामांकन



प्रातः किरण संवाददाता

रामगढ़ (कैमूर) भारतीय निर्वाचन आयोग के नियमों के अनुसार 203 रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर सह भूमि सुधार उपसमाहर्ता मोहनिया ने निर्वाचनों का संचालन नियम 1961 नियम तीन के तहत निर्वाचन की सूचना प्रकाशित कर दिया है। आम सूचना के अनुसार 25 अक्टूबर तक नॉमिनेशन फॉर्म लिए जाएंगे।28 अक्टूबर को नॉमिनेशन पेपर का स्क्रुटनी होगा तथा 30 अक्टूबर तक अभ्यर्थी नाम वापसी कर सकते हैं। मतदान की तिथि 13 नवंबर है तथा 23 नवंबर को मतगणना की जाएगी। नामांकन का समय सुबह 11:00 से अपराह्न 3:00 तक ही होगा। राजपत्रित अवकाश के दिन नामांकन नहीं हो सकेगा। नामांकन अनुमंडल कार्यालय मोहनिया के प्रथम तल पर स्थित रिटर्निंग ऑफिसर सह भूमि सुधार उप समाहर्ता मोहनिया के कार्यालय प्रकोष्ठ में किया जा सकेगा। भारतीय निर्वाचन आयोग के निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के अनुसार ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है ।रामगढ़ विधानसभा उप चुनाव के लिए भूमि सुधार उपसमाहर्ता मोहनिया को निवार्ची पदाधिकारी जबकि सहायक निवार्ची पदाधिकारी के रूप में प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचलाधिकारी दुर्गावती रामगढ़ और नुओं अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। जिला निवार्ची पदाधिकारी द्वारा निवार्ची पदाधिकारी और सहायक निवार्ची पदाधिकारी सहित अनुमंडल पदाधिकारी को निर्देश दिया है कि चौक चौराहे के अतिरिक्त सोशल मीडिया पर भी आदर्श आचार संहिता के मूल भावना के अनुरूप चौकस निगाहें रखें तथा कहीं भी दोषी पाए जाने पर निर्वाचन अधिनियमों के सुसंगत प्रावधानों के तहत त्वरित कार्रवाई करें।

इस विधानसभा उपचुनाव के सफल संचालन तथा पक्षपात रहित निर्वाचन के लिए प्राप्त सुझावों,शिकायतों के त्वरित निष्पादन के लिए टोल फ्री नंबर 1950 चौबीसों घंटे कार्यरत रहेगा। रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाता की संख्या 290626 है जिसमें पुरुष 150406,महिला 139152 अन्य 2 तथा सर्विस वोटर 1066 हैं ।निर्वाचन आयोग की आधिकारिक सूचना के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है तथा जगह-जगह दंडाधिकारी और पुलिस पर्याप्त संख्या में प्रतिनियुक्ति की गई है ।जिला दंडाधिकारी ने बताया कि सभी प्रकार के परमिशन तथा पास आदि के लिए अनुमंडल पदाधिकारी मोहनिया को अधिकृत किया गया है। रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव के रिटर्निंग ऑफिसर कमलाकांत त्रिवेदी ने बताया कि संभावित उम्मीदवारों के मदद के लिए अनुमंडल कार्यालय में हेल्प डेस्क बनाया गया है।

## अज्ञात पर बाइक व मोबाइल चोरी करने की प्राथमिकी हुई दर्ज

प्रातः किरण संवाददाता

नासरीगंज(रोहतास) : कछवां थाना क्षेत्र अंतर्गत तुलसी टोला महाराजगंज स्थित प्राथमिक विद्यालय के समीप से बाइक चोरी होने की घटना प्रकाश में आया है । सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के खिरियांव निवासी उमेश कुमार अपनी बाइक से औरंगाबाद से घर आ रहे थे तो रास्ते में ही कछवां थाना क्षेत्र के तुलसी टोला महाराजगंज स्थित प्राथमिक विद्यालय से आगे ब्रेकर के समीप अपनी बाइक को खड़ा कर श्री कुमार अपनी बाइक का डिक्की खोलकर उसमें मोबाइल को रखकर शौच करने चले गए । जब वे शौच करके अपने बाइक के पास आए तो उक्त स्थल से उनका बाइक गायब था । उनके द्वारा काफी अथक प्रयास किया गया लेकिन कोई सफलता हाथ नहीं लगी ।

उक्त मामले में पीड़ित श्री कुमार द्वारा स्थानीय थाना में अज्ञात चोरों के विरुद्ध बाइक एवं मोबाइल चोरी होने का मामला दर्ज कराया है । इस संदर्भ में थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने बताया कि पीड़ित के द्वारा दिए गए लिखित आवेदन के आधार पर मामला दर्ज करते हुए स्थानीय पुलिस जांच में जुट गई है ।

## राज्य स्तरतीय लोक नृत्य प्रतियोगिता में +2 विद्यालय कडारी, भोजपुर की बच्चियों ने जीता प्रथम स्थान



प्रातः किरण संवाददाता

आरा । राज्य शिक्षा, शोध एवं प्रशिक्षण परिषद, (एससीईआरटी) पटना, बिहार की ओर से राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद ( एनसीईआरटी ) दिल्ली के सौजन्य से राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा परियोजना के अंतर्गत श्री कृष्ण विज्ञान भवन पटना में आयोजित राज्य स्तरीय लोक नृत्य प्रतियोगिता में +2 विद्यालय कडारी, आरा भोजपुर की बच्चियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया.

विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक श्री राकेश कुमार ने बताया कि एनसीईआरटी दिल्ली द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर पर होने वाले लोक नृत्य प्रतियोगिता में +2 विद्यालय कडारी की बच्चीयां अनु कुमारी, कृति कुमारी, मुस्कान कुमारी, साधना कुमारी, सोनाली कुमारी, कुमकुम कुमारी, रानी कुमारी, खुशबू कुमारी, नेहा कुमारी संगीत शिक्षक श्याम बाबू कुमार के नेतृत्व में चौथी बार राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगी. विदित हो कि इससे पहले भी 3 बार विद्यालय ने राज्य का प्रतिनिधित्व किया है.

प्रतियोगिता पांच विषयों पर आधारित था. इनमे बालक बालिका के लिए समान अवसर, नशाखोरी से निवारण, किशोरावस्था के दौरान स्वास्थ संबंध, बाल विकास में संयुक्त परिवार की भूमिका, और पर्यावरण की रक्षा शामिल रहा.

झुमर, मलाह गीत, विवाह गीत आदि लोक धुनों पर विद्यालय के शिक्षक श्याम बाबू कुमार ने जिले के प्रसिद्ध युवा नाट्य निर्देशक मनोज कुमार सिंह के मार्गदर्शन में पर्यावरण की सुरक्षा को विषय बनाया. कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षकों आयुष आनंद, अंजली कुमारी, इंदु रानी, पंकज कुमार राय, रवि शंकर सिंह सहित पुरे विद्यालय परिवार का विशेष सहयोग रहा।

## युवा दे रहे हैं लोगों को रोजगारः आरके सिंह

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। युवा आजकल खुद रोजगार का सृजन करके दुसरो के लिए रोजगार पैदा कर रहे है और खुद आत्मनिर्भर बन रहे है ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग रोजगार पा सके उक्त बातें आरा आरक्षण कार्यालय के आरक्षण पर्यवेक्षक आरके सिंह ने कही वे आज धरहरा बाईपास में सोना टी स्टॉल के उद्घाटन के बाद आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे वही आरके सिंह मोहम्मद शमशाद बरिष्ठ पत्रकार चंदन कुमार ने इसका विधिवत फीता काटकर उद्घाटन किया वही इस मौके पर गण्यमान अतिथियों का स्वागत किया गया बाईपास में अब शहरवासियो को एक अलग तरह का चाय का स्वाद मिलेगा क्योंकि अच्छी चाय की चुस्की के लिए लोगो को शहर के बाहर भी जाना पड़ता था लेकिन अब कई अलग टेस्ट में चाय यही मिल जाया करेगी वही इस स्टॉल को खोलने वाले दो युवाओं मोनू और पवन ने बताया कि या उन लोगों के दिमाग का एक आईडिया है क्योंकि आरा शहर में भी चाय के बहुत शौकीन लोग है और उनकी जरुरत की चाय हम लोग यही उपलक्ष कराएंगे इसके साथ ही साथ यहां पर कम से कम चार लोगों को प्रत्यक्ष रुप से रोजगार भी मिलेगा यही उनके स्टार्टअप बड़ा हिस्सा है और यह युवा को और आगे ले जाने का काम करेंगे ताकि ज्यादा से ज्यादा रोजगार पैदा किया जा सके।

## मेडिसिन एवं मानसिक रोग विभाग की आयोजित विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस कार्यक्रम का हुआ समापन




प्रातः किरण संवाददाता

सासाराम(रोहतास) : नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल ,जमुहार के कम्युनिटी मेडिसिन एवं मानसिक रोग विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विगत एक सप्ताह से चल रहे विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस कार्यक्रम का कल शाम समापन हो गया। एक सप्ताह तक चले इस कार्यक्रम के दौरान विभाग के शिक्षकों एवं छात्रों के द्वारा मानसिक स्वास्थ्य को लेकर विभिन्न आयोजनों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। इस दौरान चिकित्सा शिक्षा प्राप्त कर रहे छात्रों द्वारा नुक्कड़ नाटक, पोस्टर प्रेजेंटेशन एवं प्रश्नोत्तरी के माध्यम से लोगों को मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी प्रदान की गई ।कार्यक्रम के समापन में प्राचार्य डॉक्टर हीरालाल महतो ,उप प्राचार्य डॉक्टर अशोक कुमार देव, कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष डॉक्टर दीपेंद्र कुमार , डॉ नवीन कुमार तथा मानसिक रोग विभाग के डॉक्टर राजकुमार ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम प्रारंभ किया तथा आयोजन में शामिल छात्रों को पुरस्कृत भी किया । कार्यक्रम में उपस्थित प्राचार्य को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया ।कार्यक्रम को सफल करने में मानसिक रोग विभाग की डॉक्टर अंजना गांधी, कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के डॉक्टर राहुल चंद्रा, डॉक्टर श्वेता सुमन, डॉक्टर धर्मेंद्र कुमार, डॉ सुमन कुमार भारती, डॉक्टर ज्योति कुमारी के साथ ही मानसिक रोग विभाग के चिकित्सकों की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

# सेविका समिति के महिला सदस्यों द्वारा ध्वज प्रणाम और वंदना किया गया

प्रातः किरण संवाददाता

डेहरी(रोहतास) : राष्ट्र सेविका समिति सदस्या द्वारा न्यू एरिया स्थित एम जी वाटिका में शरत पूर्णिमा के शुभ अवसर पर चांदनी रात में विशेष शाखा लगा और सेविका समिति के महिला सदस्यों द्वारा ध्वज प्रणाम और वंदना किया गया ।इस अवसर पर सहकार्यवाह संजू सिंह ने एकल गीत प्रस्तुत की और नगर कार्यवाह आरती केशरी ने अपने बौद्धिक में शरत पूर्णिमा पर अत्याधत्मिक, धार्मिक, वैज्ञानिक पहलू पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आज चंद्रमा पूरे



वर्ष के आज के दिन सोलह कलाओं से परिपूर्ण अपने प्रकाश से अमृत वर्षा करती है और आज के दिन समुद्र मंथन से मां लक्ष्मी की उत्पत्ति हुई थी। कार्यक्रम में चांदनी रौशनी में खीर रखा जाता है और कार्यक्रम के अंत में सभी सदस्य भोजन मंत्र के बाद ग्रहण किए ।कार्यक्रम में मुख्य रूप से रेणु जी, सुषमा श्रीवास्तव, पूनम, सोनी सिंह,मान्या,गुंजा, सुनीता, काजल कुमारी, आरती श्रीवास्तव, रीता, माधुरी, रुचि और प्रियंका केशरी सहित कई महिला और बच्चे शामिल रहे।

## विद्युत विपत्र सुधार को लेकर प्रखंड मुख्यालय में लगेंगे विशेष शिविर

प्रातः किरण संवाददाता

बिक्रमगंज (रोहतास) । विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल बिक्रमगंज अंतर्गत विद्युत विपत्र में सुधार करने और खराब मीटर को बदलने को लेकर आज सभी प्रखंड मुख्यालय पर विशेष शिविर लगाए जाएंगे ताकि उपभोक्ताओं का त्वरित समाधान हो सके । सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार ने बताया कि बिजली कंपनी के हेल्प लाइन नंबर 1912 एवं अन्य माध्यमों से बिलिंग और मीटर खराब होने की लगातार शिकायत मिल रही है । इस समस्या के निदान के लिए कैंप लगाकर समस्या का निष्पादन करने का निर्णय लिया गया है । बताते चलें कि उपभोक्ताओं के विपत्र में त्रुटि मुख्यतः गलत रीडिंग, एकमुश्त रीडिंग, गलत औसत, खराब मीटर एवं अन्य कारणों से होती है । जिससे की उपभोक्ता चाहकर भी विपत्र का भुगतान नहीं कर पाते हैं । कैम्प में प्राप्त शिकायत के संबंध में यह प्रयास रहेगा कि स्थल पर ही अधिकाधिक नियमानुसार सुधार कर दिया जाए।

# बारह बजे बंद मिला ईओ कार्यालय फरियादियों की बढ़ी मुश्किले, रोष व्याप्त

प्रातः किरण संवाददाता



काराकाट(रोहतास) । काराकाट नगर पंचायत की हाल ,जनता बेहाल अधिकारियों के कार्यालय में न बैठने पर फरियादियों को कितनी परेशानी होती है इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। नगर पंचायत ईओ का कार्यालय गुरुवार को दोपहर 12.00 बजे तक बंद मिला। फरियादी घंटों उनका इंतजार करते रहे। नगर के लोग अपना अलग अलग समस्याओं को लेकर ईओ से मिलने आए थे। काफी देर इंतजार करने के बाद नगर पंचायत प्रशासन की व्यवस्था को कोसते हुए चले गए। नगर पंचायत की कई महीनों से ईओ की कार्यालय देरी से खुलने व पहुंचने की शिकायत मिलते आ रही हैं। जिसके बाद हमारे स्थानीय पत्रकार ने पड़ताल किया तो देखा की ईओ 12 बजे तक अपने कार्यालय में उपस्थित नही है और कार्यालय बंद है। जिसके बाद ईओ सिमाल मतीन को कॉल लगाया जिसका उनके द्वारा कोई जवाब नही दिया गया । लेकिन जैसे ही परिसर से बाहर निकला तो देखा की ईओ अपने वाहन से 12:05 बजे नगर पंचायत कार्यालय परिसर में दाखिल हो गए । जिसके बाद ईओ से कार्यालय पहुंचने में हुई देरी के बारे में पूछा गया तो उन्होंने विभागीय कार्य की हवाला देते हुए सवालों की जवाब देने से बचते दिखे । ऐसे अधिकारियों की वजह से फरियादी अपने कार्यों को लेकर अधिकारियों का कार्यालय की बाहर घंटो इंतजार करते रह जाते हैं । नगर पंचायत कार्यालय पहुंचे मोहम्मद राजा मंसूरी, चितरंजन तिवारी, अब्दुल हकीम, भोला मिया, वकील मिया सहित दर्जनों लोग दस नंबर वार्ड की गली में किसी व्यक्ति द्वारा अतिक्रमण किए जाने की शिकायत को लेकर ईओ से मिलने आए थे । लोगों ने बताया की सुबह दस बजे से ही नगर पंचायत परिसर के बाहर ईओ कार्यालय खुलने व ईओ से मिलने की इंतजार बैठे थे । लोगों ने कहा की किसी दिन समय से न तो ईओ आते है और न ही कार्यालय खुलता है जिसके वजह से लोग घंटो इंतजार के बाद घर लौट जाते हैं। नगर पंचायत के गोडारी वार्ड दस के लोगों ने बताया की गली में अतिक्रमण ईश्वर मंसूरी द्वारा जबरन किया जा रहा है जिसका लिखित शिकायत ईओ को पांच अक्तूबर को दिया था लेकिन अधिकारीयों द्वारा करवाई नही जाने पर लोगो काफी रोश है और लोग प्रतिदिन ईओ दफ्तर का चक्कर लगा व घंटो बंद पड़े कार्यालय के बाहर घंटो इंतजार कर वापस लौट जाते हैं।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, शनिवार, 19 अक्टूबर, 2024





# लॉरेंस बिश्नोई की धमकियों से नहीं डरते सलमान शुरू करने जा रहे सिकंदर की शूटिंग!

सलमान खान अपने डेयरिंग अंदाज के लिए जाने जाते हैं। इसी बीच सुपरस्टार ने एक बड़ा कदम उठाया है, जिसे जानकर उनके प्रशंसक उनकी सुरक्षा को लेकर थोड़े चिंतित हो उठे हैं। खबरें हैं कि अपने करीबी दोस्त-राजनेता बाबा सिद्दीकी की हत्या और अपनी जान को खतरा होने के बावूजद सलमान ने शूटिंग रोकने से इनकार कर दिया है। खबरों के अनुसार, अभिनेता जल्द ही अपनी अगली फिल्म सिकंदर के शूटिंग सेट पर लौटने वाले हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, एआर मुरुगादॉस द्वारा निर्देशित फिल्म सिकंदर का अगला शेड्यूल बढ़ी हुई सुरक्षा के साथ अगले हफ्ते शुरू होगा। फिल्म साजिद नाडियाडवाला द्वारा समर्थित है। प्रोडक्शन टीम ने शुरुआत में हैदराबाद में शूटिंग करने की योजना बनाई थी, लेकिन अब उन्होंने पहले मुंबई शेड्यूल पूरा करने का फैसला किया है।

एक मीडिया रिपोर्ट में सूत्र के हवाले से लिखा गया है, इस कार्यकाल के लिए नए स्थानों पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। फिलहाल एक सप्ताह की शूटिंग की योजना बनाई गई है, जहां मुख्य अभिनेत्री रश्मिका मंदाना पुष्पा 2- द रूल पर अपना काम खत्म करने के लिए दक्षिण की ओर उड़ान भरने से पहले सुपरस्टार के साथ शूट करेंगी। जानकारी हो कि सलमान खान की सुरक्षा व्यवस्था अप्रैल में उनके बांद्रा स्थित आवास गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर गोलीबारी की घटना के बाद बढ़ाकर 10-15 सदस्यों तक कर दिया गया था। वहीं, बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद इसे दोगुना कर दिया गया है। रिपोर्ट में आगे कहा गया है, सुरक्षाकर्मियों की संख्या बढ़ाई जाएगी, जबकि सेट पर लोगों की संख्या कम की जा सकती है। सेट पर कदम रखने वाले लोगों की गहन जांच और कार्यक्रम स्थल को सुरक्षित करने जैसे गहन सुरक्षा उपाय किए जाएंगे।

इस बीच, अरबाज खान ने हाल ही में बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद भाई सलमान की सुरक्षा और उनके परिवार की भलाई के बारे में बात की। एक कार्यक्रम में, खान ने जूम को बताया, हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि सरकार और पुलिस के साथ-साथ हर कोई यह सुनिश्चित कर रहा है कि चीजें उसी तरह से चलें, और, वह (सलमान) सुरक्षित हैं। हर कोई अपना सर्वश्रेष्ठ कर रहा है।



# सामंथा ने खुद अपनी अदाकारी पर उठाया सवालिया निशान

सामंथा रुथ प्रभु ने एक इंटरव्यू के दौरान कहा है कि वह अपने करियर के आधे हिस्से में एक खराब अदाकारा रही हैं। तेलुगु फिल्मों की सुपरस्टार सामंथा ने 2010 में नागा चैतन्य के साथ ये माया चेसावे से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की थी। इसके बाद सामंथा ने कई बेहतरीन फिल्मों में अभिनय किया है। सामंथा को एसएस राजामौली की ईगा के लिए सर्वश्रेष्ठ तेलुगु अभिनेत्री का फिल्मफेयर पुरस्कार मिला। इसके अलावा भी सामंथा को फिल्मों में शानदार अभिनय के लिए कई पुरस्कार मिले हैं। इतने अवॉर्ड्स और शानदार फिल्मों के बाद भी सामंथा का कहना है कि उनकी कुछ फिल्मों में उनकी खराब अदाकारी रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सामंथा ने एक इंटरव्यू में अपनी ही अदाकारी पर सवालिया निशान खड़े कर दिए। उन्होंने कहा, मैं अपनी आधी जिंदगी में एक खराब अभिनेत्री रही हूं। मैं कहूंगी कि कभी-कभी, मैं अब भी बुरी हो सकती हूं। यह सब निर्भर करता है, मुझे नहीं लगता कि मैं खुद को सारा श्रेय दूंगी, जब आप सही टीम के साथ और सही हाथों में होते हैं, तो सब कुछ अपने आप ठीक हो जाता है। इसलिए मैं आज भी हनी (सिटाडेल में सामंथा के किरदार का नाम) जितनी बुरी होने में सक्षम हूं। राज और डीके की इस एक्शन-थ्रिलर सीरीज में सामंथा एक महत्वाकांक्षी अभिनेत्री की भूमिका में नजर आएंगी, जो कई ऑडिशन से गुजरती है। इस सीरीज में सामंथा के साथ पहली बार वरुण धवन नजर आएंगे। इस सीरीज को लेकर हाल ही में प्रियंका चोपड़ा ने भी स्टारकास्ट को बधाई दी थी। सामंथा वेब सीरीज सिटाडेल हनी बनी में मुख्य भूमिका निभा रही हैं। 7 नवंबर को यह प्राइम वीडियो पर भारत समेत 240 देशों में रिलीज होगी। वरुण धवन और सामंथा रूथ प्रभु स्टारर सिटाडेल हनी बनी को लेकर प्रशंसक बेहद उत्साहित हैं। इस सीरीज में सामंथा और वरुण के अलावा के के मेनन, सिमरन, शिकंदर खेर अहम भूमिका में नजर आएंगे। सीरीज का ट्रेलर एक्शन और रोमांच से भरा है, जो प्रशंसकों को बेहद पसंद आया था।



# प्रियंका चोपड़ा ने सिटाडेल हनी बनी के वरुण धवन-सामंथा को दी शुभकामनाएं

प्रियंका चोपड़ा ने आगामी एक्शन से भरपूर वेब सीरीज सिटाडेल हनी बनी के ट्रेलर की जमकर प्रशंसा की। बीते मंगलवार को, निर्माताओं ने सीरीज का पहला आधिकारिक ट्रेलर जारी किया, जिसमें वरुण धवन और सामंथा रूथ प्रभु मुख्य भूमिकाओं में नजर आए, जहां ट्रेलर को पहले ही कई बॉलीवुड हस्तियों ने सराहा है, वहीं इस लिस्ट में अब प्रियंका का नाम भी शामिल हो गया है। अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर ट्रेलर को फिर से पोस्ट करते हुए, प्रियंका ने लिखा, वापस वहीं जहां नादिया के लिए यह सब शुरू हुआ... मूल कहानी... सिटाडेल हनी बनी, ट्रेलर अब आउट हो गया है। आगे प्रियंका ने वरुण धवन और सामंथा रुथ प्रभु के अभिनय की सराहना करते हुए उन्हें अविश्वसनीय कहा।

प्रियंका ने रिचर्ड मैडेन के साथ सिटाडेल के मूल अमेरिकी संस्करण में मुख्य भूमिका निभाई थी। उन्हें नादिया सिंह के रूप में देखा गया था, जो एक बेहद कुशल सिटाडेल जासूस एजेंट है। बहरहाल, प्रियंका सिटाडेल 2 की शूटिंग में व्यस्त हैं। प्रियंका से पहले सिटाडेल हनी बनी के ट्रेलर की प्रशंसा आलिया भट्ट, अर्जुन कपूर, करण जौहर, जान्हवी कपूर, मानुषी छिल्लर और बाकी हस्तियों ने की थी। आलिया ने सिटाडेल हनी बनी के अभिनेताओं की तारीफ करते हुए उन्हें अपना पसंदीदा बताया। फिल्म निर्माता करण जौहर ने कहा कि वह शो देखने के लिए और इंतजार नहीं कर सकते। अर्जुन कपूर ने लिखा, अपनी सीट बेल्ट बांध लें, क्योंकि यह एक शानदार सफर होने वाला है। अमेरिकी जासूसी एक्शन शो सिटाडेल- हनी बनी के स्पिन-ऑफ में वरुण धवन और सामंथा रूथ प्रभु अंडरकवर एजेंट की भूमिका में हैं। वरुण और सामंथा के अलावा, ट्रेलर में के के मेनन, साकिब सलीम और सिकंदर खेर अहम भूमिका में नजर आएंगे। राज और डीके द्वारा निर्मित यह सीरीज 7 नवंबर, 2024 को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।

# द बकिंघम मर्डर्स की असफलता पर जारी चर्चा के बीच करीना का बयान

करीना कपूर खान की नवीनतम फिल्म द बकिंघम मर्डर्स इन दिनों काफी चर्चा में है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल नहीं हो सकी थी, जिसे लेकर काफी चर्चा भी हो रही है। फिल्म की असफलता को लेकर तरह-तरह के कारण लोगों द्वारा गिनाए जा रहे हैं। करीना कपूर खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म सिंघम अगेन की रिलीज की तैयारियों में व्यस्त हैं। हाल में ही अभिनेत्री ने कहा कि हर फिल्म का अपना एक दर्शक वर्ग होता है, जो उस फिल्म को देखने आते हैं। बीते दिनों हंसल मेहता ने अपनी मर्डर मिस्ट्री द बकिंघम मर्डर्स के निराशाजनक बॉक्स ऑफिस प्रदर्शन पर विचार साझा किए थे। उन्होंने निराशा व्यक्त करते हुए कहा लोगों द्वारा उनके काम के केवल वित्तीय पहलुओं पर ध्यान केंद्रित किया जाता है, जिससे उन्हें काफी निराशा होती है। उन्होंने कहा कि फिल्में कमजोर हो गई हैं, क्योंकि दर्शक अक्सर कहानी और पात्रों को अनदेखा कर देते हैं और इसके बजाए बॉक्स ऑफिस के आंकड़ो पर ध्यान देते हैं। अब करीना ने भी इस बात पर अपना नजरिए रखते हुए कहा कि हर फिल्म का अपना दर्शक वर्ग होता है, जिसे समझने की जरुरत है।



# मलाइका अरोड़ा ने अर्जुन कपूर से ब्रेकअप के बाद पहली बार तोड़ी चुप्पी

कुछ दिन पहले मलाइका अरोड़ा ने अपने पिता अनिल मेहता को खो दिया, जिसके बाद वह गुमसुम हो गई थीं और काम से भी दूरी बना ली थी। उनके पिता ने घर की बालकनी से कूदकर सुसाइड कर लिया था। हालांकि, अब मलाइका काम पर वापस लौट आई हैं। वापसी के बाद उन्होंने एक इंटरव्यू दिया, जिसमें उन्होंने पछतावे और अपनी चॉइसेस को लेकर कुछ ऐसा कहा, जिससे लोगों को लग रहा है कि एक्ट्रेस का इशारा अर्जुन कपूर की तरफ है।

मलाइका बोलीं- पछतावे के बिना जी रही

मलाइका ने ग्लोबल स्पा मैगजीन को दिए इंटरव्यू में कहा, मेरा मानना है कि पर्सनली और प्रोफेशनली मैंने जो भी चुनाव किया है, उसने मेरे जीवन को आकार दिया है और उसका कारण है। मैं बिना किसी पछतावे के जी रही हूं और खुद को भाग्यशाली महसूस करती हूं कि चीजें वैसे ही सामने आ रही हैं जैसी वो थीं।

मलाइका और अर्जुन का कथित तौर पर इस साल की शुरुआत में ब्रेकअप हो गया था। फैंस उस वक्त परेशान हो गए थे, जब मलाइका, अर्जुन कपूर की बर्थडे पार्टी में नहीं पहुंची थीं। यही नहीं, उन्होंने एक्टर को सोशल मीडिया पर भी बर्थडे विश नहीं किया था। बाद में अर्जुन कपूर और मलाइका एक इवेंट में नजर आए थे। पर यहां मलाइका ने अर्जुन को इग्नोर किया। वह उन्हें कुछ बोले बिना ही उनके सामने से निकल गईं।

# विनीत कुमार सिंह राजनीतिक थ्रिलर मैच फिक्सिंग में करेंगे अभिनय

विनीत कुमार सिंह साइन करने की होड़ में हैं। हाल ही में टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के प्रीमियर में अपनी फिल्म सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव के लिए स्टैंडिंग ओवेशन पाने वाले अभिनेता ने अब एक राजनीतिक थ्रिलर फिल्म मैच फिक्सिंग साइन की है, जो कंवर खटाना की किताब द गेम बिहाइंड सैफ्रन टेरर पर आधारित है। केदार गायकवाड़ द्वारा निर्देशित यह फिल्म 15 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी और इसमें विनीत, अनुजा साठे और मनोज जोशी सहित अन्य लोगों के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करते नजर आएंगे। फिल्म की घोषणा के साथ, निर्माताओं ने फिल्म में सिंह का पहला लुक भी साझा किया, जो आकर्षक है और दर्शकों को तुरंत कहानी के मोड में खींच लेता है। यह कहानी, जो मनोरंजक होने का वादा करती है, सिंह की अभिनय क्षमता को सुर्खियों में लाने की उम्मीद है, एक बार फिर उनकी बहुमुखी प्रतिभा को उजागर करेगी। पोस्टर को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर साझा करते हुए, विनीत कुमार सिंह ने लिखा, यह क्रिकेट के बारे में नहीं है, यह राष्ट्र के बारे में है - एक किताब पर आधारित। विनीत कुमार सिंह, जिन्हें पहले घुसपैठिया में देखा गया था, सुपरबॉयज़ ऑफ मालेगांव की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। वह बहुभाषी पैन इंडिया फिल्म एसडीजीएम में नजर आएंगे, जिसमें वह सनी देओल के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करते नजर आएंगे। इसके अलावा उनके पास पाइपलाइन में आधार और रंगीन भी हैं।





# महादेव बैटिंग ऐप केस में नाम आने के बाद मुश्किल में तमन्ना भाटिया

एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया मुश्किल में पड़ती नजर आ रही हैं। उनका नाम महादेव बेटिंग ऐप मामले में सामने आया है और इसे लेकर श्वष्ठ (प्रवर्तन निदेशाल) ने एक्ट्रेस से पूछताछ की है। तमन्ना 17 अक्टूबर को गुवाहाटी में ईडी के सामने पेश हुईं और उनसे महादेव बैटिंग ऐप और ऑनलाइन गेमिंग को लेकर सवाल पूछे गए। तमन्ना पर आरोप है कि उन्होंने महादेव ऑनलाइन गेमिंग के सपोर्टिव बैटिंग ऐप यानी फेयरप्ले पर द्धक्क मैचों को अवैध रूप से देखने को बढ़ावा दिया। इसी सिलसिले में ईडी ने एक्ट्रेस को तलब किया था। सूत्रों के मुताबिक, जांच एजेंसी श्वष्ठ द्वारा बुलाए जाने के बाद तमन्ना भाटिया अपनी मां के साथ गुवाहाटी पहुंचीं। यह दूसरी बार है जब महादेव बैटिंग ऐप केस की आंच तमन्ना तक पहुंची है। इसी साल अप्रैल में फेयरप्ले ऐप पर आईपीएल मैचों को बढ़ावा देने के आरोप में महाराष्ट्र साइबर सेल द्वारा तलब किया गया था। महादेव सट्टेबाजी ऐप घोटाले ने काफी ध्यान आकर्षित किया है। अनुमान है कि इसमें 15 हजार करोड़ रुपये का घोटाला हुआ, जिसकी जांच जारी है ऐसे जांच के चक्कर में फंसी तमन्ना महादेव बैटिंग ऐप ने कथित तौर पर क्रिकेट टूर्नामेंट के ऑफिशियल ब्रॉडकास्टर वायाकॉम 18 की अनुमति के बिना अवैध रूप से आईपीएल मैचों को स्ट्रीम किया था। इससे भारी नुकसान हुआ था। तमन्ना भाटिया कथित तौर पर फेयरप्ले ऐप से जुड़ी थीं। इसके कारण वायाकॉम को 1 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ था। महादेव के सपोर्टिंग ऐप फेयरप्ले को प्रमोट करने के चक्कर में वह जांच के दायरे में आ गईं।

# कुछ कुछ होता है की रिलीज को हुए 26 साल, बोलीं- मैं खुद को लकी मानती हूं

अभिनेत्री सना सईद ने फिल्म कुछ कुछ होता है की रिलीज के 26 साल पूरे होने पर सोशल मीडिया पोस्ट कर अपनी खुशी का इजहार किया है। शाहरुख खान के साथ अपने अंजलि के किरदार की फोटो साझा कर सना सईद ने फिल्म का हिस्सा होने पर खुशी भी जताई है। साथ ही फिल्म में काम के दौरान मिले अनुभव को लेकर भी सना ने बात की। उन्होंने बताया कि सपने कैसे पूरे होते हैं। सना सईद ने सोशल मीडिया पर अपनी तस्वीर साझा की। उन्होंने इसमें शाहरुख खान, करण जौहर, रानी मुखर्जी, काजोल, अनुपम खेर, सलमान खान के साथ ली गई तस्वीरें साझा की हैं।

सना ने लिखा, हर साल मुझे इस खूबसूरत याद से जुड़ी एक रिमाइंडर मिलता है। मैं इससे अपने आपको बहुत ही लकी मानती हूं। मैं इस अवसर और फिल्म में काम करने को लेकर बहुत उत्साहित महसूस करती हूं। यह मेरे लिए काम का बहुत ही अच्छा मौका था। मैं दिल से उन सभी को धन्यवाद करती हूं, जिन्होंने इस दौरान मेरी मदद की।

सभी कलाकारों को किया धन्यवाद

सना ने लिखा, मैं उन सभी की आभारी हूं, जिन्होंने इतने समय में मुझे प्यार दिया। करण जौहर आपको सबसे बड़ा धन्यवाद, जो लड़की सलमान खान, शाहरुख खान, काजोल, जॉनी लीवर, अनुपम खेर, फराह खान के साथ काम करने का सपना ही देख सकती है। इस पोस्ट को प्रशंसकों ने भी बहुत सराहा है। सना को प्रशंसकों ने कहा, मेरी पसंदीदा फिल्म, शानदार फिल्म। एक अन्य प्रशंसक ने कहा, मुझे याद है मैंने कॉलेज के समय पर यह फिल्म देखी थी। बहुत ही खूबसूरत याद...आप इसमें बहुत खूबसूरत लग रही थीं। मैं बहुत लंबे समय से आपको अंजली के किरदार के लिए ही याद करती हूं।






## एमआईसी इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड बोर्ड ने मार्केट में उपस्थिति बढ़ाने के लिए कंपनियों के अधिग्रहण के प्रस्ताव को मंजूरी दी

**मुंबई, एजेंसी।** एलईडी वीडियो डिस्प्ले के डिज़ाइन, डेवलपमेंट और मैन्युफैक्चरिंग में ग्लोबल लीडर एमआईसी ने घोषणा की है कि उसके बोर्ड ने समान/संबद्ध लाइनों में लगी कंपनियों की बाज़ार में उपस्थिति को बढ़ाने, नए बाज़ारों और प्रौद्योगिकियों तक पहुंच बनाने के लिए कंपनी के व्यवसाय का विस्तार करने हेतु अधिग्रहण के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इसके अलावा, बोर्ड ने सदस्यों की मंजूरी के अधीन, 5 साल की अवधि के लिए नॉन-एग्जीक्यूटिव इंडिपेंडेंट केटेगरी में कंपनी के अतिरिक्त निदेशक के रूप में श्री पेनुमाका वेंकट रमेश की नियुक्ति को मंजूरी दे दी। श्री पीवी रमेश के पास एशिया पेसिफिक, यूरोप और अफ्रीका सहित क्षेत्रों में सरकारों, अंतर्राष्ट्रीय संगठनों और कॉर्पोरेट उद्यमों में 40 वर्षों से अधिक का वरिष्ठ कार्यकारी नेतृत्व है। उन्होंने भारत सरकार, आंध्र प्रदेश, यूएनओपीएस , यूएनएफपीए , आईएफएडी विश्व बैंक और आरईसी लिमिटेड में उल्लेखनीय रूप से, आरईसी लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाई हैं, साथ ही उन्होंने इसकी लाभप्रदता को दोगुना कर दिया और घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार दोनों क्षेत्रों में महत्वपूर्ण धन जुटाया। श्री रमेश के पास कॉर्पोरेट, गवर्नेंस, पब्लिक और कॉर्पोरेट फाइनेंस, एनर्जी, इंफ्रास्ट्रक्चर और ग्रीन फाइनेंसिंग में व्यापक विशेषज्ञता है। उनका नेतृत्व एनर्जी पहुंच और ग्रीन एनर्जी इनिशिएटिव को आगे बढ़ाने में सहायक रहा है। उन्होंने मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड सहित प्रमुख निगमों को भी सलाह दी है, और विभिन्न संगठनों में विजिटिंग प्रोफेसर, सलाहकार और बोर्ड सदस्य के रूप में योगदान देना जारी रखा है।

## हजूर मल्टी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड बोर्ड ने 07 नवंबर को स्टॉक स्प्लिट के लिए रिकॉर्ड तिथि निर्धारित की

**मुंबई, एजेंसी।** हजूर मल्टी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड (एचएमपीएल) (बीएसई- 532467), जो इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट और कंस्ट्रक्शन (ईपीसी) ठेका सेवाओं में अग्रणी है, ने घोषणा की है कि 07 नवंबर 2024 को 1:10 स्टॉक स्प्लिट के लिए रिकॉर्ड तिथि निर्धारित की गई है, जैसा कि कंपनी की वार्षिक सामान्य बैठक में शेयरधारकों द्वारा अनुमोदित किया गया था। इससे पहले, कंपनी ने घोषणा की थी कि उसके बोर्ड ने स्क्वायर पोर्ट शिपयार्ड प्राइवेट लिमिटेड के हजूर मल्टी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड में विलय के लिए सैद्धांतिक मंजूरी दी है। इसका उद्देश्य दोनों व्यवसायों की ताकतों और तालमेल को एकजुट करना और सभी हितधारकों के बेहतर हित में काम करना है। यह प्रक्रिया शेयरधारकों, लेनदारों, स्टॉक एक्सचेंज, एनसीएलटी, सेबी और सभी अन्य वैधानिक/लागू प्राधिकरणों की मंजूरी के अधीन होगी। हाल ही में, कंपनी ने घोषणा की है

# शराब का ब्रांड कोई भी हो, बोतल मिलेगी 99 रुपये में, सरकार का है फैसला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मदिरा के शौकीन व्यक्ति तरह तरह के ब्रांड पसंद करते हैं। कुछ लोग विभिन्न ब्रांड को आजमाते ही रहते हैं। इस चक्कर में उनको काफी पैसा खर्च करना पड़ता है। लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। आंध्र प्रदेश सरकार ने फैसला लिया है कि अब राज्य में सभी ब्रांड के शराब का पव्वा (180 एमएल की बोतल) का दाम एक समान होगा। सरकार ने यह कीमत 99 रुपये प्रति बोतल तय की है।



### शुरू हो गई योजना

दरअसल, यह चुनावी वादा था। इसे ही पूरा करने के लिए राज्य सरकार ने कम कीमत पर शराब की बोतल की सप्लाई सुनिश्चित किया है। हमारे सहयोगी टाइम्स ऑफ इंडिया के मुताबिक राज्य के मद्य निषेध एवं आबकारी विभाग ने 99 रुपये में पव्वे उपलब्ध कराने की घोषणा की है। इस विभाग के उपनिदेशक निशांत कुमार ने बताया कि वे खुदरा दुकानों में धीरे-धीरे स्टॉक बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी दुकानों में कम कीमत वाली शराब की आपूर्ति की गई है और अगले कुछ दिनों में इसकी मात्रा दोगुनी कर दी जाएगी।

### मिलेंगे 5 शीर्ष ब्रांड

निशांत कुमार ने बताया कि सूमो क्लासिक व्हिस्की , रॉयल लांसर व्हिस्की , ट्रॉपिकाना ब्रांडी , शॉट व्हिस्की और केरल माल्टेड फाइन व्हिस्की समेत पांच शीर्ष शराब ब्रांड के पव्वे 99 रुपये में बेचने के लिए तैयार हैं।

### बढ़ रही है सप्लाई

निशांत कुमार ने बताया, गुरुवार तक 99 रुपये वाली शराब की करीब 10,000 पेटियां बाजार में पहुंच गई थीं। अगले सोमवार तक इसकी रोजाना आपूर्ति 20,000 पेटियों तक पहुंच जाएगी। उन्होंने बताया कि अगले पखवाड़े में दुकानों में करीब 2.4 लाख पेटियां शराब उपलब्ध कराई जाएंगी क्योंकि उन्होंने चरणबद्ध तरीके से आपूर्ति बढ़ाने की योजना बनाई है। उन्होंने बताया कि नवंबर के अंत तक 99 रुपये की कीमत वाली क्वार्टर बोतलों की करीब 1.2 करोड़ बोतलें बाजार में उपलब्ध करा दी जाएंगी। उन्होंने कहा कि वे चालू पखवाड़े के दौरान बिक्री का आकलन करने के बाद स्टॉक के इंपोर्ट के बारे में फैसला करेंगे। निशांत कुमार ने बताया कि वे खपत के आधार पर क्वार्टर बोतलों की खरीद बढ़ाएंगे।

## हवा में उड़ गए 34 अरब डॉलर! एक तूफान ने बुरी तरह हिला दी अमेरिका की इकोनामी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका में हाल में आए मिल्टन तूफान ने काफी तबाही मचाई है। यह अमेरिका के इतिहास में सबसे ज्यादा तबाही मचाने वाले तूफानों में से एक है। शुरुआती अनुमानों के मुताबिक तूफान के कारण आई बाढ़ और तेज हवाओं से करीब 34 अरब डॉलर का नुकसान हुआ है। इस तूफान के कारण फ्लोरिडा में कम से कम 24 लोगों की मौत हुई। साथ ही लोगों को घरों को काफी नुकसान पहुंचा है। समस्या यह है कि अधिकांश घर तेज हवाओं से होने वाले नुकसान के लिए इंश्योर्ड थे लेकिन उनके पास बाढ़ से हुए नुकसान के लिए कवर नहीं था।



मिल्टन से दो हफ्ते पहले आए हरिकेन हेलेन से करीब 47.5 अरब डॉलर का नुकसान हुआ था। लेकिन मिल्टन अमेरिका में आए 10 सबसे विनाशक तूफानों में शामिल है। इसमें करीब 22 अरब डॉलर का नुकसान तेज हवाओं के कारण हुआ है जबकि बाढ़ के कारण छह अरब डॉलर के नुकसान की आशंका है। हेलेन ने भी फ्लोरिडा के तटीय इलाकों में तबाही मचाई थी। अभी लोग इससे उबर भी नहीं पाए थे कि मिल्टन ने दस्तक दे दी। इससे फ्लोरिडा का इंश्योरेंस मार्केट मुश्किल में आ गया है। फ्लोरिडा में इंश्योरेंस प्रीमियम देश के बाकी राज्यों की तुलना में बहुत अधिक है।

# खाने के पैसों से कर्मचारियों ने मंगाए वाइन ग्लास, फिर जो हुआ उन्होंने कल्पना भी नहीं की थी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मार्क जकरबर्ग दुनिया के तीसरे सबसे बड़े रईस हैं। ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स के मुताबिक उनकी नेटवर्थ 204 अरब डॉलर है। इस साल उनकी नेटवर्थ में सबसे ज्यादा 76.1 अरब डॉलर की तेजी आई है। जकरबर्ग अमेरिका की दिग्गज टेक कंपनी मेटा प्लेटफॉर्म्स के सीईओ हैं। यह कंपनी फेसबुक, इंस्टाग्राम, थ्रेड्स और वॉट्सऐप को ऑपरेट करती है। मेटा प्लेटफॉर्म्स ने हाल में अपने लॉस एंजिलिस ऑफिस में काम कर रहे 24 कर्मचारियों का निकाल दिया। इसकी वजह आपको हैरान कर देगी। इन लोगों की गलती यह थी कि उन्होंने 25 डॉलर के मील क्रेडिट्स से टूथपेस्ट, लॉन्ड्री डिटरजेंट और वाइन ग्लास जैसे आइटम खरीदे।



मेटा प्लेटफॉर्म्स में 70,000 से अधिक कर्मचारी काम करते हैं। पिछले हफ्ते कंपनी की एक जांच में यह बात सामने आई कि उसके कुछ कर्मचारियों ने मील क्रेडिट्स का दुरुपयोग किया। यहां तक कि जब वे ऑफिस में नहीं थे, तब भी उन्होंने खाना घर भिजवाया। 400,000 की सैलरी लेने वाले एक वर्कर ने दावा किया की उसने मील क्रेडिट्स से टूथपेस्ट और चाय जैसे घरेलू आइटम खरीदे। निकाले गए वर्कर्स ने खुद इस बात को स्वीकार किया कि उन्होंने मील क्रेडिट्स का मिसयूज किया था।

### फेसबुक का सफर

बड़ी आईटी कंपनी में काम करने का फायदा यह होता है कि वहां मुफ्त में खाने की सुविधा मिलती है। दुनिया के ग्रेटेस्ट एम्प्लॉयर की फोर्ब्स की लिस्ट में मेटा को 91वें नंबर पर रखा गया है। इस कंपनी की स्थापना 4 फरवरी 2004 को मार्क जकरबर्ग ने अपने चार दोस्तों के साथ मिलकर की थी। इसका हेडक्वार्टर कैलिफोर्निया के मेलनो पार्क में है। साल 2004 में ही जकरबर्ग ने वेंचर कैपिटेलिस्ट पीटर थील से 5,00,000 डॉलर का एंजल इनवेस्टमेंट हासिल किया। अगले साल यानी 2005 में उन्होंने आधिकारिक रूप से अपनी कंपनी का नाम फेसबुक रखा। उसी साल याहू ने कंपनी को एक अरब डॉलर में खरीदने की पेशकश की थी लेकिन इस ऑफर को जकरबर्ग ने ठुकरा दिया था। साल 2007 में 23 साल की उम्र में जकरबर्ग दुनिया में सबसे कम उम्र के बिलिनेयर बन गए थे। साल 2012 में फेसबुक पब्लिक हुई जो उस समय सबसे बड़ा टेक आईपीओ था। मेटा प्लेटफॉर्म्स आज 1.459 ट्रिलियन डॉलर के मार्केट कैप के साथ दुनिया की सातवीं बड़ी वैल्यूएबल कंपनी है।

# जीरो हो गई बायजू की वैल्यू, देश छोड़कर भागे बायजू रवींद्रन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मुसीबतों में घिरी एडटेक स्टार्टअप बायजू की मुश्किलें बढ़ गई हैं। इस तरह की अफवाहों का बाजार गरम है कि कंपनी के फाउंडर और सीईओ बायजू रवींद्रन देश छोड़कर दुबई भाग गए हैं। इस बीच बायजू रवींद्रन चार साल में पहले बार मीडिया से रूबरू हुए। दुबई से वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वह भागकर दुबई नहीं आए हैं और जल्दी ही स्वदेश लौटेंगे। बायजू पिछले करीब एक साल से दुबई में ही रह रहे हैं। इस बीच उनकी कंपनी को कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कभी देश की सबसे वैल्यूएबल स्टार्टअप रही बायजू की वैल्यू आज जीरो हो चुकी है। उस पर भारी कर्ज है।



44 साल के बायजू रवींद्रन ने दुबई में अपने घर से कहा, लोगों का यह सोचना दुर्भाग्यपूर्ण है कि मैं भागकर दुबई आया हूं। मैं अपने पिता के इलाज के लिए पिछले एक साल से यहां हूं। लेकिन मैं यह साफ कर देना चाहता हूं कि मैं भागकर नहीं आया हूं। मैं भारत आऊंगा और मैं स्टेडियमों को भरकर रख दूंगा। इस समय अभी तय नहीं हुआ है लेकिन जल्दी ही ऐसा होगा। मैं इस स्थिति से बाहर निकलने का रास्ता निकाल लूंगा। कुछ साल पहले बायजू 22 अरब डॉलर की वैल्यू के साथ देश की सबसे वैल्यूएबल स्टार्टअप थी लेकिन आज इसकी कीमत जीरो रह गई है। बायजू रवींद्रन ने इसके लिए निवेशकों को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि जब वह कंपनी को आगे बढ़ा रहे थे तब निवेशक उनके साथ खड़े थे लेकिन संकट आते ही उन्होंने मुंह मोड़ लिया। बायजू पर आज भारी कर्ज है, उसे रेगुलेटरी जांच से गुजरना पड़ रहा है और उनसे अपनी फाइनेंशियल रिपोर्टिंग में देरी की है। इससे कंपनी की वित्तीय हालत और पारदर्शिता पर सवाल खड़े हुए हैं।

बायजू रवींद्रन ने कहा कि दिसंबर 2021 में जब कंपनी पर संकट आया तो उसके बाद से निवेशकों ने कोई निवेश नहीं किया है। कुछ निवेशकों ने पिछले 4-5 साल में कंपनी में कोई निवेश नहीं किया है। यह संकट कैश की कमी के चलते शुरू हुआ। आज कंपनी कई तरह की परेशानियों से घिरी है। कई कर्जदारों ने उसे एनसीएलटी में घसीट रखा है। कर्मचारियों को भी वेतन नहीं मिल पा रहा है। इन्हीं सब कारणों से इन अफवाहों को हवा मिली है कि कार्रवाई से बचने के लिए बायजू रवींद्रन दुबई भाग गए हैं।

## मीडियाटेक ने आईएमसी 2024 में जेनरेटिव एआई टेक्नोलॉजी को गति देने के लिए एआई से लैस चिपसेट्स के लिए रूपरेखा तैयार की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रति वर्ष दो अरब से अधिक कनेक्टेड एज डिवाइस को ताकत प्रदान कर रही विश्व की अग्रणी फैबलेस सेमीकंडक्टर कंपनी मीडियाटेक ने इंडिया मोबाइल कांग्रेस (आईएमसी) 2024 में किफायती और एआई से लैस चिपसेट्स को लेकर अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। मीडियाटेक एआई की वास्तविक संभावना का दोहन करने के लिए अत्यधिक एकीकृत और प्रभावी सिस्टम-ऑन-चिप उत्पाद उपलब्ध कराने पर काम कर रही है। इसमें स्मार्टफोन, लैपटॉप, स्मार्ट होम्स, कारोबार और स्मार्ट वाहनों में इंटेलिजेंट आईओटी सहित सभी उत्पादों की रेंज में समग्र सॉफ्टवेयर टूल्स के साथ मेल खाती एज-एआई हार्डवेयर प्रोसेसिंग का एक इकोसिस्टम निर्माण शामिल है।

मीडियाटेक इंडिया के प्रबंध निदेशक श्री अंकु जैन ने कहा, मीडियाटेक जेनरेटिव एआई एप्लीकेशंस और टेक्नोलॉजीज को अपनाने की दिशा में आगे बढ़ने की अनूठी स्थिति में है। हाल ही में लांच मीडियाटेक डायमेन्सिटी 9400, 80 प्रतिशत तेज एलएलएम त्वरित निष्पादन के साथ हमारे मिशन को निरंतर आगे बढ़ा रहा है और डेवलपर्स के लिए विश्व का पहला एजेंटिक एआई इंजन तैयार है जो यूजर्स की जरूरतों का स्वतः ही अनुमान लगाता है और कम से कम मानव हस्तक्षेप से उनकी पसंद के मुताबिक खुद को ढाल लेता है।

आईएमसी 2024 में मीडियाटेक ने एआई इनहैंस्ड प्रोसेसिंगः दि फ्यूचर ऑफ चिपसेट्स विषय को लेकर परिचर्चा की जिसमें एआई की ताकत वाले चिपसेट्स की परिवर्तनकारी संभावना के साथ एआई उन्नति और चिपसेट नवप्रवर्तन को रेखांकित किया गया। वहीं अन्य परिचर्चा गैजेट्स दैट शेप दि फ्यूचरः इनसाइट एंड इन्नोवेशंस के दौरान मीडियाटेक की ओर से कारोबार की गतिशीलता और चार प्रमुख वर्गों- हैंडसेट, वियरेबल्स, लैपटॉप और एआर/वीआर गेमिंग डिवाइस में उपयोग के रुख पर ध्यान केंद्रित करते हुए तेजी से उभर रहे परिदृश्य को खंगाला गया। मीडियाटेक प्रतिवर्ष दो अरब से अधिक चिप्स को ताकत प्रदान करती है जिसमें से कई चिप्स में समर्पित एआई प्रोसेसर्स शामिल हैं जो इसे विश्व के अग्रणी एआई आपूर्तिकर्ताओं में से एक बनाते हैं। बाजार में व्यापक पहुंच के साथ मीडियाटेक घरों, शिक्षा, कारोबार और मोबाइल उपकरणों एवं वाहनों में डिवाइस को एआई टेक्नोलॉजीज से सशक्त बनाती है।

# सुदर्शन फार्मा इंडस्ट्रीज लिमिटेड के बोर्ड ने ईश्वरी हेल्थकेयर में 51 प्रतिशत हिस्सेदारी के अधिग्रहण को दी मंजूरी

**मुंबई, एजेंसी।** सुदर्शन फार्मा इंडस्ट्रीज लिमिटेड जो रसायन और फार्मास्युटिकल व्यवसाय में अग्रणी नाम है, ने घोषणा की है कि उसके बोर्ड ने ईश्वरी हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड के 2,09,100 इक्विटी शेयरों (जो कंपनी की चुकता इक्विटी पूंजी का 51 प्रतिशत है) के अधिग्रहण को मंजूरी दी है। इस अधिग्रहण के पूरा होने पर, ईश्वरी हेल्थकेयर सुदर्शन फार्मा इंडस्ट्रीज लिमिटेड की सहायक कंपनी बन जाएगी। ईश्वरी हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड एक प्रगतिशील और नवाचारी कंपनी है, जो विश्व बाजार में उच्च गुणवत्ता वाली सेवाएं, उपयोग में आसान और आधुनिक तकनीक से बने स्वास्थ्य देखभाल उत्पाद और उपकरण अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप प्रतिस्पर्धी कीमतों पर प्रदान करती है। यह कंपनी नवीनता और रचनात्मकता के साथ तकनीक का सर्वोत्तम उपयोग कर, वैश्विक ग्राहकों की जरूरतों को और भी प्रभावी और कुशल तरीके से पूरा करती है।

इससे पहले, कंपनी ने घोषणा की थी कि उसके बोर्ड ने कंपनी के इक्विटी शेयरों के उप-विभाजन/स्प्लिट के प्रस्ताव को मंजूरी दी है, यानी 1 शेयर को 10 शेयरों में विभाजित किया जाएगा, जो शेयरधारकों और अन्य अनुमतियों के अधीन होगा।

हाल ही में, कंपनी ने एक नई सहायक कंपनी सुदर्शन मावेन फार्मा प्राइवेट लिमिटेड का गठन किया है। इस सहायक कंपनी का मुख्य उद्देश्य सभी प्रकार के फार्मास्युटिकल्स, हेल्थकेयर, आयुर्वेदिक और डायटरी सप्लीमेंट उत्पादों का निर्माण, विकास, प्रक्रिया, आयात और निर्यात करना है।

सुदर्शन फार्मा इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने रसायन और फार्मास्युटिकल उद्योगों में एक प्रमुख नाम के रूप में अपनी पहचान बनाई है। कंपनी के प्रवर्तक श्री हेमल वी. मेहता और श्री सचिन वी. मेहता, जिनके पास 25 से अधिक वर्षों का उद्योग अनुभव है, के नेतृत्व में, सुदर्शन फार्मा इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने विशेष रसायनों और बल्क ड्रग्स के क्षेत्र में एक मजबूत नींव स्थापित की है। कंपनी की एकीकृत रासायनिक और फार्मास्युटिकल कंपनी बनाने की दृष्टि ने इसके विकास को प्रेरित किया है और इसे विश्वसनीयता और नवाचार के लिए जाना जाता है। सुदर्शन फार्मा इंडस्ट्रीज लिमिटेड फार्मास्युटिकल्स, पेंट्स, खाद्य उत्पादों, और चिपकने वाले जैसे विभिन्न क्षेत्रों में काम करती है, जिसमें विशेष रसायनों और इंटरमीडिएट्स पर विशेष ध्यान दिया जाता है। कंपनी ने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी उपस्थिति का विस्तार किया है, और यूके, ऑस्ट्रेलिया, उज्बेकिस्तान, सीरिया, ओमान, ताइवान और मेना क्षेत्र में अपने उत्पादों का निर्यात करती है।

## छतरपुर जिले में बचपन मनाओ का जश्न, प्रारंभिक बाल शिक्षा पर जोर

**छतरपुर ।** मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले ने पहली बार एक ऐसा आयोजन किया जिसमें 500 से ज़्यादा आंगनवाड़ियों और उनके सहयोगी गांवों और समुदाय के सदस्यों ने अपने सबसे छोटे बच्चों के लिए जश्न मनाया। पिछले 3 सालों में, महिला और बाल विकास विभाग के जिला विभाग ने जिलाधिकारी श्री पार्थ जयसवाल के नेतृत्व में एवं डी.पी.ओ. श्री राजीव सिंह के कुशल मार्गदर्शन से अपनी आंगनवाड़ियों में बेहतरीन गुणवत्ता वाली प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा सुनिश्चित करने में प्रगति की है। उन्होंने आनगंवादियों के ढांचे, पाठ्यक्रम, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायकों के प्रशिक्षण में सुधार के लिए कई कदम उठाए हैं और साथ ही साथ माता-पिता को खेल के माध्यम से सीखने की गतिविधियों में शामिल करने के लिए कार्यक्रम भी शुरू किए हैं। छतरपुर प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा की बेहतरी के लिए की एजुकेशन फाउंडेशन के साथ तकनीकी भागीदार है। आज, हम इन सभी प्रयासों की परिणति देख रहे हैं, न केवल आंगनवाड़ियों द्वारा बल्कि बड़े पैमाने पर समुदायों द्वारा सीखने और खेलने का जश्न मनाया जा रहा है। जिला अधिकारी, माता-पिता, दादा-दादी और अन्य सभी लोग खेलने, सीखने और बचपन के शुरुआती वर्षों के महत्व को पहचानने के लिए आंगनवाड़ियों में आए। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने पूरे सप्ताह यह सुनिश्चित किया कि परिवार आंगनवाड़ी गतिविधियों का अनुभव बच्चों की तरह कर सकें। आंगनवाड़ियों ने बच्चों और परिवारों को एक साथ खेलते, गतिविधियाँ करते, खेलों में भाग लेते, बच्चों के काम का प्रदर्शन देखते और सबसे महत्वपूर्ण बात एक साथ मौज-मस्ती करते देखा।

## सेलेकोर गैजेट्स लिमिटेड ने फाइनेंशियल ईयर 25 की पहली छमाही के लिए अब तक की सबसे शानदार आय की रिपोर्ट दी

**मुंबई, एजेंसी।** सेलेकोर गैजेट्स लिमिटेड , भारत के सबसे तेजी से बढ़ते कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड्स में से एक है, जो इनोवेटिव, हाई-क्वॉलिटी और पैसे की वैल्यू वाले प्रोडक्ट्स देता है। उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स को सभी के लिए सुलभ बनाने की दृष्टि से स्थापित, सेलेकोर एक डाइवर्स प्रोडक्ट पोर्टफोलियो प्रदान करता है जिसमें स्मार्ट टीवी, स्मार्ट गैजेट्स, मोबाइल फोन तथा होम और किचन एप्लायंसेस शामिल हैं। पिछले कुछ वर्षों में, इसने वॉशिंग मशीन, किचन एप्लायंसेस और स्मार्ट वियरेबल्स जैसे सेग्मेंट्स में विस्तार किया है, जिससे सभी प्रोडक्ट कैटेगरीज़ में इसकी उपस्थिति मज़बूत हुई है।

सेलेकोर ने उल्लेखनीय फाइनेंशियल ग्रोथ प्राप्त की है। फाइनेंशियल ईयर 25 की पहली छमाही के लिए, कंपनी ने फाइनेंशियल ईयर 24 की समान अवधि की तुलना में महत्वपूर्ण वृद्धि दर्ज की। वित्त वर्ष 24 की पहली छमाही में 209.66 करोड़ रुपये की तुलना में कुल रेवेन्यू 103.05 प्रतिशत बढ़कर 425.71 करोड़ रुपये हो गया। एबिटा 98.67 प्रतिशत बढ़कर 25.31 करोड़ रुपए हो गया, जो 12.74 करोड़ रुपए था, जबकि शुद्ध लाभ 108.26 प्रतिशत बढ़कर 14.62 करोड़ रुपए हो गया, जबकि पिछले साल की समान अवधि में यह 7.02 करोड़ रुपए था। आधे-आधे की तुलना में, कंपनी ने फाइनेंशियल ईयर 25 की पहली छमाही बनाम फाइनेंशियल ईयर 24 की दूसरी छमाही में भी मज़बूत प्रदर्शन दिया। वित्त वर्ष 24 की दूसरी छमाही में 290.80 करोड़ रुपये की तुलना में कुल राजस्व 46.39 प्रतिशत बढ़कर 425.71 करोड़ रुपये हो गया। एबिटा 49.67 प्रतिशत बढ़कर 25.31 करोड़ रुपए हो गया, जो पहले 16.91 करोड़ रुपए था और शुद्ध लाभ 61.19 प्रतिशत बढ़कर 14.62 करोड़ रुपए हो गया, जबकि वित्त वर्ष 24 की दूसरी छमाही में यह 9.07 करोड़ रुपए था इनोवेशन और ग्राहक संतुष्टि के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता मिक्सर ग्राइंडर, साउंडबार और वॉशिंग मशीन जैसे नए उत्पादों की शुरूआत में स्पष्ट है, जिससे बिक्री में काफी वृद्धि हुई है।

## कैमरन ग्रीन की अनुपस्थिति से ऑस्ट्रेलिया की गेंदबाजी के समीकरण बदल जाएंगे : स्टार्क

**सिडनी (एजेंसी)।** स्टार तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क का मानना है कि ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन की अनुपस्थिति से भारत के खिलाफ होने वाले पांच टेस्ट मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलिया की गेंदबाजी के समीकरण बदल जाएंगे और इससे स्पिनर नाथन लियोन का कार्यभार बढ़ सकता है।



ग्रीन अपनी पीठ संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए सर्जरी कराएंगे जिसके कारण वह कम से कम छह महीने तक खेल से दूर रहेंगे। ऑस्ट्रेलिया के पास मिशेल मार्श के रूप में एक और ऑलराउंडर है लेकिन स्टार्क का मानना है कि ग्रीन की अनुपस्थिति से ऑस्ट्रेलिया का संयोजन प्रभावित होगा।

स्टार्क ने कहा, 'जब आपको कैमरन ग्रीन जैसे ऑलराउंडर की सेवाएं नहीं मिलती हैं या जब बेन स्टोक्स इंग्लैंड की टीम में नहीं होते हैं तो इससे समीकरण बदल जाते हैं। जब आपके पास वह अदद ऑलराउंडर होता है जो कुछ समय से टीम का हिस्सा रहा हो। उसके बाहर होने से आप गेंदबाजी में नए विकल्पों की तलाश में जुट जाते हैं। स्टार्क ने कहा, 'मैं नहीं जानता कि हमारा गेंदबाजी संयोजन कैसा होगा। मिच (मार्श) की गेंदबाजी को लेकर भी काफी चर्चा हो रही है। इस तेज गेंदबाज ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया इससे पहले भी इस तरह की परिस्थितियों से गुजर चुका है। उन्होंने कहा, 'यह हमारे लिए नया मुद्दा नहीं है। हमने अतीत में भी ऐसी श्रृंखलाएं खेली हैं जब हमारे पास कोई ऑलराउंडर नहीं था। हमें अपना कार्यभार बढ़ाना पड़ सकता है और गाज (नाथन लियोन) को शायद कुछ अतिरिक्त गेंदबाजी भी करनी होगी।

## जेवियर बार्टलेट को चोट के बाद पाकिस्तान के खिलाफ टी20 मैच में वापसी की उम्मीद

**एडिलेड (एजेंसी)।** उभरते तेज गेंदबाज जेवियर बार्टलेट इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड दौरे पर साइड स्ट्रेन के बाद ऑस्ट्रेलिया के लिए अंतरराष्ट्रीय वापसी की उम्मीद कर रहे हैं। 25 वर्षीय जेवियर पूरी तरह से फिट होने



के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं और अपने बढ़ते अंतरराष्ट्रीय कैप की संख्या में इजाफा करना चाहते हैं।

सितंबर में इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी20 मैच के दौरान बार्टलेट को साइड स्ट्रेन की समस्या हुई थी, जब वह इंग्लैंड की धरती पर अपने पहले अंतरराष्ट्रीय मैच के 3.4 ओवर खेल रहे थे। चोट के कारण वह टी20 सीरीज के बाकी मैच और उसके बाद पांच मैचों की वनडे सीरीज से बाहर हो गए। बार्टलेट के लिए यह निराशाजनक क्षण था, जिन्होंने फरवरी में वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे में लगातार 4 विकेट चटकाए थे। चोट और उसके ठीक होने के बारे में बताते हुए बार्टलेट ने कहा, मुझे उस साइड स्ट्रेन से उबरने में लगभग 5 सप्ताह हो गए हैं। मैं अब पूरी तरह से तैयार हूं, इसलिए यह वास्तव में आकार लेने लगा है। मैंने पहले कभी ऐसा नहीं किया है... यह वास्तव में निराशाजनक था।

## भारत-न्यूजीलैंड पहला टेस्ट

# दिन की अंतिम गेंद पर आउट हुए कोहली

### तूफानी अंदाज में ठोकी फिफ्टी

- **विराट के 9 हजार रन पूरे, टीम का स्कोर 3 विकेट खोकर 231 पर तीसरा दिन खत्म**
- **कीवियों ने पहली पारी में 402 रन बनाए**
- **बदकिस्मत अंदाज में बोल्ड हुए रोहित शर्मा, सिर पर हाथ रखकर क्रीज पर खड़े ही रह गए**

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड की टीम भारत के खिलाफ बेंगलुरु टेस्ट की पहली पारी में 402 रन पर ऑलआउट हो गई है। टीम ने 356 रन की बढ़त हासिल की। विराट के 9 हजार रन पूरे हो गए थे।

भारतीय टीम ने दूसरी पारी में 3 विकेट के नुकसान पर 231 रन बना लिए थे। विराट कोहली और सरफराज खान ने शानदार 50 रन बनाए। दोनों खिलाड़ी शतक के करीब पहुँचने वाले थे। दोनों अपनी-अपनी फिफ्टी पूरी कर चुके थे। कोहली और सरफराज दोनों के बीच शतकीय साझेदारी पूरी हो चुकी थी। रोहित शर्मा 52 और यशस्वी जायसवाल 35 रन बनाकर आउट हुए। दोनों विकेट एजाज पटेल ने लिए।



पहली पारी में सिर्फ दो रन पर आउट होने वाले रोहित शर्मा दूसरी पारी में बेहतरीन लय में नजर आ रहे थे। रोहित शर्मा उसी अंदाज में बल्लेबाजी कर रहे थे, जैसे एक टीम को अपने कप्तान से उम्मीद होती है। तीसरे दिन के आखिरी सेशन में रोहित शर्मा खतरनाक नजर आ रहे थे। 21वें ओवर में तो उन्होंने मैट हेनरी को रिमांड में लेते हुए लगातार चौका, छक्का और फिर चौका जड़कर अपना अर्धशतक पूरा किया, लेकिन फिर अगले ही ओवर में बदकिस्मती से क्लीन बोल्ड हो गए।

### घूमती-उछलती गेंद स्टंप में घुस गई

दरअसल, स्पिनर एजाज पटेल की पांचवीं गेंद को फ्रंटफुट पर डिफेंस करने के बाद उछलती हुई गेंद उनके स्टंप पर जा लगी। रोहित शर्मा को भी यकीन नहीं हुआ कि उनके साथ क्या हो गया। अपनी किस्मत पर अफसोस जताते हुए वह सिर पर हाथ रखकर क्रीज पर खड़े हो गए। हिटमैन ने 63 गेंद में 52 रन बनाए। इस तरह भारत को 95 रन पर दूसरा और सबसे बड़ा झटका लगा। गेंद को वापस स्टंप की ओर लुढ़कते देखते हुए रोहित चपलता से उसे किक भी मार सकते थे।



### न्यूजीलैंड की पहली पारी में 402 रन

इससे पहले न्यूजीलैंड ने तीसरे दिन शुक्रवार को अपनी पहली पारी में 402 रन बनाकर 356 रन की बड़ी बढ़त हासिल की थी। न्यूजीलैंड के लिए रचिन रविंद्र ने 134 जबकि टिम साउदी ने 65 रन का योगदान दिया। दोनों ने आठवें विकेट के लिए 132 गेंद में 137 रन की आक्रामक साझेदारी से मैच पर टीम का दबदबा बनाया। भारत के लिए रविंद्र जडेजा और कुलदीप यादव ने तीन-तीन विकेट लिए। भारत की पहली पारी गुरुवार को महज 46 रन पर सिमट गई थी।

### रोहित ने पहली पारी में बनाए थे सिर्फ दो रन

पहली पारी में 16 गेंद में दो रन बनाकर आउट होने वाले रोहित शर्मा ने दूसरी पारी में आठ चौके और एक छक्का मारा। चाय के ठीक बाद, भारत ने यशस्वी जयसवाल को खो दिया, जिन्होंने रोहित के साथ 72 रन की मजबूत साझेदारी की थी। रोहित की 59 गेंदों में अर्धशतकीय पारी भारत के लिए उम्मीद की किरण थी। सरफराज खान के नंबर तीन पर आने से विराट कोहली अपनी पुरानी पोजिशन चौथे नंबर पर आ गए। भारत की पारी को फिर से बनाने और मैच बचाने का दारोमदार अब कोहली के कंधों पर होगा। टीम इंडिया के लिए सरफराज खान करियर के चौथे टेस्ट मैच में मैदान पर उतरे थे। इस तरह सरफराज खान ने चार टेस्ट मैच में चार फिफ्टी ठोक दी है। अपनी अर्धशतकीय पारी के दौरान सरफराज ने वनडे के अंदाज में 6 चौका और 3 छक्के भी उड़ाए। रोहित शर्मा के आउट होने के बाद बल्लेबाजी के लिए मैदान पर सरफराज खान ने क्रीज पर आते ही धूम धड़ाका करना शुरू कर दिया।

## नोमान अली का कहर, पाकिस्तान ने दूसरे टेस्ट में इंग्लैंड को 152 रन से हराया

**मुल्तान (एजेंसी)।** बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद नोमान अली (आठ विकेट) की घातक गेंदबाजी की बदौलत पाकिस्तान ने दूसरे टेस्ट मैच में इंग्लैंड को 152 रन से हरा दिया है। इसी के साथ पाकिस्तान ने तीन मैचों की सीरीज 1-1 से बराबरी कर ली। पाकिस्तान ने गुरुवार को दूसरी पारी में आगा सलमान के (63) अर्द्धशतक की मदद से 221 रन बनाकर इंग्लैंड़ को जीत के लिए 297 रनों का लक्ष्य दिया था। दूसरी पारी में 36 रन पर दो विकेट खोकर संकट से जूझ रही इंग्लैंड को आज नोमान अली ने 144 पर ढ़ेकर पाकिस्तान को 152 रन से जीत दिला दी।



आज सुबह के सत्र में एन अली ने जो रूट (18) को आउट इंग्लैंड को चौथा झटका दिया। इसके बाद 20वें ओवर में अली ने हैरी ब्रूक (16) को भी पवेलियन भेज दिया। जेम्स स्मिथ (6), कप्तान बेन स्टोक्स (37), बाइडन कार्स (27), जैक लीच (एक) और शोएब बशीर (शून्य) को भी एन अली ने अपना शिकार बनाया। पाकिस्तान ने इंग्लैंड की पूरी टीम को 33.3 ओवर में 144 रन पर समेट दिया। पाकिस्तान की ओर से नोमान अली ने 16.3 ओवर में 46 रन देकर आठ विकेट लिये। साजिद खान को दो विकेट मिले।

इससे पहले पाकिस्तान ने कामरान (118) रनों की शतकीय और सईम अयूब (77) रनों की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत पहली पारी में 366 का स्कोर खड़ा किया। जिसके जवाब में इंग्लैंड के बेन डकेट (114) शतकीय पारी खेली। शेष कोई बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सका और इंग्लैंड की पारी 67.2 ओवर में 291 रन पर सिमट गई। इसके बाद पाकिस्तान दूसरी पारी मे 221 रन ही बना सका हालांकि उसे पहली पारी के आधार पर 75 रनों की बढ़त मिली थी और उसने इंग्लैंड को जीत के लिए 297 रनों का लक्ष्य दिया।

## ऋषभ पंत के बाद यशस्वी जायसवाल भी बेंगलुरु टेस्ट में चोटिल

**बेंगलूर (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड के खिलाफ बेंगलुरु में पहले टेस्ट में गुरुवार को विकेटकीपिंग करते समय घुटने में चोट लगने के कारण ऋषभ पंत को मैदान से बाहर जाना पड़ा और शुक्रवार को तेज कैच लेने के दौरान यशस्वी जायसवाल के अंगूठे में चोट लगने के बाद भारत की चिंता बढ़ गई। मैच के तीसरे दिन मोहम्मद सिराज के गेंदबाजी करते समय खड़े जायसवाल को डेरिल मिशेल के बल्ले से एक किनारा लगा जो भारतीय सलामी बल्लेबाज की तरफ गया। उन्होंने तुरंत मुंह बनाया और हाथ हिलाया, फिर उन्हें चिकित्सा के लिए मैदान से बाहर ले जाया गया।



जायसवाल की जगह अक्षर पटेल को मैदान में उतारा गया। हालांकि बाद में जायसवाल अपने बाएं अंगूठे पर भारी टेप लगाकर मैदान पर लौटे, जिससे भारत की चिंता कम हुई। इससे पहले शुक्रवार को खेल शुरू होने से पहले बीसीसीआई ने घोषणा की कि पंत अपनी चोट के बढ़ने के किसी भी जोखिम से बचने के लिए मैदान से बाहर रहेंगे, जो दिसंबर 2022 में कार दुर्घटना के बाद उनके घुटने का ऑपरेशन किया गया था।

## निशानेबाजी विश्व कप फाइनल में विवान को रजत, नरूका को कांस्य पदक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अनंतजीत सिंह नरूका के पुरुष स्कीट में कांस्य पदक के बाद विवान कपूर ने पुरुष ट्रैप स्पर्धा में रजत पदक जीता जिससे बृहस्पतिवार को यहां आईएसएसएफ विश्व कप निशानेबाजी फाइनल में भारत के पदकों की संख्या चार हो गई।

विवान ने फाइनल में 44 का स्कोर बनाया और वह चीन के स्वर्ण पदक विजेता यिंग की से पीछे रहे। तुर्की के टोल्गा एन टुंसर ने 35 के स्कोर से कांस्य पदक जीता।



विवान ने क्वालीफिकेशन दौर में 125 में से 120 अंक जुटाकर छह निशानेबाजों के फाइनल में जगह बनाई थी। इससे पहले राजस्थान के 26 वर्षीय नरूका ने छह निशानेबाजों के फाइनल में 43 के स्कोर के साथ तीसरा स्थान हासिल किया।

## शाकिब अल हसन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन, विदाई टेस्ट में खेलने पर बना सस्पेंस

**ढाका (एजेंसी)।** शाकिब अल हसन ने कहा है कि ढाका में उनके खिलाफ विरोध प्रदर्शनों के कारण वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी पहले टेस्ट के स्थल की यात्रा करने की संभावना नहीं रखते हैं। शाकिब को पहले टेस्ट के लिए बांग्लादेश की टीम में शामिल किया गया था, जो इस प्रारूप में उनका अंतिम प्रदर्शन



होने वाला था। शाकिब ने व्हाट्सएप के माध्यम से एक वेबसाइट से बातचीत में कहा, %मुझे नहीं पता कि मैं आगे कहां जा रहा हूं, लेकिन यह लगभग तय है कि मैं घर नहीं जा रहा हूं।

शाकिब ने पहले बांग्लादेश आने पर अपनी सुरक्षा के बारे में चिंता व्यक्त की थी, क्योंकि 5 अगस्त से अवामी लीग के नेताओं की गिरफ्तारी की गई है, जिस दिन उनकी सरकार ने 15 साल बाद सत्ता से इस्तीफा दे दिया था। शाकिब अपने गृहनगर मगुरा से संसद सदस्य थे। वह अशांति के दौरान कथित हत्या के लिए एफआईआर में नामित 147 लोगों में से एक थे। हालांकि मुख्य चयनकर्ता गाजी अशरफ हुसैन के अनुसार शाकिब पहले टेस्ट के लिए बांग्लादेश की टीम में बने हुए हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें शाकिब के बारे में बीसीबी से कोई और निर्देश नहीं मिले हैं। बुधवार को टीम की घोषणा करते समय चयनकर्ता हन्नान सरकार ने कहा कि उन्होंने शाकिब को अधिकारियों से ग्रीन सिग्नल मिलने के बाद चुना है।

अशरफ ने कहा, हमें बीसीबी या क्रिकेट संचालन समिति से कोई और निर्देश नहीं मिले हैं। फिलहाल यह रुका हुआ है। वह दुबई में ट्रांजिट में है। शाकिब को बांग्लादेश में सुरक्षित मार्ग का आश्वासन दिया गया था, बुधवार शाम से छात्रों ने उनके आगमन का विरोध करना शुरू कर दिया। खुद को मीरपुर छात्रो जनता के रूप में पहचानने वाले एक समूह ने बीसीबी को सूचित किया कि वे स्टेडियम में शाकिब की उपस्थिति का विरोध करेंगे। बुधवार शाम को देर से शाकिब को कथित तौर पर दुबई में इंतजार करने के लिए कहा गया, जहां वह न्यूयॉर्क से ट्रांजिट कर रहे थे। हालांकि शाकिब की फ्लाइट गुरुवार शाम को है, लेकिन उनके ढाका आने की संभावना नहीं है।

इस बीच मुख्य सलाहकार के उप प्रेस सचिव आजाद मजूमदार ने कहा कि देश लौटने का फैसला शाकिब पर निर्भर है। मजूमदार ने कहा, शाकिब कभी भी बांग्लादेश लौट सकते हैं।

## चलाओ तलवार - प्रेस कॉन्फ्रेंस में आते ही पत्रकारों से बोले रोहित शर्मा

**बेंगलूर (एजेंसी)।** भारत के कप्तान रोहित शर्मा गुरुवार को बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला के पहले टेस्ट के दूसरे दिन के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस के लिए आए तो उन्होंने कहा- चलाओ तलवार (अपने चाकू बाहर निकालो)।

दरअसल , भारतीय टीम पहली पारी में महज 46 रन ही बना पाई है। यह घरेलू मैदान पर भारत का अब तक का सबसे कम और इतिहास में तीसरा सबसे कम स्कोर है। रोहित दिन का खेल समाप्त होने के बाद जब प्रेस कांफ्रेंस में आए तो उन्हें पता था कि बहुत सारे सवाल तैयार होंगे। माहौल हल्का करने के लिए उन्होंने आते ही चलाओ तलवार बोल दिया। इस पर कांफ्रेंस में आए सभी पत्रकार हंस दिए।

बहरहाल, टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने



के फैसले पर रोहित ने कहा कि हमने सोचा कि पहले सत्र के बाद इससे सीमरों को ज्यादा मदद नहीं मिलेगी। वहां ज्यादा घास भी नहीं थी। हमें उम्मीद थी कि यह जितना निकला, उससे कहीं अधिक सपाट होगा। यह मेरी ओर से गलत निर्णय था और मैं पिच को ठीक से नहीं पढ़ सका। एक कप्तान के तौर पर 46 का यह स्कोर देखकर मुझे दुख हो रहा है क्योंकि यह पहले बल्लेबाजी करने का मेरा फैसला था। लेकिन साल में एक या दो बार ऐसे खराब कॉल आ जाती है। ऐसी पिच पर जहां सीमर्स के लिए सहायता थी और अब जब हम 46 रन पर आउट हो गए, तो आप कह सकते हैं कि शॉट चयन अच्छा नहीं था। यह एक बुरा दिन था। कभी-कभी आप कुछ करने की योजना बनाते हैं लेकिन उस पर अमल करने में असफल हो जाते हैं।

### पंत की चोट पर

ऋषभ पंत की चोट पर कप्तान रोहित ने कहा कि ऋषभ को बाएं घुटने पर चोट लगी है, जिसकी सर्जरी हुई थी। इसलिए उन्होंने एहतियात के तौर पर मैदान छोड़ दिया। उम्मीद है कि हम उन्हें कल मैदान पर वापस देख पाएंगे।

### विराट का बचाव किया

रोहित ने विराट कोहली को ऊपरी क्रम में भेजने के अपने फैसले का भी समर्थन किया और कहा कि स्टार बल्लेबाज शुभमन गिल की अनुपस्थिति में यह काम करने को तैयार था। लेकिन आज ऐसा

### क्षेत्ररक्षकों के लिए बुरा दिन

यह किसी भी टीम के साथ हो सकता है - एक बुरा दिन। आप लोगों के लिए भी ऑफिस में बुरे दिन आते हैं, है ना? पिछले दो टेस्ट मैचों में हमने अच्छे कैच पकड़े हैं। ऐसा होता है। यह एक खेल है और हर कोई अच्छा प्रदर्शन करना चाहता है।

### साल में एक या 2 खराब फैसले चलते हैं-

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने स्वीकार किया कि न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के दूसरे दिन टीम को 46 रन के न्यूनतम स्कोर पर सिमटते देखकर वह 'दुखी' हैं । बारिश के कारण पहले दिन का खेल रद्द होने के बाद दूसरे दिन रोहित ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया। भारत की पारी 31.2 ओवर में सिमट गई और पांच बल्लेबाज खाता भी नहीं खोल सके। रोहित ने दूसरे दिन के खेल के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि बतौर कप्तान 46 रन का स्कोर देखकर दुखी हूं क्योंकि पहले बल्लेबाजी का फैसला मेरा था। लेकिन साल में एक या 2 खराब फैसले चलते हैं। इससे पहले भारत में टीम का न्यूनतम टेस्ट स्कोर 75 रन था जो 1987 में वेस्टइंडीज के खिलाफ दिल्ली में बनाया था।

## संक्षिप्त समाचार

### फरीदाबाद में दर्दनाक हादसा, तेज धमाके से गिरी घर की छत; मलबे में दबकर तीन की मौत

**फरीदाबाद एजेंसी।** फरीदाबाद के भांकरी गांव में धमाका होने से एक दुकान के ऊपर बने एक कमरे की छत उड़ गई। इस हादसे में कमरे में सो रहे एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई है। मृतकों में दादा-दादी और उनका पोता शामिल है। पुलिस ने शवों को बीके अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है। अभी धमाके की पुख्ता वजह का पता नहीं चल सका है। सिलेंडर फटने से धमाका होना बताया जा रहा है। मलबे के नीचे दबने से मौत हो गई। शुक्रवार तड़के करीब 2:30 बजे अचानक दुकान के ऊपर बने कमरे में तेज धमाका हुआ। धमाके से कमरे की छत उड़ गई। कमरे के अंदर सो रहे 53 वर्षीय सरजीत और 50 वर्षीय उनकी पत्नी बबीता और उनके पौते 13 वर्षीय नकुल की मौत हो गई। इस हादसे में एक पशु की मौत हुई है। धमाके की वजह से आस-पड़ोस के घरों की खिड़कियों के शीशे टूट गए और वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गए। वहीं पड़ोस के एक घर की दीवार में भी नुकसान की सूचना है। धमाके की सूचना मिलने के बाद आस-पड़ोस के लोग जमा हो गए। सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हाइड्रा की मदद से मलबा हटाया और शवों को निकालकर बीके अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया। इस हादसे की पुख्ता वजह का पता नहीं चल सका है। अभी तक सिलेंडर की वजह से धमाका होने की बात सामने आ रही है। पुलिस की ओर से अभी धमाके की वजह की जानकारी नहीं दी गई है।

### मजदूर को झूठे केस में फंसाना पड़ा भारी, 4 लाख रुपये देना होगा मुआवजा

**मुंबई , एजेंसी।** बॉम्बे हाई कोर्ट की औरंगाबाद बेंच ने उस बिजनेसमैन पर जुर्माना लगाया है, जिसकी झूठी शिकायत के चलते एक मजदूर को 6 महीने जेल में काटने पड़े। अदालत ने कहा कि गलत पहचान के कारण व्यक्ति की स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार का उल्लंघन हुआ। ऐसे में शिकायतकर्ता को उसकी स्वतंत्रता में कटौती और आय के नुकसान के लिए 4 लाख 20 हजार रुपये का भुगतान करना होगा। फैसला सुनाते वक्त जज एसजी महरे की अगुवाई वाली पीठ ने भारत में जेलों की भीड़भाड़ और दयनीय स्थिति का भी जिक्र किया। इसे लेकर कहा गया, देश में भीड़भाड़ वाली जेलों में रहना बहुत दर्दनाक है। जेल और कैदियों की स्थिति दयनीय हो गई है। अत्यधिक भीड़ के चलते विचाराधीन कैदियों को अक्सर सोने की जगह नहीं मिलती और वे कई संक्रामक बीमारियों की चपेट में जाते हैं।
मजदूर की गिरफ्तारी साल 2023 में दर्ज एक मामले को लेकर हुई, जिसमें आरोप लगा कि उसने और 9 दूसरे लोगों ने गैरकानूनी सभा बनाई। इन्होंने शिकायतकर्ता पर तलवार, कुल्हाड़ी और अन्य हथियारों से हमला किया। आरोप यह भी था कि मजदूर ने उस पर देशी पिस्तौल से गोली चलाई थी। हालांकि, आरोपी लगातार इससे इनकार करता रहा। उसका कहना था कि घटना के समय वह महाराष्ट्र के अहमदनगर में था। उसके कॉल डेटा रिकॉर्ड से यह साबित हो सकता है। शिकायतकर्ता के बयान में कुछ विसंगतियां भी मिलीं। जैसे कि सीसीटीवी फुटेज में पहचाने गए व्यक्ति के पास बंदूक नहीं, बल्कि कुल्हाड़ी थी। हालांकि, मजदूर एक अन्य मामले में शामिल था जहां उसके पास से बंदूक बरामद हुई थी।

### मैं साधु नहीं; कैप्टन अजय यादव बोले- कांग्रेस में दो साल से चल रहा था अपमान

**गुरुग्राम , एजेंसी।** कांग्रेस पार्टी छोड़ने का ऐलान कर चुके वरिष्ठ नेता कैप्टन अजय यादव ने कहा है कि एक बार इस्तीफा स्वीकार हो जाए उसके बाद वह मीडिया के सामने आकर अपनी पूरी बात बताएंगे। अजय यादव ने कहा है कि दो साल से उन्हें कुछ नेता अपमानित कर रहे थे और उनके राजनीतिक करियर को भी खत्म करने की कोशिश की गई। कैप्टन ने कहा कि इस्तीफा स्वीकार हो जाने के बाद वह इन चीजों के बारे में विस्तार से अपनी बात बताएंगे। कैप्टन ने एक दिन पहले ही सोशल मीडिया के जरिए बताया कि उन्होंने अपना इस्तीफा पार्टी अध्यक्ष को भेज दिया है। कैप्टन ने शुक्रवार को एक्स पर कहा, मैं इंतजार कर रहा हूं कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे मेरा इस्तीफा स्वीकार कर लें।

## 5 करोड़ दो, वरना बाबा सिद्दीकी से भी बुरा हाल करेंगे

# लॉरेंस बिश्नोई गैंग के नाम पर सलमान खान को धमकी

**मुंबई , एजेंसी।**
बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद सलमान खान की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। उनके आवास के पास आने वाले और सेल्फी लेने वाले लोगों पर भी पुलिस की पैनी निगाहें हैं। इस बीच मुंबई ट्रैफिक पुलिस के व्हाट्सऐप पर धमकी भरे मैसेज मिले हैं, जिसमें सलमान खान से 5 करोड़ रुपये की मांग की गई है। नहीं देने पर बाबा सिद्दीकी से भी खराब मौत की बात कही गई है। मुंबई पुलिस ने यह जानकारी दी है। मुंबई पुलिस के हवाले से कहा, मुंबई ट्रैफिक पुलिस के वॉट्सऐप नंबर पर एक धमकी भरा मैसेज आया है, जिसमें अभिनेता सलमान खान से 5 करोड़ रुपए की मांग की गई है। मुंबई पुलिस ने कहा कि मैसेज भेजने वाले ने दावा किया है, इसे हल्के में न लें, अगर सलमान खान जिंदा रहना चाहते हैं और लॉरेंस बिश्नोई से दुश्मनी खत्म करना चाहते हैं तो उन्हें 5 करोड़ रुपए देने होंगे। अगर पैसे नहीं दिए गए तो सलमान खान की हालत बाबा सिद्दीकी से भी खराब होगी। इस मामले में जांच शुरू कर दी गई है। आपको बता दें कि हाल ही में बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान की





हत्या की कथित साजिश के सिलसिले में नवी मुंबई पुलिस ने लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी सुक्खा उर्फ सुखबीर बलबीर सिंह को पनवेल टाउन पुलिस (नवी मुंबई) की एक टीम ने बुधवार को हरियाणा के पानीपत से पकड़ा। अधिकारी ने कहा कि सुखबीर ने बिश्नोई गिरोह के सदस्यों को खान को कथित तौर पर मारने की सुपारी दी थी। उन्होंने कहा कि सुखबीर पाकिस्तान में बैठे अपने कथित आका डोगर के संपर्क में था। अधिकारी ने कहा कि सिंह ने बिश्नोई गिरोह के सदस्यों के साथ सलमान खान को मारने की कथित साजिश को अंजाम देने के लिए पाकिस्तान से एके-47, एम16 और एके92 जैसे हथियारों का इस्तेमाल करने की योजना बनाई थी। अधिकारी ने बताया कि नवी मुंबई पुलिस राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता और महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या के मामले में भी सुखबीर सिंह से पूछताछ करेगी।

## सपा भी महाविकास अघाड़ी का हिस्सा, हमें चाहिए 12 सीटें; अखिलेश की पार्टी की महाराष्ट्र में बड़ी डिमांड

**मुंबई, एजेंसी।**
महाराष्ट्र में सीट शेयरिंग को अंतिम रूप में देने में जुटी महाविकास अघाड़ी के सामने समाजवादी पार्टी ने बड़ी डिमांड रख दी है। सपा विधायक अबू आजमी द्वारा अखिलेश यादव से आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में अधिक से अधिक सीटों पर चुनाव लड़ने की अनुमति मांगने को लेकर एक ट्वीट किया गया है। उन्होंने कहा कि वे एनसीपी (एसपी), शिवसेना (यूबीटी) और कांग्रेस को याद दिलाना चाहते हैं कि अब देर हो रही है और अब समय आ गया है कि वे सामूहिक रूप से घोषणा करें कि गठबंधन के दल किन सीटों पर चुनाव लड़ेंगे।



इसके अलावा अबू आज़मी ने दावा किया कि उनका यह पोस्ट उन रिपोर्टों के बीच आया है कि कांग्रेस विधानसभा चुनावों के लिए अपने उम्मीदवारों की सूची घोषित करने वाली है। उन्होंने कहा, महा विकास अघाड़ी में बैठकें सिर्फ कांग्रेस, एनसीपी (एससीपी) और समाजवादी पार्टी के बीच हो रही हैं। छोटी पार्टियों के साथ बैठकें लंबित हैं।
उन्होंने स्पष्ट किया, मैंने सुना है कि कांग्रेस कुछ घोषणा करने वाली है। मैंने कहा कि उनके लिए यह जरूरी है कि वे हमें विश्वास में लें और हमें दी जाने वाली सीटों की संख्या के बारे में हमसे बात करें। इसलिए मैंने ट्वीट किया है। कोई नाराजगी नहीं है।
अबू आजमी ने कहा कि उनका यह पोस्ट ऐसे समय में आया है जब अखिलेश यादव और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी उमर अब्दुल्ला के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के लिए जम्मू-कश्मीर में थे। आजमी ने कहा कि उन्हें लगा कि उनके ट्वीट से सीटों के बंटवारे को लेकर चर्चा शुरू हो जाएगी क्योंकि केंद्र शासित प्रदेश में इंडिया गठबंधन के कई नेता मौजूद थे। आजमी ने कहा कि उन्होंने महाराष्ट्र चुनाव के लिए गठबंधन से 12 सीटों की मांग की है। उन्होंने कहा कि जिन सीटों की उन्होंने मांग की है उन पर कांग्रेस का कोई प्रभाव नहीं है। उन्होंने कहा, महाराष्ट्र में अगर एमवीए की कोई भी पार्टी चाहे वह कांग्रेस हो, एनसीपी (सपा) हो या शिवसेना (यूबीटी), समाजवादी पार्टी से बात किए बिना या उन्हें विश्वास में लिए बिना विधानसभा उम्मीदवारों की सूची जारी करती है तो इसका मतलब है कि वे समाजवादी पार्टी को एमवीए का हिस्सा नहीं मानते हैं। आपको बता दें कि महाराष्ट्र में 20 नवंबर को एक ही चरण में चुनाव होंगे। मतों की गिनती 23 नवंबर को होगी।

## उदयपुर में आदमखोर लेपर्ड को मारी गोली, इसी ने किया था 10 लोगों का शिकार

**उदयपुर एजेंसी।**
राजस्थान के उदयपुर में आदमखोर लेपर्ड को गोली मार दी गई है। अब तक वह 10 लोगों को मार चुका है। वन विभाग ने देखते ही गोली मारने के आदेश दिए है। हालांकि अधिकारियों ने आदमखोर की पुष्टि नहीं की है। शुक्रवार सुबह वन विभाग और पुलिस टीम ने एक लेपर्ड को गोली मार दी। लेपर्ड को शहर के नजदीक मदार इलाके में गोली मारी गई है।जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस तहसील इलाके में तेंदुए ने बीते करीब 1 महीने से आतंक मचा रखा था।एएसपी गोपाल सिंह मेवाड़ा की अगुवाई में टीम ने लेपर्ड को गोली मारी। सीआई शैतान सिंह, अजय, गिर्राज और देवी सिंह की टीम ने शू आउट किया। अधिकारियों के अनुसार, आदमखोर तेंदुए के शिकारी दांत या तो घिस जाते हैं या टूट जाते है। मौके पर पहुंचकर इसकी जांच की जाएगी. मदार से तेंदुए के शव को जांच के लिए सेंटर में भी भेजा जाएगा, जहां उसकी डिटेल्ड जांच हो सकेगी।
तेंदुए के हमले में यहां 10 लोगों की जान जा चुकी थी, जिसके बाद वन विभाग ने आदमखोर को देखते ही गोली मारने के आदेश जारी किए थे। इसके बाद से ही उसकी तलाश की जा रही थी, जिसमें आज सुबह सफलता मिल गई। तेंदुए को गोली मारने की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम मदार के लिए रवाना हो गई।
मौके पर पहुंचकर वन विभाग की टीम मारे गए तेंदुए की जांच करेगी। उसके बाद इसकी पुष्टि हो पाएगी कि जो तेंदुआ मारा गया है वो आदमखोर था या नहीं। इंसानों का शिकार करने वाले तेंदुए की पहचान कई तरह से की जाती है।

## 100 से ज्यादा फर्जी कंपनियां, 110 करोड़ की टैक्स चोरी; गुजरात के बाद गाजियाबाद में जीएसटी फ्रॉड

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
गुजरात में 200 से ज्यादा फर्जी कंपनियों ने फर्जी 'इनपुट टैक्स क्रेडिट' के जरिए सरकारी खजाने को नुकसान पहुंचाया। अब गाजियाबाद में भी ऐसा ही मामला सामने आया है। केंद्रीय माल एवं सेवाकर (सीजीएसटी) की टीम ने गुरुवार को फर्जी फर्म के जरिये 621 करोड़ रुपये के सामान की कागजी खरीद-फरोख्त कर 110 करोड़ रुपये की इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) वसूलने का खुलासा किया है।
मामले में सीजीएसटी टीम ने दो फर्जी फर्म संचालक और अवैध आईटीसी वसूली के मास्टरमाइंड गौरव तोमर के अलावा एक अन्य आरोपी छत्रपाल शर्मा को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने सौ अधिक फर्जी फर्म बना रखी थीं। केंद्रीय माल एवं सेवाकर टीम ने फर्जी कंपनियों के पंजीकरण के खिलाफ अभियान चला रखा है। इसके तहत टीम को फर्जी कंपनियों के पंजीकरण कराकर कागजी खरीद-फरोख्त और आईटीसी वसूली करने वालों के खिलाफ बड़ी सफलता मिली।




आयुक्त संजय लवानिया ने बताया कि कर अपवंचन शाखा ने गाजियाबाद के चंदर नगर स्थित देविका टावर के पते पर पंजीकृत मैसर्स एएनवीएस ट्रेडर्स नामक फर्म की जांच कराई। जांच के दौरान 110 करोड़ रुपये के आईटीसी क्लेम की जानकारी विभाग को मिली है। उन्होंने बताया कि दो वर्षों में सामान और सेवाओं का वास्तविक उत्पादन किए बिना फर्म ने 621 करोड़ रुपये के फर्जी बिल जारी किए। उन्होंने बताया कि 100 से अधिक फर्जी फर्म बनाकर 110 करोड़ के आईटीसी का लाभ लिया गया। इन फर्म का संचालन छत्रपाल शर्मा कर रहा था। उसने पत्नी आशा देवी के नाम पर जीएसटी का पंजीकरण करा रखा था। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि गौरव तोमर फर्जी फर्मों के पंजीकरण और प्रबंधन का रैकेट चला रहा था। गौरव मामले में बोगस फर्म के माध्यम से आईटीसी वसूलने का मास्टरमाइंड है। जांच के दौरान सीजीएसटी की टीम में अपर आयुक्त आलोक सिंह, संयुक्त आयुक्त अरुण कुमार द्विवेदी और निहारिका लाखा शामिल रहे।
आयुक्त संजय लवानिया ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि एक ही जीएसटी नंबर, मोबाइल नंबर, बैंक खाते और पेन कार्ड पर 100 से अधिक फर्जी फर्म पंजीकृत कराई गई थीं, जिनके माध्यम से इस पूरे रैकेट को चलाया जा रहा था। उन्होंने बताया कि मामले में कई महत्वपूर्ण दस्तावेज कब्जे में लिए गए हैं, जिनकी जांच करने के बाद टैक्स चोरी की पूरी जानकारी मिल सकेगी। इसके बाद कार्रवाई की जाएगी। सीजीएसटी टीम गौरव तोमर और छत्रपाल शर्मा को गिरफ्तार कर मेरठ ले गई है। वहां से दोनों को जेल भेजने की तैयारी है। इस पूरे मामले में सीजीएसटी ने करीब तीन माह तक कंपनियों के बोगस बिल और आईटीसी की जांच की थी, जिससे पूरे मामले का खुलासा हो सका है। हालांकि, जांच अब भी चल रही है।

## लाहौर में दुष्कर्म की वारदात के बाद हिंसा भड़की, एक छात्र की मौत; प्रदर्शनकारियों ने कॉलेज में लगा दी आग

**इस्लामाबाद , एजेंसी।** लाहौर में एक प्राइवेट कॉलेज की छात्रा से कथित दुष्कर्म की खबर पिछले दिनों इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित होने के बाद पाकिस्तान के पंजाब में हिंसा भड़क गई है। पुलिस के साथ झड़प में एक छात्र की मौत हो गई है। रावलपिंडी के विभिन्न कालेजों के आक्रोशित विद्यार्थी गुरुवार को सड़कों पर उतर आए और मुख्य राजमार्गों को अवरुद्ध कर दिया। उन्होंने लाहौर की कालेज छात्रा के साथ सुरक्षा गार्ड द्वारा कथित दुष्कर्म के खिलाफ प्रदर्शन किया। पुलिस ने एक कालेज की इमारत में तोड़फोड़ करने वाले प्रदर्शनकारियों पर आंसू गैस छोड़ी और गोलियां चलाईं। प्रेट्र के अनुसार रावलपिंडी में 250 छात्रों को गिरफ्तार किया गया। लगभग 200 छात्रों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है।पिछले चार दिनों से पंजाब प्रांत के विभिन्न हिस्सों में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। छात्रों और उनके प्रतिनिधि संगठनों ने पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम नवाज की सरकार पर घटना को दबाने का प्रयास करने का आरोप लगाया है, वहीं प्रांतीय सरकार ने दुष्कर्म की खबरों को फर्जी करार दिया है। पंजाब के गुजरात में बुधवार को प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प में सुरक्षा गार्ड की मौत हो



गई थी। छात्रों ने न्याय की मांग करते हुए झेलम, फैसलाबाद में प्रदर्शन किया था। गुरुवार को विरोध प्रदर्शन लाहौर, रावलपिंडी, गुजरात, अटक, सरगोधा और पंजाब के वेहारी जिलों तक फैल गया। इंसाफ स्टूडेंट फेडरेशन सहित कई छात्र संगठनों ने प्रदर्शनकारियों के साथ एकजुटता व्यक्त की है। इस बीच पुलिस ने इस सिलसिले में गुरुवार को एक यूट्यूबर को गिरफ्तार किया। यूट्यूबर पर सोशल मीडिया पर गलत सूचना फैलाने और छात्रों को हिंसा के लिए उकसाने का आरोप है। इस सप्ताह की शुरुआत में, लाहौर में पुलिस के साथ झड़प में दो दर्जन से अधिक कॉलेज छात्र घायल हो गए थे, जब वे पीड़िता के लिए न्याय की मांग करने के लिए रैली कर रहे थे, उन्होंने आरोप लगाया था।

## लंदन की ओर बढ़ रही थी एयर इंडिया की फ्लाइट, ब्रिटेन ने भेज दिया लड़ाकू विमान

**लंदन, एजेंसी।** पिछले तीन-चार दिन में 20 विमानों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है और धमकी के कारण कई विमानों को अलग-अलग जगहों पर लैंड करना पड़ा है। गुरुवार को भी ये सिलसिला जारी रहा। मुंबई से लंदन जा रहे एयर इंडिया के विमान को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद ब्रिटेन ने अपने लड़ाकू जहाज को आसमान में भेज दिया। रॉयल एयर फोर्स ने गुरुवार को एक टाइफून लड़ाकू विमान को एयर इंडिया के विमान को रोकने के लिए भेजा, जिसे बम धमकी मिली थी। हालांकि बाद में वह विमान सुरक्षित रूप से लंदन में उतरा। एयरलाइन अधिकारी के अनुसार, यह धमकी मुंबई से लंदन जा रहे एयर इंडिया के विमान को मिली थी। रॉयल एयर फोर्स के प्रवक्ता ने कहा, हम इस बात की पुष्टि कर सकते हैं कि रॉयल एयर फोर्स के क्यूआरए (क्विक रिएक्शन अलर्ट) टाइफून लड़ाकू विमान को आज दोपहर एक नागरिक विमान की जांच के लिए लॉन्च किया गया था। प्रवक्ता ने आगे कहा कि बिना किसी घटना के इंटरसेप्शन के बाद विमान को



उसकी मूल मंजिल की ओर बढ़ने की अनुमति दी गई। प्रवक्ता ने यह भी बताया कि अब यह मामला पूरी तरह से नागरिक अधिकारियों के नियंत्रण में है। एयरलाइन अधिकारी ने कहा कि फ्लाइट सुरक्षित रूप से लंदन के हीथ्रो एयरपोर्ट पर लैंड हो गई। इससे पहले इंग्लैंड के ईस्ट एंग्लिया क्षेत्र में एक तेज आवाज सुनाई दी, जो कि जेट विमानों के ऑपरेशनल कारणों से सुपरसोनिक गति से उड़ान भरने के दौरान उत्पन्न हुई थी।

## समाप्त हो जाएगा युद्ध ! बेंजामिन नेतन्याहू ने किया बड़ा एलान, मगर हमास के सामने रखी नई शर्त

**तेल अवीव , एजेंसी।**
इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बड़ा एलान किया है। उन्होंने हमास नेता याह्या सिनवार के मारे जाने के बाद गाजा के लोगों को संबोधित किया। इस दौरान नेतन्याहू ने कहा कि अगर हमास इजरायली बंधकों को वापस करने और हथियार डालने पर राजी हो जाता है तो कल युद्ध समाप्त हो जाएगा।
अब देखना यह होगा कि हमास क्या बेंजामिन नेतन्याहू के प्रस्ताव को मानता है? बता दें कि याह्या सिनवार को इजरायली सेना ने 17 अक्टूबर को ढेर किया। सिनवार 7 अक्टूबर 2023 को इजरायल में हुए आतंकी हमले का मास्टरमाइंड था। इजरायल ने ठीक एक साल 10 दिन बाद सिनवार को ढेर किया। उसके साथ दो अन्य आतंकी भी मारे गए हैं।
अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर एक वीडियो संदेश में बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि याह्या सिनवार मर चुका है। राफा में इजरायल के बहादुर सैनिकों ने उसे मार गिराया है। हालांकि यह गाजा में युद्ध का अंत नही हैं। मगर यह शुरुआत जरूर है। गाजा के लोगों के लिए मेरा सीधा संदेश है कि युद्ध कल समाप्त हो सकता है, लेकिन यह तब ही समाप्त होगा जब हमास अपने हथियार डाले। इजरायली बंधकों को वापस करे।
नेतन्याहू ने जानकारी दी है कि हमास ने गाजा में 101 लोगों को बंधक बना रखा है। इनमें इजरायल समेत 23 देशों के नागरिक शामिल



हैं। इजरायल इन सभी को वापस लाने को प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह भी कहा कि बंधकों को वापस लौटाने वालों की सुरक्षा की गारंटी इजरायल लेता है। नेतन्याहू ने बंधकों को पकड़ने वालों को भी चेतावनी जारी की है। उन्होंने कहा कि इजरायल लगातार उनका पीछा कर रहा है। बंधकों को नुकसान पहुंचाने वालों को इजरायल जरूर खोज निकालेगा। नेतन्याहू ने कहा कि हमारी आंखों के सामने ईरान समर्थित आतंक की धुरी ढह रही है।
**खत्म होगा आतंक का राज:** इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने आगे कहा कि नसरल्लाह चला गया। मोहसिन मारा गया। हानिया, दीफ और सिनवार ढेर हो चुका है। ईरान ने अपने और सीरिया, लेबनान व यमन के लोगों पर जो आतंक का राज थोपा है, वह खत्म हो जाएगा। उन्होंने कहा कि मध्य पूर्व में शांति और बेहतर भविष्य की चाहत रखने वाले लोगों को एकजुट होना चाहिए।
**हमास के हमले में 1200 की गई थी जान:** 7 अक्टूबर 2023 को हमास ने इजरायल पर इतिहास का सबसे बड़ा आतंकी हमला किया था। हमास के करीब 2500 आतंकियों ने पूरे इजरायल में लाशें बिछा दी थीं। इस आतंकी हमले में 1200 से अधिक इजरायली नागरिकों की जान गई थी। वहीं 250 से अधिक लोगों को बंधक बना लिया गया था। इसके बाद इजरायल ने हमास को खत्म करने की खसम खाई थी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129